Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 281वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 24 अंक : 05 दिसम्बर, 2023

**इसरो की वैज्ञानिक ललितांबिका और भारतीय लेखिका अर्शिया सत्तार फ्रांस द्वारा सम्मानित** : फ्रांस सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वैज्ञानिक डॉ. वी.आर. ललितांबिका और प्रशंसित अनुवादक व लेखिका डॉ. अर्शिया सत्तार को अपने शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया।



डॉ. अर्शिया सत्तार वी. आर. ललितांबिका

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ (Thierry Mathou) ने 29 नवम्बर, 2023 को बेंगलुरू में डॉ. ललितांबिका को **फ्रांस के शीर्ष नागरिक पुरस्कार 'लीजन डी' ऑनर'** (Légion d'Honneur) से सम्मानित किया। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम निदेशालय की पूर्व निदेशक ललितांबिका को यह फ्रांस और भारत के बीच अंतरिक्ष सहयोग में भागीदारी के लिए प्रदान किया गया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एएस किरण कुमार के बाद ललितांबिका दूसरी इसरो वैज्ञानिक हैं जिन्हें भारत-फ्रांस अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के 'लीजन डी'ऑनर' से सम्मानित किया गया है। कुमार को वर्ष 2019 में यह सम्मान दिया गया था।

बेंगलुरू में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास में एक विशेष समारोह में डॉ. अर्शिया सत्तार को **'नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एण्ड लेटर्स'** का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान एक अनुवादक और लेखक के रूप में साहित्य के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के साथ-साथ साहित्यिक रेजीडेंसी, संगम हाउस के निदेशक के रूप में साहित्य को बढ़ावा देने के लिए उनकी गहरी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 11 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 17 |
| आर्थिक परिदृश्य | 19 |
| प्रादेशिक परिदृश्य | 22 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 27 |
| खेल परिदृश्य (आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023) | 32 |
| 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में सम्पन्न | 38 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान | 40 |
| नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


नवीनतम कौन, क्या है ?
के लिए Scan करें


| सम्पादक | सम्पादकीय कार्यालय | इस अंक का मूल्य | स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक |
|---|---|---|---|
| **एल.सी. गुप्ता** | पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स<br>गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)<br>Mob. 8104919720 | **इस अंक का मूल्य** : 20/-<br>**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 240/-<br>**सदस्यता शुल्क** : पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें। | स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल. सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।<br>**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता** |


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

"A goal without a plan is just a wish." **- Antonine de Saint-Exupery**

एक प्रचलित लोक कथा है, जिसके अनुसार सफल होने की उत्कट इच्छा रखने वाला एक शिष्य अपने गुरु से सफलता पाने और हर समस्या का शीघ्र हल निकालने का अचूक उपाय बताने की विनती करता है। इस पर गुरु अपने शिष्य को उपाय बताने का आश्वासन देकर उसे पहले आश्रम की एक नटखट बकरी को खूँटे से बांधने को कहते हैं। शिष्य जैसे ही उस उद्दण्ड बकरी को खूँटे से बाधने लगा, वह उछल-कूद करने लगी। बहुत कोशिश के बाद भी जब बकरी शिष्य के काबू में नहीं आई तो शिष्य ने चतुरता से उसे पकड़ा और उसके पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद शिष्य ने बकरी को खूंटे से आराम से बांध दिया। शिष्य की बुद्धिमानी से प्रसन्न गुरु ने शिष्य से कहा कि ठीक इसी तरह किसी भी समस्या की जड़ को पकड़ लेने से बड़ी-से-बड़ी समस्या बहुत ही आसानी से हल हो सकती है। यही सफलता का मूल मंत्र है।

इस कहानी में सफलता का एक सूत्र मिलता है किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसकी मूलभूत प्रकृति को पहचानें और उसकी प्रमुख कठिनाई स्तर को जानें। इसके बाद उस लक्ष्य को साधने के लिए समुचित योजना बनाएँ और उसकी सबसे महत्वपूर्ण कड़ियों/बिन्दुओं के लिए नियोजित तैयारी के साथ काम में जुट जाएँ। स्मरण रखिए बिना पूर्व आवश्यक तैयारी के लक्ष्य साधने के लिए किए गए प्रयास शून्य में हाथ-पैर फैंकने से अधिक नहीं हैं, क्योंकि ऐसे प्रयासों का कोई परिणाम नहीं निकलता। इस तथ्य को अब्राहम लिंकन का कथन सटीक रूप से व्यक्त करता है- "Give me six hours to chop down a tree and I will spend the first four sharpening the axe."

योजना निर्माण के पश्चात् लक्ष्य प्राप्ति का अगला चरण होता है उस पर काम करना। हमारे प्रयास और अथक परिश्रम सफलता का सर्वोत्तम साधन है। लेकिन छोटी-बड़ी समस्याओं के सामने आ जाने से अपने प्रयासों को बीच में ही छोड़ नहीं देना चाहिए, बल्कि निरन्तर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारी सबसे बड़ी कमजोरी बीच में ही हार मान लेना है। सफल होने का सबसे निश्चित तरीका है कि हमेशा एक बार और प्रयास करने के लिए तैयार रहना। मार्टिन लूथर किंग जूनियर का कहना है कि ''यदि आप उड़ नहीं सकते हो, तो दौड़ो। यदि दौड़ नहीं सकते हो, तो चलो। यदि चल भी नहीं सकते हो, तो रेंगो। लेकिन हमेशा आगे बढ़ते रहो।'' आशय यह है कि समस्याओं के सामने घुटने नहीं टेकने हैं बल्कि उनका तोड़ निकालने का प्रयास करते हुए आगे बढ़ना है। छोटी-छोटी बाधाओं से निराश हो जाने वाले लोगों के लिए हरिवंश राय बच्चन जी ने सुन्दर प्रेरक पंक्तियाँ रची हैं–

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।।
जब तक न हो सफल, नींद चैन को त्यागो तुम, संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम।।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।।

स्मरण रखिए, भूतकाल में आपके कर्मों का परिणाम आपका वर्तमान है और वर्तमान में किए कर्म आपके भविष्य का निर्धारण करेंगे। इसलिए उठो, अपनी सुषुप्त शक्तियों को जाग्रत करो, सफलता के चरम को पाने के लिए कटिबद्ध होकर आगे बढ़ो और अपने स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करो, क्योंकि यह काम केवल और केवल आप ही कर सकते हैं।

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

### RPSC द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाएँ

- 7 जनवरी, 2024 : सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा, 2023
- 27-28 जनवरी, 2024 : आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2023
- 25 फरवरी, 2024 : सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा, 2023

### RSSB द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाएँ

- **21 जनवरी, 2024** : सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 फरवरी, 2024 (मॉर्निंग)** : संविदा नर्स (GNM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 फरवरी, 2024 (इवनिंग)** : संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **4 फरवरी, 2024** : कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **11 फरवरी, 2024** : कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 मार्च, 2024** : संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पर्यवेक्षक (महिला आँगनवाड़ी कार्यकर्ता) भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : उपकारापाल सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-III सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : जिलेदार (सिंचाई) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
# वन लाइनर

- 54वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में किस विख्यात भारतीय फिल्मकार को 'कांतारा' पर उनके कार्य के लिए विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया? **ऋषभ शेट्टी**
- इंडोनेशिया के सुंडा जलडमरूमध्य में स्थित किस ज्वालामुखी में 28 नवम्बर, 2023 को विस्फोट हुआ है? **अनाक क्राकाटाऊ ज्वालामुखी**
- सिल्क्यारा सुरंग हादसे का सम्बन्ध किस राज्य से है, जिसमें फँसे 41 श्रमिकों को 28 नवम्बर, 2023 को सुरक्षित बचा लिया गया? **उत्तराखण्ड**
- 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023' का आयोजन 10-17 दिसम्बर, 2023 को कहाँ किया जाएगा? **नई दिल्ली**
- 'प्रॉफेट सॉन्ग' किस लेखक का उपन्यास है, जिसके लिए उन्हें 'बुकर पुरस्कार 2023' से 26 नवम्बर, 2023 को सम्मानित किया गया? **पॉल लिंच (आयरलैण्ड)**
- 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023' रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में देश में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन किस राज्य में हुआ? **उत्तर प्रदेश**
- सर्वोच्च न्यायालय की वह पहली महिला न्यायाधीश जिनका 23 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया- **फातिमा बीवी**
- वर्ष 2022 का इंदिरा गांधी पुरस्कार 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के अतिरिक्त अन्य किस संस्था को संयुक्त रूप से 19 नवम्बर, 2023 को प्रदान किया गया? **ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (TNAI)**
- भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष सशस्त्र बल अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' के किस संस्करण का आयोजन 21 नवम्बर-11 दिसम्बर, 2023 को उमरोई छावनी (मेघालय) में किया जा रहा है? **14वाँ**
- 'डेविस कप 2023' के विजेता इटली ने यह खिताब कौनसी बार जीता है? **दूसरी बार**
- वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया परोपकारी सूची में शीर्ष स्थान किसे प्रदान किया गया है? **शिव नाडर**
- रूस द्वारा स्वयं को समझौते से अलग करने के बाद नाटो ने किस संधि के निलंबन की घोषणा नवम्बर 2023 में की है? **यूरोप में पारम्परिक सशस्त्र बलों पर संधि**
- भारत के वीरेन्द्र सहवाग व डायना एडुल्जी के अतिरिक्त श्रीलंका के किस पूर्व खिलाड़ी को ICC हॉल ऑफ फेम में नवम्बर 2023 में शामिल किया गया? **अरविंद डी सिल्वा**
- 42वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14-27 नवम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **भारत मंडपम, नई दिल्ली**
- भारतीय मूल के किस प्रसिद्ध ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक को पहले 'लाइफटाइम डिस्टर्बिंग द पीस अवॉर्ड' से 14 नवम्बर, 2023 को सम्मानित किया गया? **सलमान रुश्दी**
- प्रधानमंत्री द्वारा 'पीएम-जनमन' अभियान और 'पीएम-पीवीजीटी मिशन' 15 नवम्बर, 2023 को कहाँ से शुरू किया गया? **खूंटी (झारखण्ड)**
- आईसीसी के (13वें) क्रिकेट विश्व कप के विजेता ऑस्ट्रेलिया ने यह खिताब कौनसी बार जीता है? **6वीं बार**
- भारत के पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज जहाज का क्या नाम है, जिसे 3 नवम्बर, 2023 को झण्डी दिखाई गई? **कोस्टा सेरेना**
- आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2024 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' किसे घोषित किया गया? **विराट कोहली (भारत)**
- भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 9वाँ राष्ट्रीय स्तरीय प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास (NATPOLREX-IX) 24-25 नवम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **वाडिनार (गुजरात)**
- देशभर में 'विज्ञान और शांति का अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह 2023' कब मनाया गया? **9-14 नवम्बर, 2023**
- कोलंबो (श्रीलंका) स्थित अडाणी पोर्ट्स के किस प्रोजेक्ट में अमेरिका ने 553 मिलियन डॉलर निवेश की घोषणा की है? **कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल प्रोजेक्ट**
- मलेशिया में आयोजित '11वें (अंडर-21) सुल्तान ऑफ जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट' का खिताब जर्मनी ने किसे हराकर जीता? **ऑस्ट्रेलिया**
- गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने किस मछली को गुजरात की राज्य मछली नवम्बर 2023 में घोषित किया है? **घोल मछली**
- बैंकॉक में 16-25 नवम्बर, 2023 को आयोजित 'एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप' में भारत कुल कितने पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा? **9 पदक**
- 6 नवम्बर, 2023 को देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त का पदभार ग्रहण करने वाले हीरालाल सामरिया देश के कौनसे मुख्य सूचना आयुक्त हैं? **12वें**
- वर्ष 2023 की मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली शेन्निस पलासियोस किस देश से हैं? **निकारागुआ**
- गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त महाराष्ट्र ने इन खेलों में कुल कितने पदक हासिल किए? **कुल 228 पदक**
- हाल ही में फ्रांस के लोरेन में भूमि के नीचे खोजी गई 'सफेद हाइड्रोजन' को अन्य किस नाम से जाना जाता है? **जियोलॉजियो हाइड्रोजन**
- महिलाओं का डब्ल्यूटीए टूर फाइनल्स 2023 का एकल खिलाब पौलेण्ड की इगा स्वातेक ने किसे हराकर जीता? **जेसका पेगुला**
- कौनसा देश नवम्बर 2023 में 'अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' (ISA) का 95वाँ सदस्य बन गया है? **चिली**
- वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित 'बेलोन डि'ओर' (2023) अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया है? **लियोनल मेसी (अर्जेंटीना)**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- संयुक्त अरब अमीरात में विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024
- भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता
- नाटो ने यूरोप में पारम्परिक सशस्त्र बलों पर संधि को निलम्बित किया
- श्रीलंका के अडाणी पोर्ट्स में अमेरिका का 553 मिलियन डॉलर का निवेश
- भूटान नरेश की भारत यात्रा
- भारतीयों के लिए थाईलैण्ड में वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति
- विश्व बौद्धिक सम्पदा संकेतक रिपोर्ट 2023
- भारत और अमेरिका के मध्य 2+2 वार्ता
- शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत और यूएई के मध्य एमओयू
- भारत और इटली के बीच गतिशीलता और प्रवासन साझेदारी समझौता
- शेख हसीना बनीं विश्व की सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख
- केमैन आइलैंड्स एफएटीएफ की ग्रे सूची से बाहर
- प्रधानमंत्री मोदी व शेख हसीना ने किया तीन परियोजनाओं का उद्घाटन
- भारत को सुरक्षित देशों की सूची में शामिल करेगा ब्रिटेन

## संयुक्त अरब अमीरात में विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र

- संयुक्त अरब अमीरात ने विश्व के सबसे बड़े एकल-साइट सौर ऊर्जा संयंत्र '**अल धफरा सोलर फोटोवोल्टाइक इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोजेक्ट**' का उद्घाटन नवम्बर 2023 में किया है।
  - ✓ *यह संयन्त्र अबू धाबी शहर से 35 किमी. दूर स्थित है।*
- यह परियोजना अबू धाबी फ्यूचर एनर्जी कम्पनी (Masdar) और उसके साझेदार अबू धाबी नेशनल एनर्जी कम्पनी (TAQA), ईडीएफ रिन्यूएबल्स और जिन्कोपावर द्वारा विकसित की गई।
- अल धफरा सोलर फोटोवोल्टाइक इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोजेक्ट की क्षमता 2-गीगावाट है।
- इस संयंत्र से सालाना 2.4 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन होने की संभावना है।
- यह संयंत्र संयुक्त अरब अमीरात के स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- यह परियोजना यूएई के नेट ज़ीरो 2050 लक्ष्य के अनुरूप है, जो प्रति व्यक्ति आधार पर सौर ऊर्जा उत्पादन में इसके नेतृत्व को मजबूत करती है।
- संयुक्त अरब अमीरात ने इसका उद्घाटन संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP-28) से पहले किया गया है। यह सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में 30 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2023 तक दुबई में होगा।

## बाइडेन और जिनपिंग की रणनीतिक द्विपक्षीय वार्ता

- वैश्विक तनावों के मध्य अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता/यूएस-चीन सम्मेलन सैन फ्रांसिस्को में 15 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न हुई।
- **चर्चा के मुद्दे** : दो वैश्विक शक्तियों के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य सम्पन्न इस वार्ता में इजराइल-हमास युद्ध से लेकर, रूस-यूक्रेन संघर्ष और ताइवान का तनाव जैसे मुद्दे अहम रहे।
  - ✓ *बैठक के दौरान बाइडेन ने शी जिनपिंग से ताइवान में जनवरी 2024 में होने वाले चुनावों का सम्मान करने को भी कहा है।*
  - ✓ *दोनों नेताओं के बीच फेंटानिल ड्रग के उत्पादन और इसकी तस्करी रोकने को लेकर भी एक मुख्य चर्चा हुई।*
- **समझौता** : शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका और चीन में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। यह सैन्य-से-सैन्य संचार बहाल करना है। इससे अमेरिका और चीन की सेनाओं में मजबूत संचार हो सकेगा।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता

- भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता भारत की राजधानी नई दिल्ली में 20 नवम्बर, 2023 को आयोजित की गई।
  - ✓ *यह इन दोनों देशों के मध्य 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता का दूसरा संस्करण था।*
- भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों तथा रक्षा मंत्रियों ने भाग लिया।
- **प्रतिनिधित्व** : वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेशमंत्री एस. जयशंकर व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया, वहीं इसमें ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।
- **विषय** : उक्त मंत्रिस्तरीय वार्ता में दोनों देशों ने अपने रणनीतिक सम्बन्धों को रेखांकित करते हुए सूचना के आदान-प्रदान तथा इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस में अधिक सहयोग पर बल दिया।
  - ✓ *हाइड्रोग्राफी सहयोग तथा हवा-से-हवा में ईंधन भरने में सहयोग को लेकर क्रियान्वयन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा के अलावा अंडरवाटर टेक्नोलॉजी में अनुसंधान व रक्षा उद्योग में सहयोग पर चर्चा की गई।*

पिछली भर्तियों में टॉपर्स सहित सैकड़ों विद्यार्थियों का चयन

आप भी उठाएँ सफलता की दिशा में एक सही कदम ......

**Mother's Education Hub** ®

Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's

0141- 2711689

## चयनित एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ऑफलाइन बैच प्रारम्भ

A Complete Solution for All SSC, CDS & Railway Exams

MATHS Special,
English Special,
Reasoning Speical,
GK&GS Special
} = एक ही बैच में सम्पूर्ण समाधान **FOUNDATION BATCH**

Basic Concept | Tricks | Practice Advance Level MCQs

# SSC

## प्रत्येक सोमवार नये बैच प्रारम्भ

कहीं भी *Foundation Course* Join करने से पहले जाने ...

- Course Complete होगा या Only Pre का ?
- SSC Mains Practice Classes होती है क्या ? [Pre Only Qualify]
- Course Complete के बाद Practice Classes होती है क्या ?
- G.K और Computer की भी Practice Classes होती है क्या ?
- Maths & Reasoning में Speed Increase के लिए क्या किया जाता है ?
- English की भी Practice Classes होती है क्या ?
- Study Material Only Pre का होगा या Mains की Practice Booklets भी होगीं ?
- Study Material में P.Y.Q Booklets होती है क्या ?
- SSC Mains Practice Classes में कौन और कैसे पढ़ाया जाता है ?
- SSC Mains Test Series भी होती है क्या ?

SSC MAINS PRACTICE BOOKLETS



Head Office : 201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur-302018

**Ph.: 0141-2711689, 7073909991**

• Lalkothi : 9414748428 • Jhotwara : 7073909992 • Chomu : 9116151416 • Alwar : 7073909994, 7300051114

www.motherseducationhub.org

## क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024

- क्वाक्वेरेली साइमंड्स (Quacquarelli Symonds-QS) द्वारा वर्ष 2024 के लिए 'विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग : एशिया' (QS World University Rankings: Asia 2024) नवम्बर 2023 में जारी की गई।
- क्यूएस की इस रैंकिंग में चीन की 'पेकिंग यूनिवर्सिटी' को इस क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया है।

**रैंकिंग में शीर्षस्थ पाँच संस्थान**

| रैंक | संस्थान का नाम | देश |
|---|---|---|
| 1 | पेकिंग यूनिवर्सिटी | चीन |
| 2 | हांगकांग यूनिवर्सिटी | हांगकांग |
| 3 | नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर | सिंगापुर |
| 4 | नानयांग टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी | सिंगापुर |
| 5 | सिंघुआ यूनिवर्सिटी | चीन |

**रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल भारतीय संस्थान**

| रैंक | संस्थान का नाम | स्कोर |
|---|---|---|
| 40 | आईआईटी बॉम्बे | 67.2 |
| 46 | आईआईटी दिल्ली | 64 |
| 53 | आईआईटी मद्रास | 56.8 |
| 58 | भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू | 54.8 |
| 59 | आईआईटी खड़गपुर | 54.5 |
| 63 | आईआईटी कानपुर | 53.4 |

## नाटो ने यूरोप में पारम्परिक सशस्त्र बलों पर संधि को निलम्बित किया

- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) ने 'यूरोप में पारम्परिक सशस्त्र बलों पर संधि' (Treaty on Conventional Armed Forces in Europe–CFE) के औपचारिक निलम्बन की घोषणा की है।
- **कारण** : रूस ने स्वयं को इस समझौते से 7 नवम्बर, 2023 को अलग कर लिया था।
  - ✓ *रूस ने स्वयं के इस संधि से अलग होने के लिए उसकी सुरक्षा चिंता और नाटो (North Atlantic Treaty Organization–NATO) के विस्तार को जिम्मेदार बताया है।*

**सीएफई संधि : संक्षिप्त विवरण**

- 'यूरोप में पारम्परिक सशस्त्र बलों पर संधि' (Treaty on Conventional Armed Forces in Europe-CFE) एक प्रमुख शीत युद्ध-युग सुरक्षा संधि है।
- वर्ष 1990 में हस्ताक्षरित और वर्ष 1992 में पूरी तरह से अनुसमर्थित सीएफई संधि का उद्देश्य शीत युद्ध के दौरान आपसी सीमाओं के पास नाटो और वारसा संधि में शामिल देशों द्वारा पारम्परिक सशस्त्र बलों के जमाव को रोकना था।

## श्रीलंका के अडाणी पोर्ट्स में अमेरिका का 553 मिलियन डॉलर का निवेश

- अमेरिका, श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह स्थित अडाणी पोर्ट्स के 'कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल' (CWIT) प्रोजेक्ट में निवेश करेगा।
- इस सम्बन्ध में 'यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन' (U.S. International Development Finance Corporation–DFC) ने 'कोलंबो पोर्ट टर्मिनल परियोजना' में 553 मिलियन डॉलर के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा 8 नवम्बर, 2023 को की है।

**सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य**

- 'कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल' (Colombo West International Terminal-CWIT) प्रोजेक्ट की अवधि 35 वर्ष है, जिसमें अडाणी पोर्ट्स की 51% हिस्सेदारी है।
- यह पहली बार है जब अमेरिका अपनी एजेंसी के जरिए अडाणी ग्रुप के प्रोजेक्ट में हिस्सेदारी कर रहा है।
- कोलंबो बंदरगाह हिंद महासागर में सबसे बड़ा और सबसे व्यस्त ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है।

## भूटान नरेश की भारत यात्रा

- भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक अपनी 8 दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत् 3-10 नवम्बर, 2023 को भारत आए।
- भारत प्रवास के दौरान उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर द्विपक्षीय वार्ता की।

**सहमति/निर्णय :**

- भारत और भूटान क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के नए मार्गों पर चर्चा करने पर सहमत हुए हैं, जिसमें भूटान में गेलेफू तथा असम में कोकराझार के बीच 58 किमी. तक सीमा पार रेल लिंक का विकास शामिल है।
- भूटान के समत्से और पश्चिम बंगाल के चाय बागानों के क्षेत्र में बनारहाट के बीच लगभग 18 किमी. लम्बे दूसरे रेल लिंक की खोज करने की योजना पर सहमति हुई।
- बांग्लादेश के साथ भूटान के व्यापार के लिए हल्दीबाड़ी (पश्चिम बंगाल) - चिलाहाटी (बांग्लादेश) रेल मार्ग को एक अतिरिक्त व्यापार मार्ग के रूप में नामित करने पर सहमति।
- असम और भूटान के दक्षिण-पूर्वी जिलों के बीच दरंगा-समद्रुप जोंगखार सीमा को एक इमिग्रेशन चेक पोस्ट के रूप में नामित किया जाएगा।
- दादगिरी (असम) में मौजूदा भूमि सीमा शुल्क स्टेशन को आधुनिक 'एकीकृत चेक पोस्ट' (आईसीपी) में अपग्रेड किया जाएगा।

- भारतीय पक्ष ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए समर्थन बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
  - ✓ *12वीं पंचवर्षीय योजना के लिये भारत का ₹ 4,500 करोड़ का योगदान भूटान के कुल बाह्य अनुदान घटक का 73 प्रतिशत था।*

## भारतीयों के लिए थाईलैण्ड में वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति

- अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से, थाईलैण्ड ने भारत और ताइवान नागरिकों के लिए वीजा आवश्यकताओं को माफ कर दिया है।
- थाईलैण्ड सरकार के इस निर्णय के तहत् भारतीय और ताइवानी पर्यटक 10 नवम्बर, 2023 से 10 मई, 2024 के दौरान बिना वीजा के थाईलैण्ड में प्रवेश कर सकेंगे, और 30 दिनों तक वहाँ रह सकेंगे।

**सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य**

- ➢ मलेशिया, चीन और दक्षिण कोरिया के बाद लगभग 1.2 मिलियन आगमन के साथ भारत वर्ष 2023 में अब तक पर्यटन के लिए थाईलैण्ड का चौथा सबसे बड़ा स्रोत बाजार रहा है।
- ➢ इससे पहले श्रीलंका ने भारत सहित चीन, रूस, मलेशिया, जापान, इंडोनेशिया और थाईलैण्ड देशों के आगंतुकों के लिए अपनी वीजा-मुक्त प्रवेश पहल की घोषणा 24 अक्टूबर, 2023 को की थी।
- ➢ **थाईलैण्ड के प्रधानमंत्री** : श्रेथा थाविसिन

## विश्व बौद्धिक सम्पदा संकेतक रिपोर्ट 2023

- ➥ **रिपोर्ट का शीर्षक** : विश्व बौद्धिक सम्पदा संकेतक रिपोर्ट 2023 [World Intellectual Property Indicators (WIPI) Report 2023]
- ➥ **जारी करने वाली संस्था** : विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन (WIPO–World Intellectual Property Organisation)
- ➥ **जारी करने की तिथि** : 6 नवम्बर, 2023
- ➥ **सर्वाधिक पेटेंट आवेदन करने वाले शीर्ष पाँच राष्ट्र** : चीन, अमेरिका, जापान, कोरिया गणराज्य और जर्मनी।

- **वर्ष 2022 में वर्ष 2021 की तुलना में परिवर्तन—**

| आईपीराइट एप्लीकेशन | वर्ष 2021 | वर्ष 2022 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| पेटेंट | 3,400,500 | 3,457,400 | +1.7 |
| ट्रेडमार्क | 18,182,300 | 15,543,300 | -14.5 |
| औद्योगिक डिजाइन | 1,513,800 | 1,482,600 | -2.1 |
| पौधों की किस्म | 25,200 | 27,260 | +8.2 |

**रिपोर्ट के महत्वपूर्ण तथ्य**

- विश्व-भर के नव प्रवर्तकों ने वर्ष 2022 में लगभग 3.5 मिलियन पेटेंट आवेदन प्रस्तुत किए, जो कि एक रिकॉर्ड है।
- चीन के पेटेंट आईपी कार्यालय और यूरोपीय पेटेंट कार्यालय दोनों के आवेदन वैश्विक औसत से आगे निकल गए हैं।
- वैश्विक पेटेंट आवेदनों में से लगभग आधे चीन के इनोवेटर्स द्वारा दाखिल किए गए हैं।
- चीन (+3.1%), कोरिया गणराज्य (+1.9%) और अमेरिका (+1.1%) ने वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में अधिक आवेदन दायर किए।
  - ✓ *इस मामले में जर्मनी में –4.8 प्रतिशत तथा जापान में –1.6 प्रतिशत की कमी आई।*
- चीन और भारत के निवासियों द्वारा पेटेंट फाइलिंग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2022 में वैश्विक विकास के मुख्य ड्राइवर के रूप में उभरे हैं।
- वर्ष 2022 में **भारत के निवासियों द्वारा पेटेंट आवेदनों में 31.6 प्रतिशत की वृद्धि** हुई, जो किसी भी शीर्ष 10 पेटेंट फाइलर्स देश की तुलना में 11 साल की सबसे अधिक वृद्धि है।

## भारत और अमेरिका के मध्य 2+2 वार्ता

- भारत और अमेरिका के मध्य टू-प्लस-टू मंत्रिस्तरीय वार्ता (India-US 2+2 Ministerial Dialogue) भारत की राजधानी नई दिल्ली में 10 नवम्बर, 2023 को आयोजित की गई।
- '2+2' मंत्रिस्तरीय वार्ता के इस 5वें संस्करण में दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रियों ने भाग लिया।
- इस वार्ता में भारत की ओर से विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भाग लिया।
- अमेरिका की ओर से वहाँ के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन (Anthony Blinken) और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन (Lloyd Austin) ने भाग लिया।
- इस बैठक के दौरान द्विपक्षीय सम्बन्धों के अतिरिक्त हिन्द-प्रशांत क्षेत्र, इजराइल-हमास संघर्ष, चीन तथा यूक्रेन सहित अनेक मुद्दों पर बातचीत की गई।

## शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत और यूएई के मध्य एमओयू

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थानों के भीतर सहयोग बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- दोनों देशों के मध्य उक्त एमओयू (memorandum of understanding-MOU) पर हस्ताक्षर भारत के केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की यूएई यात्रा के दौरान 1 नवम्बर, 2023 को अबूधाबी में किए गए।

एमओयू के बारे में

- **एमओयू का उद्देश्य** : छात्र और संकाय की गतिशीलता, संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम, पाठ्यक्रम डिजाइन करना, पाठ्यक्रमों, क्षेत्रों में वैज्ञानिक और शैक्षिक प्रदर्शनियों का आयोजन और भागीदारी की सुविधा प्रदान करके दोनों देशों में शैक्षणिक संस्थानों के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को मजबूत करना।
- संयुक्त डिग्री और दोहरी डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश के लिए दोनों देशों के उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच अकादमिक सहयोग की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- सहमति-पत्र के तहत् एक संयुक्त कार्यसमूह का निर्माण किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता भारत और यूएई के शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि करेंगे।

## भारत और इटली के बीच गतिशीलता और प्रवासन साझेदारी समझौता

- भारत और यूरोपीय राष्ट्र इटली के मध्य गतिशीलता और प्रवासन साझेदारी समझौते (Mobility and Migration Partnership Agreement) पर 2 नवम्बर, 2023 को हस्ताक्षर किए गए।
- **उद्देश्य** : दोनों देशों के मध्य हुए इस समझौते का उद्देश्य श्रमिकों, छात्रों और पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही को सक्षम बनाना और अवैध प्रवासन की चुनौतियों का समाधान करना है।
  - ✓ *इससे अब भारतीय श्रमिकों, छात्रों और व्यवसायियों को इटली जाना काफी आसान हो जाएगा।*
- दोनों देशों के मध्य यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इटली प्रवास के दौरान इटली के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी के साथ एक व्यापक और सार्थक बैठक सम्पन्न हुई।

## शेख हसीना बनीं विश्व की सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख

- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को टाइम (TIME) मैगजीन ने अपने नवम्बर 2023 के अंक में विश्व की सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाली महिला प्रमुख के तौर पर अपनी कवर स्टोरी में प्रदर्शित किया है।
- शेख हसीना पहले वर्ष 1996 से 2001 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। उसके बाद वह वर्ष 2009 से अभी तक देश की प्रधानमंत्री हैं। इस तरह वे विश्व में सबसे लम्बे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाली महिला हैं।
- 'टाइम पत्रिका' की इस कवर स्टोरी के लेखक चार्ली कैम्पबेल ने लिखा है कि शेख हसीना (Sheikh Hasina) मार्गरेट थेचर और इंदिरा गांधी से ज्यादा बार चुनाव जीत चुकीं हैं।
- शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की जीडीपी वर्ष 2006 में 71 बिलियन डॉलर से बढ़कर वर्ष 2022 में 460 बिलियन डॉलर हो गई है, जिससे यह भारत के बाद दक्षिण एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## केमैन आइलैंड्स एफएटीएफ की ग्रे सूची से बाहर

- अंतर सरकारी निकाय 'फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स' (Financial Action Task Force-FATF) ने ऑफशोर टैक्स हैवेन केमैन आइलैंड्स (Cayman Islands) को 'ग्रे लिस्ट' से बाहर कर दिया है।
- **'ग्रे सूची' से हटाए गए अन्य देश** : मनी लॉड्रिंग विरोधी मानक निर्धारित करने वाले 'एफएटीएफ' ने केमैन के अलावा पनामा, जॉर्डन और अल्बीनिया को भी 'ग्रे सूची' से हटा दिया है।
- **'एफएटीएफ' की 'ग्रे सूची' में शामिल नया देश :** 'एफएटीएफ' ने 27 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित रिव्यू में **बुल्गेरिया** को 'ग्रे सूची' (grey list) में शामिल किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी व शेख हसीना ने किया तीन परियोजनाओं का उद्घाटन

- भारत और बांग्लादेश के बीच भारत की सहायता से तैयार तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना द्वारा 1 नवम्बर, 2023 को वर्चुअली किया गया।
- **उद्घाटन की गई विकास परियोजनाएँ** : अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल सम्पर्क; खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयन्त्र की इकाई-II

### अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक

- **भारतीय अनुदान** : ₹ 392.52 करोड़।
- यह 12.24 किमी. तक फैला है, जिसमें बांग्लादेश में 6.78 किमी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किमी. शामिल है।

### खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना

- **भारतीय रियायती ऋण सुविधा** : 388.92 मिलियन अमेरिकी डॉलर।
- इसमें मोंगला बंदरगाह को खुलना के मौजूदा रेल नेटवर्क से जोड़ने वाले लगभग 65 किमी. ब्रॉड गेज रेलमार्ग का निर्माण शामिल है।

### मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एमएसटीपीपी) :

- **भारतीय रियायती वित्तपोषण ऋण** : 1.6 बिलियन डॉलर
- **अवस्थिति** : रामपाल (खुलना डिवीजन, बांग्लादेश)
- **क्षमता** : 1320 मेगावाट (2×660)
- **परियोजना कार्यान्वयन** : बांग्लादेश-भारत मैत्री पॉवर कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा।
  - ✓ *यह एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पॉवर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 का संयुक्त उद्यम है*
- **उद्घाटन** : इकाई-I का सितम्बर 2022 (दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा)
  - ✓ *इकाई-II का 1 नवम्बर, 2023 (दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा)*

## भारत को सुरक्षित देशों की सूची में शामिल करेगा ब्रिटेन

- ब्रिटेन सरकार 8 नवम्बर, 2023 को घोषणा की है कि वह भारत को सुरक्षित देशों की सूची में शामिल करेगा। इसके बाद भारत से अवैध रूप से यूके जाने वाले नागरिकों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लग जाएगा।
- ब्रिटेन की गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन ने कहा कि लोगों को मौलिक रूप से सुरक्षित देशों से ब्रिटेन की खतरनाक और अवैध यात्रा करने से रोकना चाहिए।
- ब्रिटेन सुरक्षित देशों की सूची में भारत के अलावा जॉर्जिया को भी जोड़ेगा।
- इस सूची में अल्बानिया, स्विट्जरलैण्ड, यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र के देश शामिल हैं।

## International News InShort

### चिली अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का 95वाँ सदस्य

- चिली 'अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' (ISA)का 95वाँ सदस्य बन गया है। इस सम्बन्ध में चिली ने नई दिल्ली में आईएसए अनुसमर्थन का दस्तावेज 6 नवम्बर, 2023 को सौंपा।
- 'आईएसए' (International Solar Alliance–ISA) भारत और फ्रांस के द्वारा 30 नवम्बर, 2015 को पेरिस (फ्रांस) में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के पक्षकारों के सम्मेलन (COP-21) में शुरू किया गया था।

### सफेद हाइड्रोजन

- वैज्ञानिकों ने उत्तर-पूर्वी फ्रांस के लोरेन में भूमि के नीचे बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन के किस रूप की खोज की है, जो स्वच्छ ऊर्जा संसाधन का सबसे बड़ा ज्ञात भंडार बन सकता है।
- यह महत्वपूर्ण खोज फ्रांस के 'नेशनल सेंटर ऑफ साइंटिफिक रिसर्च' में डायरेक्टर दो वैज्ञानिक जैक्स पिरोनोन और फिलिप डी डोनाटो ने की है।
- सफेद हाइड्रोजन को **गोल्ड, प्राकृतिक या जियोलोजियो हाइड्रोजन** भी कहा जाता है।
- सफेद हाइड्रोजन रिसायकेबल है और इससे प्रदूषण नहीं होता है। इसीलिए इस हाइड्रोजन को सफेद कहा जाता है।
- रूस, ओमान, फ्रांस, माली और अन्य स्थानों पर भी सफेद हाइड्रोजन भंडार की खोज की गई है।

### मिका

- 'मिका' (Mika) एक एआई रोबोट (AI robot) है, जिसे कोलम्बिया की रम कम्पनी 'डिक्टाडोर' ने हाल ही में कम्पनी का सीईओ नियुक्त किया है।
- यह किसी वैश्विक कम्पनी के सीईओ के रूप में नियुक्त दुनिया का पहला एआई रोबोट है।
- 'मिका' को 'हैनसन रोबोटिक्स' और 'डिक्टाडोर' ने मिलकर तैयार किया है। हैनसन रोबोटिक्स ने ही लोकप्रिय ह्यूमनॉइड रोबोट 'सोफिया' (Sophia) भी बनाई थी।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

Current affairs Quest In Oneliner

- वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (Financial Action Task Force-FATF) का मुख्यालय कहाँ है, जिसकी टीम ने ऑन-साइट समीक्षा बैठकों के लिए नवम्बर 2023 में भारत का दौरा किया? **पेरिस**
- 17 नवम्बर, 2023 को द्वीपसमूह राष्ट्र मालदीव के 8वें राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के शपथ ग्रहण समारोह भारत की ओर से कौन शामिल हुआ था? **किरेन रिजिजू (केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री)**
- यूरेशिया के किस सबसे ऊँचे सक्रिय ज्वालामुखी में 1 नवम्बर, 2023 को विस्फोट हो गया, जिसके कारण रूस के कामचटका प्रायद्वीप में स्कूल बंद करने पड़े? **क्लुचेव्स्काया सोपका (Klyuchevskaya Sopka)**
- भारत और अमेरिका की चिंताओं के बावजूद किस चीनी अनुसंधान पोत ने कोलंबो पहुंचकर श्रीलंकाई समुद्र में अनुसंधान कार्य 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर, 2023 को किया? **शि यान 6 (Shi Yan 6)**
- तुर्किए से भारत जा रहे किस मालवाहक जहाज का यमन के हूती विद्रोहियों ने नवम्बर 2023 में अपहरण कर लिया? **गैलेक्सी लीडर**
- यूरेशिया के किस देश ने अपने आधुनिक, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के निर्माण की 100वीं वर्षगाँठ 29 अक्टूबर, 2023 को मनाई? **तुर्किए**
- चीनी राष्ट्रपति के विशेष दूत, स्टेट काउंसलर शेन यिकिन ने श्रीलंका यात्रा के दौरान अपने किस गलियारे को श्रीलंका तक विस्तार देने का संकेत 20 नवम्बर, 2023 को दिया? **चीन-म्यांमार आर्थिक गलियारा (सीएमईसी)**
- नेपाल में हजारों नागरिकों ने देश में राजशाही की पुनर्स्थापना की माँग करते हुए 23 नवम्बर, 2023 को प्रदर्शन किया। नेपाल में राजशाही का अंत कब हुआ था? **28 मई, 2008**
- किस देश ने नई दिल्ली में अपने दूतावास स्थायी रूप से बंद करने की घोषणा 23 नवम्बर, 2023 को की? **अफगानिस्तान**
- हाल ही में 14वीं उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट 2023 (Emissions Gap Report 2023) किसने जारी की है? **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी)**
- अमेरिका और पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित किस देश के मध्य 17 नवम्बर, 2023 को एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो अमेरिका द्वारा इस देश को परमाणु प्रौद्योगिकी और सामग्री निर्यात करने की अनुमति देता है? **फिलीपींस**
- 2 नवम्बर, 2023 को '2023 जलवायु सेवाओं की स्थिति : स्वास्थ्य' (2023 State of Climate Services: Health) नामक रिपोर्ट किसने ने जारी की? **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)**



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- ▶ भारत का 54वाँ फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न
- ▶ प्रधानमंत्री द्वारा 'पीएम पीवीटीजी मिशन' लॉन्च
- ▶ दुनिया के सबसे ज्यादा टीबी मरीज भारत में : डब्ल्यूएचओ
- ▶ हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023
- ▶ अयोध्या दीपोत्सव में बना गिनीज रिकॉर्ड
- ▶ कोझिकोड और ग्वालियर यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल
- ▶ विशेष राज्य का दर्जा देने की माँग का प्रस्ताव बिहार कैबिनेट में पारित
- ▶ सर्वे ऑफ इंडिया और जेनेसिस इंटरनेशनल में साझेदारी समझौता
- ▶ भारत में पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज लाइनर के घरेलू नौचालन को झंडी
- ▶ डॉक्टरों के लिए लागू होगा 'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन'

## भारत का 54वाँ फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न

- भारत का 54वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (International Film Festival of India—IFFI) गोवा के पणजी में 20-28 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ।




- पणजी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में एशिया के सबसे प्राचीन व देश के सबसे बड़े इस फिल्मोत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया।
  - ✓ *यह लगातार 20वाँ वर्ष है जब भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन गोवा में हुआ है।*

**54वाँ भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : एक नजर में**

- **महोत्सव के उद्घाटन समारोह की फिल्म** : कैचिंग डस्ट (Catching Dust); निर्देशक : स्टुअर्ट गैट (Stuart Gatt); यूके।
- **महोत्सव की मिड-फेस्ट फिल्म** : अबाउट ड्राई ग्रासेज (About Dry Grasses); निर्देशक : नूरी बिल्गे सीलन (Nuri Bilge Ceylan); फ्रांस।
- **महोत्सव के समापन समारोह की फिल्म** : द फीदरवेट (The Featherweight); निर्देशक : रॉबर्ट कोलोड्नी (Robert Kolodny); संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **'भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए विशेष मान्यता'** (Special Recognition for Contribution to Bharatiya Cinema) **पुरस्कार** : माधुरी दीक्षित।
- **आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी मेडल**
  - ✓ ***एंथनी चेन** द्वारा निर्देशित फ्रेंच, ब्रिटिश और ग्रीक सह-निर्माण से बनी फिल्म **ड्रिफ्ट** को।*
- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म का स्वर्ण मयूर (Golden Peacock)** : अब्बास अमीनी (Abbas Amini) द्वारा निर्देशित फारसी फिल्म 'एंडलेस बॉर्डर्स' (Endless Borders) को।
  - ✓ *स्वर्ण मयूर के साथ ₹40 लाख की राशि उन्हें प्रदान की गई।*
- **रजत मयूर**
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** : *बुल्गारिया के निर्देशक स्टीफन कोमांडेरेव को उनकी फिल्म 'ब्लागाज लेसंस' के लिए।*
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** : *ईरानी अभिनेता पौरिया रहीमी (फिल्म 'एंडलेस बॉर्डर्स' के लिए)।*
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** : *मेलानी थिएरी (फिल्म 'पार्टी ऑफ फूल्स' के लिए)।*
    - ⌗ *इन्हें रजत मयूर के साथ क्रमशः ₹10-10 लाख की राशियाँ इन पुरस्कारों के लिए दी गईं।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय सिनेमा में उनकी उत्कृष्टता के लिए सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड :** हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस को।
- **ज्यूरी का विशेष पुरस्कार**
  - ✓ *विख्यात भारतीय फिल्मकार, अभिनेता और लेखक **ऋषभ शेट्टी** को 'कांतारा' पर उनके बेमिसाल कार्य के लिए। (रजत मयूर पदक, ₹15 लाख और एक प्रमाण-पत्र)*
- **सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म का पुरस्कार**
  - ✓ *रेगर आजाद काया को उनकी फिल्म 'व्हेन द सीडलिंग्स' के लिए।*
- **पहला सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार-2023** : दीपक कुमार मिश्रा द्वारा निर्देशित हिन्दी-कॉमेडी ड्रामा सीरीज 'पंचायत सीजन-2' को।

## प्रधानमंत्री द्वारा 'पीएम पीवीटीजी मिशन' लॉन्च

- ➥ **मिशन का पूर्ण रूप** : 'प्रधानमंत्री विशेष कमजोर जनजातीय समूह (पीएम पीवीटीजी) विकास मिशन' (Pradhan Mantri Particularly Vulnerable Tribal Groups (PM PVTG) Development Mission)
- ➥ **लॉन्च** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झारखण्ड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर, 2023 को।

मिशन के बारे में

- 'पीएम पीवीटीजी विकास मिशन' के तहत् पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।
  - ✓ *इसके अलावा पीएमजेएवाई, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम जनधन योजना आदि के लिए अलग से पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी।*
- उल्लेखनीय है कि देश के 18 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी 22,544 गाँवों (220 जिलों) में रहते हैं, जिनकी आबादी लगभग 28 लाख है।

**शुरू की गई अन्य पहलें**

- **विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ** : भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं को पूर्णता प्रदान हेतु लोगों तक पहुँच बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह यात्रा 25 जनवरी, 2024 तक देश-भर के सभी जिलों को कवर करेगी।
- **पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन)** : 'पीएम-जनमन' (PM Janjati Adivasi Nyaya Maha Abhiyan 'PM- JANMAN') के तहत् सरकार आदिवासी समूहों और आदिम जनजातियों तक पहुँचेगी, जिनमें से अधिकांश अभी भी जंगलों में रहते हैं।
  - ✓ *महा अभियान पर व्यय राशि : ₹ 24,000 करोड़।*
  - ✓ *सरकार ने 75 ऐसे आदिवासी समुदायों और आदिम जनजातियों की पहचान की है जो देश के 22 हजार से अधिक गाँवों में रहते हैं।*
- इस अवसर पर 'पीएम-किसान सम्मान निधि योजना' की **15वीं** किस्त भी जारी की गई।

## दुनिया के सबसे ज्यादा टीबी मरीज भारत में : डब्ल्यूएचओ

- ➡ **रिपोर्ट का शीर्षक** : वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2023 (Global TB Report 2023)
- ➡ **जारी करने वाली संस्था** : विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO)
- ➡ **जारी करने की तिथि** : 7 नवम्बर, 2023

- डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2023' के अनुसार 2022 में विश्व में पाए गए टीबी (Tuberculosis-TB) के कुल मामलों में से चौथा मामला भारत में पाया गया।

**रिपोर्ट के प्रमुख बिन्दु**

- वर्ष 2022 में दुनियाभर में एक करोड़ से ज्यादा लोग टीबी की चपेट में आए. इनमें से 27% भारतीय थे।
- उपचार कवरेज (treatment coverage) में सुधार अनुमानित टीबी मामलों के 80% तक पहुँच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19% अधिक है।
- वर्ष 2015 के बाद से टीबी के मामलों में 16% और टीबी मृत्यु दर में 18% की कमी आई है।

**रिपोर्ट में वैश्विक स्थिति**

- टीबी के मामलों में भारत के बाद इंडोनेशिया (10 प्रतिशत) और चीन (7.1 प्रतिशत) का स्थान आता है।
- फिलीपींस में 7%, पाकिस्तान में 5.7%, नाइजीरिया में 4.5%, बांग्लादेश में 3.6% और कॉन्गो में 3% मरीज सामने आए।
- कोविड-19 के बाद टीबी दूसरी सबसे ज्यादा जानलेवा संक्रामक बीमारी है।
- वर्ष 2022 में पूरी दुनिया में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के अब तक के सर्वाधिक 75 लाख मामले आए।
- वर्ष 2022 में टीबी से कुल 1.3 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई (एचआईवी से पीड़ित 1,67,000 लोगों सहित)।
- वर्ष 2022 में, दुनिया भर में अनुमानित 10.6 मिलियन लोग तपेदिक (टीबी) से बीमार पड़े।
- वर्ष 2022 में दवा प्रतिरोधी टीबी से पीड़ित केवल 5 में से 2 लोगों को ही इलाज मिल सका।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2030 तक टीबी महामारी को समाप्त करना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्वास्थ्य लक्ष्यों में से एक है।

## हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023

- ★ **शीर्षक** : हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023 (Hurun India Philanthropy List 2023)
- ★ **जारीकर्ता** : हुरुन इंडिया और एडेलगिव (Hurun India and EdelGive)
- ★ **जारी करने की तिथि** : 2 नवम्बर, 2023
- ★ **शीर्ष स्थान** : शिव नादर

- वार्षिक रूप से जारी की जाने वाली 'एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रोपी लिस्ट' के वर्ष 2023 के संस्करण में एचसीएल के को-फाउंडर शिव नाडर ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।
  - ✓ *उन्होंने वित्त वर्ष 2023 में ₹ 2,042 करोड़ अर्थात् ₹ 5.6 करोड़ प्रति दिन दान किए।*

**सूची में शामिल शीर्ष पाँच परोपकारी**

| रैंक | नाम | दानराशि (₹ करोड़ में) | कम्पनी |
|---|---|---|---|
| 1 | शिव नादर और परिवार | 2,042 | एचसीएल टेक्नोलॉजीज |
| 2 | अजीम प्रेमजी और परिवार | 1,774 | विप्रो |
| 3 | मुकेश अंबानी और परिवार | 376 | रिलायंस इंडस्ट्रीज |
| 4 | कुमार मंगलम बिड़ला और परिवार | 287 | आदित्य बिरला |
| 5 | गौतम अडानी और परिवार | 285 | अदानी |

### भारत के परोपकारियों की सूची : महत्वपूर्ण तथ्य

- इस सूची में 119 दानवीरों को शामिल किया गया है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2023 में ₹ 8,445 करोड़ का दान दिया।
- जीरोधा (Zerodha) के निखिल कामथ सबसे युवा दानवीर बन गए हैं, वह ₹ 110 करोड़ के दान के साथ सूची में 12वें स्थान पर हैं।
- शीर्ष भारतीय परोपकारियों में सात महिलाएँ शामिल हैं, जिनमें ₹ 170 करोड़ के दान के साथ रोहिणी नीलेकणि (10वाँ स्थान) सबसे आगे हैं।
- वर्ष 2023 की सूची में इंफोसिस के को-फाउंडर के. दिनेश सहित 25 नए लोग शामिल किए गए हैं।
- इस वर्ष, सूची में अपनी व्यक्तिगत संपत्ति से दान देने वालों को श्रेणीबद्ध किया गया है, इसमें शिव नाडर शीर्ष पर हैं।

## विशेष राज्य का दर्जा देने की माँग का प्रस्ताव बिहार कैबिनेट में पारित

- बिहार कैबिनेट की बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की माँग का प्रस्ताव 22 नवम्बर, 2023 को पारित कर दिया गया। इस प्रस्ताव को अब केन्द्र सरकार के पास विचारार्थ भेजा गया है।
  - ✓ *मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि उनकी सरकार द्वारा किए गए जातिगत सर्वेक्षण के परिणाम की वजह से नई माँग जरूरी हो गई है।*
- **प्रस्ताव का आधार—**
  - ✓ *बिहार में गरीब परिवारों की संख्या 34.13 प्रतिशत है।*
  - ✓ *राज्य में 63.74 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय मात्र ₹ 10 हजार तक है।*
  - ✓ *94.42 लाख परिवारों की मासिक आय ₹ 6 हजार है।*
- उपर्युक्त प्रस्ताव के साथ ही बिहार कैबिनेट द्वारा बिहार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संशोधन विधेयक को संविधान की नौवीं अनूसूची में डालने के लिए केन्द्र से आग्रह किया गया, जिससे इसकी न्यायिक समीक्षा ना हो।

**पृष्ठभूमि**

- ➢ बिहार सरकार की माँग पर तत्कालीन केन्द्र सरकार ने इसके लिए रघुराम राजन कमेटी भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट सितम्बर, 2013 में प्रकाशित हुई थी।
- ➢ मई 2017 में भी बिहार सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा था।

### आरक्षण (संशोधन) अधिनियम - 2023

- बिहार की नीतीश कुमार सरकार द्वारा राज्य में जाति आधारित जनगणना के आँकड़े जारी करने के बाद 'आरक्षण संशोधन बिल 2023' बिहार विधानसभा में पेश किया गया, जिसे विधानसभा द्वारा 9 नवम्बर, 2023 को पारित कर दिया गया।
- इस संशोधन बिल से राज्य में आरक्षण सीमा 50% से बढ़कर 65% हो गई है। इसमें ईडब्ल्यूएस के 10% जोड़ने से यह 75% हो गया है।

**बिल पारित होने के बाद आरक्षण स्थिति**

| वर्ग | पूर्व में आरक्षण स्थिति | वर्तमान में आरक्षण स्थिति |
|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 16% | 20% |
| अनुसूचित जनजाति | 1% | 2% |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 18% | 25% |
| पिछड़ा वर्ग | 12% | 18% |

- इस प्रकार सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है।
- सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10% आरक्षण पूर्ववत् लागू रहेगा।
  - ✓ *इन सभी वर्गों के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है।*

## अयोध्या दीपोत्सव में बना गिनीज रिकॉर्ड

- श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में सातवें दीपोत्सव में एक ही स्थान पर एक साथ दीपक जलाने का सबसे बड़ा आयोजन करके एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है, जिसमें सरयू नदी के किनारे 22 लाख से अधिक दीये जलाए गए।
  - ✓ *इससे पहले इस रिकॉर्ड का धारक अयोध्या ही था, जब यहाँ वर्ष 2022 में 15.76 लाख दीप जलाए गए थे।*
- इस विश्व रिकॉर्ड को गिनीज बुक में स्थान दिया गया है, जिसका प्रमाण-पत्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा गया।

## कोझिकोड और ग्वालियर यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल

- 'विश्व शहर दिवस' 31 अक्टूबर, 2023 को 'यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क' (UNESCO Creative Cities Network–UCCN) में भारत के दो शहर–ग्वालियर और कोझिकोड को शामिल किया गया है।
- वस्तुतः संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) ने अपने क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में 55 नए शहरों को जोड़ने की घोषणा की है, जिनमें ग्वालियर और कोझिकोड को शामिल किया गया है।
- **श्रेणियाँ जिनमें भारतीय शहरों को स्थान मिला :** मध्य प्रदेश के **ग्वालियर ने 'संगीत'** श्रेणी में तथा केरल के **कोझिकोड को 'साहित्य'** श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया है।
  - ✓ *कोझिकोड यूनेस्को द्वारा 'साहित्य की नगरी' का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त करने वाला भारत का पहला शहर है।*

✓ *वर्ष 2015 में वाराणसी और वर्ष 2017 में चेन्नई के बाद यूनेस्को द्वारा 'संगीत की नगरी' के रूप में नामित होने वाला ग्वालियर भारत का तीसरा शहर है।*

### यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क

- यूनेस्को का रचनात्मक शहरों का नेटवर्क (UNESCO Creative Cities Network–UCCN) वर्ष 2004 में प्रारम्भ किया गया था।
- 'यूसीसीएन' का उद्देश्य उन शहरों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना है जो रचनात्मकता को अपने शहरी विकास में एक रणनीतिक कारक के रूप में पहचानते हैं।
- 'यूसीसीएन' सात रचनात्मक क्षेत्रों को कवर करता है, जिनमें– शिल्प और लोक कला, मीडिया कला, फिल्म, डिजाइन, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य एवं संगीत शामिल हैं।

न्यूज फैक्ट

➢ **'यूसीसीएन' में शामिल किए गए अन्य भारतीय शहर** : जयपुर (शिल्प एवं लोक कला, वर्ष 2015), वाराणसी (संगीत की नगरी, वर्ष 2015), चेन्नई (संगीत की नगरी, वर्ष 2017), मुंबई (फिल्म, वर्ष 2019) और हैदराबाद (गैस्ट्रोनॉमी, वर्ष 2019) तथा श्रीनगर (शिल्प एवं लोक कला, वर्ष 2021)।

## सर्वे ऑफ इंडिया और जेनेसिस इंटरनेशनल में साझेदारी समझौता

- देश के प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन, 'सर्वे ऑफ इंडिया' (Survey of India-SoI) ने भू-स्थानिक समाधान में विशेषज्ञता वाली अग्रणी भारतीय मानचित्रण कम्पनी 'जेनेसिस इंटरनेशनल' (Genesys International) के साथ नवम्बर 2023 में समझौता किया है।
- इसके साथ ही 'जेनेसिस' भारत में त्रि-आयामी (3डी) डिजिटल ट्विन्स-मैपिंग कार्यक्रम के निर्माण के लिए 'एसओआई' के साथ **सार्वजनिक-निजी समझौता स्थापित करने वाली पहली कम्पनी** बन गई है।
- **लक्ष्य** : इस साझेदारी का प्राथमिक लक्ष्य भारत के प्रमुख शहरों और कस्बों के डिजिटल ट्विन्स का विकास करना है।
- यह सहयोग भारत की 'राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022' के अनुरूप है, जो भू-स्थानिक डेटा उत्पादन और उपयोग में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने पर बल देती है।

न्यूज फैक्ट

➢ **सर्वे ऑफ इंडिया की स्थापना** : वर्ष 1767
➢ **भारतीय सर्वेक्षण का मुख्यालय** : देहरादून
➢ **सर्वे ऑफ इंडिया, भारत के महासर्वेक्षक** : हितेश कुमार एस. मकवाना

## भारत में पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज लाइनर के घरेलू नौचालन को झंडी

- केन्द्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मुम्बई से **भारत के पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज जहाज 'कोस्टा सेरेना'** (Costa Serena) की पहली समुद्री यात्रा को 3 नवम्बर, 2023 को झंडी दिखाई।
- यह '**देखो अपना देश**' पहल से प्रेरित है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय राज्यों और द्वीपों के पर्यटन स्थलों पर क्रूज गंतव्य विकसित करना है।
- 'कोस्टा क्रूज' के घरेलू नौचालन की शुरुआत इटली कार्निवल कॉर्पोरेशन का हिस्सा है, जो प्रतिष्ठित क्रूज ब्रांडों के साथ विश्व के सबसे बड़े क्रूज़िंग समूहों में से एक है।

## डॉक्टरों के लिए लागू होगा 'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन'

- देश में चिकित्सकों के लिए 'एक राष्ट्र, एक पंजीयन' (One Nation, One Registration) लागू किया जाएगा, इसके लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इसका पूरा खाका तैयार किया है।
- देश में 'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन' आगामी छह महीने में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा।

प्रोजेक्ट के बारे में

- **'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन'** के तहत् डॉक्टर की पहचान के लिए देश के हर डॉक्टर को **एक यूनिक आईडी** दी जाएगी।
- इसमें डॉक्टर से संबंधित सभी डॉक्युमेंट्स, कोर्स की ट्रेनिंग और उनके लाइसेंस के बारे में जानकारी मौजूद होगी।
- इस प्रक्रिया के तहत् डॉक्टर को दो बार आईडी जारी की जाएगी। पहली बार जब वह एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लेगा तो उसे अस्थायी नम्बर दिया जाएगा। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसे स्थायी नम्बर दिया जाएगा।
- वर्तमान में प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों को सीधे तौर पर स्थायी आईडी जारी की जाएगी।
- यूनिक आईडी मिलने के बाद कोई भी डॉक्टर देश के किसी भी राज्य में प्रैक्टिस के लिए सम्बन्धित राज्य मेडिकल काउंसिल से रजिस्ट्रेशन करा सकता है।

# National News InShort

### मणिपुर के सबसे पुराने हथियारबंद समूह के साथ शांति समझौता

- भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने हथियारबंद समूह, 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (United National Liberation Front-UNLF) के साथ शांति समझौते पर 29 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।

- वर्ष 1964 में गठित 'यूएनएलएफ' के साथ हुए इस समझौते पूरे पूर्वोत्तर, विशेषकर मणिपुर में शांति के एक नए युग की शुरूआत होगी।
- यह पहली बार है जब घाटी स्थित मणिपुरी हथियारबंद समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानून का सम्मान करने पर सहमत हुआ है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर

- केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों का नाम बदलने का फैसला किया है। इन्हें अब 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के नाम से जाना जाएगा।
- नए नाम वाले एबी-एचडब्ल्यूसी (Ayushman Bharat - Health and Wellness Centre) की नई टैगलाइन **'आरोग्यम् परमं धनम्'** होगी।

## मिट्टी कैफे

- देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने समावेशिता को बढ़ावा देने के क्रम में सुप्रीम कोर्ट परिसर में 'मिट्टी कैफे' का उद्घाटन 10 नवम्बर, 2023 को किया।
- सुप्रीम कोर्ट में संचालित इस पहले 'मिट्टी कैफे' (Mitti cafe) का संचालन एवं पूरा प्रबंधन दिव्यांगजनों द्वारा किया जाएगा।
- **पहल** : 'मिट्टी कैफे' बेंगलुरू के एक एनजीओ 'मिट्टी सोशल फाउंडेशन' की पहल का हिस्सा है, जो एनजीओ दिव्यांग लोगों को प्रशिक्षित करता है।
  - ✓ *इससे पहले बेंगलुरू में यह एनजीओ ऐसा ही कैफे खोल चुका है।*
- **मिट्टी कैफे की संस्थापक : अलीना आलम**

## विद्या समीक्षा केन्द्र

- गोवा, गुजरात और उत्तराखण्ड के बाद हिमाचल प्रदेश 'विद्या समीक्षा केन्द्र' शुरू करने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है।
- इस राज्य में 'विद्या समीक्षा केन्द्र' का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा 23 नवम्बर, 2023 को शिमला में किया गया।

### विद्या समीक्षा केन्द्र : मुख्य तथ्य


- 'राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षा वास्तुकला' (National Digital Education Architecture–NDEAR) के तहत् शिक्षा मंत्रालय राज्यों में 'विद्या समीक्षा केन्द्र' की स्थापना पर बल दे रहा है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है।
- 'विद्या समीक्षा केन्द्र' का उद्देश्य अधिगम के परिणामों में बड़ी उपलब्धि के लिए डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रयोग किया जाएगा।

## भारत-कनाडा सम्बन्ध

- 22 नवम्बर, 2023 को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए फिर से वीजा सर्विस शुरू कर दी है।
- सितम्बर 2023 में भारत और कनाडा के बीच तनाव के कारण दोनों देशों से राजनयिकों का निष्कासन हुआ था। इसके बाद भारत ने कनाडा के लिए वीज़ा सेवा निलंबित कर दी थी।
- 2 महीने के प्रतिबंध के बाद वीजा सर्विस फिर शुरू कर दी गई है।
- खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के बाद कनाडा ने भारत पर आरोप लगाए थे। इसके बाद भारत सरकार ने 21 सितम्बर को वीजा सेवा बंद कर दी थी।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- वाणिज्यिक संवाद संरचना के तहत् एक नवोन्मेषी समझौते के माध्यम से इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए भारत ने किस देश के साथ एक एमओयू 14 नवम्बर, 2023 को किया है? **अमेरिका**
- किस आईआईटी के पहले अन्तर्राष्ट्रीय परिसर का उद्घाटन जंजीबार द्वीप (तंजानिया) पर 6 नवम्बर, 2023 को किया गया? **आईआईटी मद्रास**
- संसद का आगामी शीतकालीन सत्र कब से शुरू होगा? **4 दिसम्बर 2023 से**
- एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने केरल राज्य के किस शहर में जल आपूर्ति सेवाओं के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 170 मिलियन डॉलर के पर्याप्त ऋण को मंजूरी नवम्बर 2023 में दी है? **कोच्चि**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय वायु सेना के किस युद्धक विमान में 25 नवम्बर, 2023 को उड़ान भरी? **तेजस**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त हो रही केन्द्र की किस मुफ्त राशन योजना को आगामी पाँच वर्ष के लिए बढ़ाने की घोषणा 4 नवम्बर, 2023 को की? **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना**
- मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा अपने घरेलू मैदान 'वानखेड़े स्टेडियम' में किस दिग्गज क्रिकेटर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण 1 नवम्बर, 2023 को किया गया? **सचिन तेंदुलकर**
- अमेरिका ने उसके यहाँ विभिन्न संग्रहालयों आदि में रखी हुई भारत की कितनी कलाकृतियों को लौटाने का प्रस्ताव किया है? **1440**
- उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले का नाम बदलकर क्या रखा जाएगा, जिसके लिए वहाँ के नगर निगम ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है? **हरिगढ़**
- पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा के निवासियों के लिए निजी नौकरियों में 75% आरक्षण अनिवार्य करने वाले किस कानून को भेदभावपूर्ण मानते हुए इसे 17 नवम्बर, 2023 को असंवैधानिक घोषित कर दिया? **हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार अधिनियम, 2020**



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### स्पेसएक्स द्वारा आईएसएस के लिए कार्गो मिशन लॉन्च

- अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कम्पनी 'स्पेसएक्स' के कार्गो ड्रैगन को अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station-ISS) के लिए 9 नवम्बर, 2023 को लॉन्च किया गया।
- स्पेसएक्स के कार्गो ड्रैगन (CRS-29 Dragon) का अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए यह 29वाँ मिशन था, जिसे **फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर** के पैड 39 से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।
- यह कार्गो ड्रैगन अपने साथ 2950 किग्रा. की आपूर्ति सामग्री और 'एडब्ल्यूई' (AWE–Atmospheric Waves Experiment) और 'इल्यूमा-टी' (ILLUMA-T) जैसे वैज्ञानिक प्रयोग उपकरणों को लेकर गया।
- स्पेसएक्स का 'ड्रैगन' एकमात्र ऐसा कार्गो वाहन है, जो आईएसएस से वापस आने में सक्षम है।

### अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय लॉन्च करेगा अपना खुद का सैटेलाइट

- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत् स्वयं का सैटेलाइट लॉन्च करेगा।
- इसके लिए इसे अंतरिक्ष विभाग के तहत् काम करने वाले भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केन्द्र (IN-SPACe) द्वारा मंजूरी दे दी गई है।
- **उपग्रह का नाम** : विश्वविद्यालय अपनी इस परियोजना में एएमयू (Aligarh Muslim University) के संस्थापक सर सैयद अहमद खान के नाम पर पहले उपग्रह (सैटेलाइट) कार्यक्रम 'एसएस एएमयू एसएटी' (SS AMU SAT) का विकास कर रहा है।

### तारों के जीवन चक्र के अध्ययन हेतु नासा द्वारा साउंडिंग रॉकेट लॉन्च

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' ने तारों के जीवन चक्र के अध्ययन के लिए एक साउंडिंग रॉकेट (Sounding Rocket) न्यू मेक्सिको में व्हाइट सैंड्स मिसाइल रेंज से 29 अक्टूबर, 2023 को लॉन्च किया।
- **मिशन** : नासा द्वारा यह साउंडिंग रॉकेट अपने 'इन्फ्यूज' (Integral Field Ultraviolet Spectroscope Experiment –INFUSE) मिशन के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया है।
- **उद्देश्य** : इन्फ्यूज मिशन का प्राथमिक उद्देश्य ब्रह्मांड में नई तारा प्रणालियों के निर्माण के बारे में हमारी समझ को विकसित करना है।
- **अध्ययन** : यह साउंडिंग रॉकेट 'सिग्नस लूप सुपरनोवा' (Cygnus Loop Supernova) का अध्ययन करेगा जो 20 हजार साल पुराने एक तारे का टुकड़ा है।
- उल्लेखनीय है कि 'सिग्नस लूप', जिसे 'वेइल नेबुला' (Veil Nebula) के नाम से भी जाना जाता है, एक विशाल तारे का अवशेष है जिसमें एक शक्तिशाली सुपरनोवा विस्फोट हुआ था।

### नॉर्थ कोरिया की पहली जासूसी सैटेलाइट

- नॉर्थ कोरिया की स्पेस एजेंसी नेशनल एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी एडमिनिस्ट्रेशन (NATA) ने 21 नवम्बर, 2023 को अपना पहला जासूसी उपग्रह लॉन्च किया।
- मालिगयॉन्ग-1 नाम के इस उपग्रह को उत्तर कोरिया के चोलसान से Chollima-1 रॉकेट से लॉन्च किया गया। सैटेलाइट लॉन्चिंग के 12 मिनट बाद ही पृथ्वी के ऑर्बिट तक पहुँच गया।
- सैटेलाइट को लॉन्च करने का यह तीसरा ट्रायल था, जो नॉर्थ कोरिया के मुताबिक सक्सेसफुल रहा।
  - *पहला ट्रायल मई 2023 में हुआ था, तब यह सैटेलाइट क्रैश हो गया था, जबकि दूसरा ट्रायल अगस्त 2023 में हुआ, जो तकनीकी खराबी के कारण फेल हो गया था।*
- उत्तर कोरिया इस सैटेलाइट के जरिए अमेरिका और साउथ कोरिया की सैन्य कार्रवाई पर नजर रखेगा।
- संयुक्त राष्ट्र (UN) ने नॉर्थ कोरिया पर परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों की टेस्टिंग को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं। इसके बावजूद नॉर्थ कोरिया वर्ष 2022 से लेकर अब तक 100 से ज्यादा मिसाइलों की टेस्टिंग कर चुका है।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### एलएसएएम 10 (यार्ड 78) का जलावतरण

- **जलावतरण** : भारतीय नौसेना की 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 10 (यार्ड 78)' का जलावतरण आन्ध्र प्रदेश में गुट्टेनादेवी, पूर्वी गोदावरी से (मैसर्स एसईपीपीएल का जलावतरण स्थल) 20 नवम्बर 2023 को किया गया।

- ✓ *यह 08 × मिसाइल सह गोला बारूद परियोजना की चौथी बार्ज नौका थी।*
- **निर्माण :** एमएसएमई शिपयार्ड, विशाखापत्तनम की मेसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (M/s SECON Engineering Projects Pvt Ltd-SEPPL) द्वारा।
- **परीक्षण** : बार्ज नौका का मॉडल परीक्षण विशाखापत्तनम की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (Naval Science and Technological Laboratory-NSTL) में किया गया था।

## 'प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारत के 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (DRDO) ने ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' (pralay) का 7 नवम्बर, 2023 को सफल परीक्षण किया।
- 'प्रलय' सतह से सतह पर मार करने वाली (Surface to Surface) कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (short-range ballistic missile-SRBM) है।
- यह 500-1,000 किलोग्राम के पेलोड के साथ 350 से 500 किलोमीटर मार कर सकने में सक्षम है।
- 'प्रलय' मिसाइल की तुलना चीन के 'डोंग फेंग 12' और रूस के 'इस्केंडर' से की गई है।

## पनडुब्बी रोधी वॉरफेयर क्राफ्ट 'अमिनी' का जलावतरण

- भारतीय नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी वॉरफेयर क्राफ्ट 'अमिनी' (Amini) का जलावतरण तमिलनाडु के कट्टुपल्ली में 16 नवम्बर, 2023 को किया गया।
- **निर्माण** : 'अमिनी' मैसर्स जीआरएसई (Garden Reach Shipbuilders & Engineers-GRSE) द्वारा बनाए जा रहे '08 ×ASW Shallow Water Craft (SWC)' परियोजना में चौथा जहाज है।
- **क्षमता** : 900 टन के विस्थापन वाले 77 मीटर लम्बे एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाजों की अधिकतम गति 25 समुद्री मील और लगभग 1800 एनएम की क्षमता है।
- **नामकरण** : लक्षद्वीप में स्थित 'अमिनी द्वीप' के रणनीतिक समुद्री महत्व को दर्शाने के लिए इस जहाज का नाम 'अमिनी' रखा गया है।

## स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के क्रेस्ट का अनावरण

- भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर (Crest) का अनावरण गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा 6 नवम्बर, 2023 को सूरत में किया गया।
- निर्माणाधीन युद्धपोत 'सूरत' के क्रेस्ट पर सूरत के हजीरा का प्रसिद्ध प्रकाशस्तम्भ, एक एशियाई शेर और लहरों को दर्शाया गया है।
- प्रोजेक्ट 15बी [विशाखापत्तनम (श्रेणी)] विध्वंसक वर्ग के इस चौथे युद्धपोत का जलावतरण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा मुम्बई में 17 मार्च, 2022 को किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि यह गुजरात के किसी भी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला युद्धपोत है।

## अमेरिकी वायु सेना का किया 'मिन्यूटमैन-III' मिसाइल का परीक्षण विफल

- अमेरिकी वायु सेना द्वारा 'अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (Inter-continental Ballistic Missile–ICBM) 'मिन्यूटमैन-III' (Minuteman-III) का परीक्षण 1 नवम्बर, 2023 को किया गया था।
- दक्षिणी कैलिफोर्निया में वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस (Vandenberg Space Force Base) से परीक्षण की गई इस मिसाइल को लॉन्च के बाद ज्ञात हुई विसंगतियों के कारण नष्ट कर दिया गया।
  - ✓ *साइलो से लॉन्च की जाने वाली इस मिसाइल का परीक्षण बिना किसी वॉरहेड के किया गया।*
- परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम 'मिन्यूटमैन-III' मिसाइल प्रणाली बोइंग कंपनी द्वारा विकसित की गई है, जो तीन ठोस-प्रणोदक रॉकेट मोटर्स द्वारा संचालित है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- भारत के 'आदित्य-एल1 मिशन' के यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर बेंगलुरू के स्पेस एस्ट्रोनॉमी ग्रुप द्वारा विकसित किस पेलोड ने सोलर फ्लेयर्स (सौर ज्वालाओं) की पहली हाई-एनर्जी एक्स-रे इमेज 29 अक्टूबर, 2023 को कैद की? **HEL1OS**
- भारत सरकार ने नौसेना के लिए राफेल जेट के नौसेना संस्करण के 26 विमान खरीदने का निर्णय लिया है। इन्हें भारत के किस स्वदेशी विमान वाहक पोत पर तैनात किया जाएगा? **आईएनएस विक्रांत**
- चंद्रयान-3 के लॉन्च व्हीकल एलवीएम 3-एम4 (14 जुलाई, 2023 को प्रक्षेपित) का एक हिस्सा अनियंत्रित होकर दोबारा वायुमण्डल में प्रवेश कर पृथ्वी पर 15 नवम्बर, 2023 को कहाँ गिरा? **अमेरिका के उत्तरी प्रशांत महासागर में**
- भारतीय नौसेना के किस स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक ने नवम्बर 2023 में समुद्र में अपनी पहली ब्रह्मोस फायरिंग में 'बुल्स आई' स्कोर किया? **आईएनएस इंफाल**
- रूस द्वारा इम्पीरेटर अलेक्जेंडर-3 पनडुब्बी से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम किस बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण नवम्बर 2023 में किया गया? **बुलवा (bulava)**



# आर्थिक परिदृश्य

- बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023
- 42वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली में सम्पन्न
- उच्च आय, धन असमानता वाले शीर्ष देशों में भारत : यूएनडीपी रिपोर्ट
- भारत और यूरोपीय संघ ने किए सेमीकंडक्टर एमओयू पर हस्ताक्षर
- भारत करेगा वर्ष 2024 में डब्ल्यूटीएसए की मेजबानी
- 'सीसीआई' बना 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा नेटवर्क' के संचालन समूह का सदस्य

## बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023

- केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने 26 नवम्बर, 2023 को गुवाहाटी में 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023' नामक रिपोर्ट जारी की।
- यह रिपोर्ट पशु एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (मार्च 2022 से फ़रवरी 2023) पर आधारित है। इसमें 2022-23 के दौरान दूध, अंडा, मांस और ऊन उत्पादन से जुड़े आँकड़े दिए गए हैं।

### रिपोर्ट के मुख्य बिन्दु

**दुग्ध उत्पादनः**

- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल दुग्ध उत्पादन 230.58 मिलियन टन अनुमानित है, जिसमें पिछले 5 वर्षों में 22.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- वर्ष 2022-23 के दौरान **सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश** था, जिसकी कुल दुग्ध उत्पादन में हिस्सेदारी 15.72 प्रतिशत थी। इसके बाद राजस्थान (14.44 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.73 प्रतिशत), गुजरात (7.49 प्रतिशत) और आन्ध्र प्रदेश ( 6.70 प्रतिशत) का स्थान था।

**अंडा उत्पादनः**

- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल अंडा उत्पादन 138.38 बिलियन (संख्या) होने का अनुमान है।
- देश के **कुल अंडा उत्पादन में प्रमुख योगदान आन्ध्र प्रदेश** (20.13 प्रतिशत हिस्सेदारी) का रहा है। इसके बाद तमिलनाडु (15.58 प्रतिशत), तेलंगाना (12.77 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (9.94 प्रतिशत) और कर्नाटक (6.51 प्रतिशत) का स्थान है।

**माँस उत्पादनः**

- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल माँस उत्पादन 9.77 मिलियन टन होने का अनुमान है, जिसमें पिछले 5 वर्षों में 20.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।
- **कुल माँस उत्पादन में सर्वाधिक प्रमुख योगदान** 12.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ **उत्तर प्रदेश** का है। इसके बाद पश्चिम बंगाल (11.93 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.50 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (11.20 प्रतिशत) और तेलंगाना (11.06 प्रतिशत) का स्थान है।

**ऊन उत्पादनः**

- वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल ऊन उत्पादन 33.61 मिलियन किलोग्राम अनुमानित है।
- **कुल ऊन उत्पादन** में 47.98 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ **राजस्थान** का प्रमुख योगदान है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर (22.55 प्रतिशत), गुजरात (6.01 प्रतिशत), महाराष्ट्र (4.73 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (4.27 प्रतिशत) का स्थान है।

## 42वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली में सम्पन्न

- इण्डिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) के तत्वावधान में भारत का 42वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14-27 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्पन्न हुआ।
- इस वार्षिक मेले का उद्घाटन केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं सोमप्रकाश ने किया।
- इस वर्ष मेले की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम्' थी।
- दो राज्यों–**बिहार और केरल** को **साझेदारी राज्य** का तथा **दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश** को **फोकस राज्य** का दर्जा इस मेले में प्रदान किया गया।
- इस बार मेले का आयोजन 1,20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया था, जो इस मेले के 40 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक क्षेत्र है।
- 14 दिन तक चले इस मेले में 10 लाख से ज्यादा देशी-विदेशी आगंतुकों और व्यापारियों ने हिस्सा लिया था।
- मेले के समापन पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण किया गया–
  - ✓ ***राज्यों की श्रेणी*** *में सर्वश्रेष्ठ पैवेलियन के लिए स्वर्ण पदक ओडिशा को दिया गया, जबकि रजत व कांस्य पदक क्रमशः असम और राजस्थान को दिए गए।*
  - ✓ ***स्वच्छ पैवेलियन श्रेणी*** *में स्वर्ण पदक पंजाब को, रजत पदक हरियाणा को तथा कांस्य पदक छत्तीसगढ़ को प्रदान किया गया।*
  - ✓ *इसी तरह* ***साझेदार राज्य*** *बिहार और केरल व* ***फोकस स्टेट*** *दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश को भी सम्मानित किया गया।*
  - ✓ ***विषय आधारित प्रस्तुति की श्रेणी*** *में मध्य प्रदेश को स्वर्ण, त्रिपुरा को रजत और आंध्र प्रदेश को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।*

## उच्च आय, धन असमानता वाले शीर्ष देशों में भारत : यूएनडीपी रिपोर्ट

- **शीर्षक** : हमारा भविष्य बनाना : एशिया और प्रशांत में मानव विकास के लिए नई दिशाएँ (Making our Future: New Directions for Human Development in Asia and the Pacific)
- **जारीकर्ता** : संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Program-UNDP)
- **जारी करने की तिथि** : 6 नवम्बर, 2023

- 'यूएनडीपी' ने इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि भारत उच्च आय और धन असमानता वाले शीर्ष देशों में उभरा है।
- इसके साथ ही वर्ष 2015-16 और वर्ष 2019-21 के बीच बहुआयामी गरीबी में रहने वाली आबादी का हिस्सा 25% से गिरकर 15% हो गया है।

### रिपोर्ट के अन्य प्रमुख बिन्दु

- भारत में वर्ष 2000-2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय 442 डॉलर से बढ़कर 2,389 डॉलर हो गई।
- देश में वर्ष 2004-2019 के बीच, गरीबी दर (प्रति दिन 2.15 अमरीकी डॉलर के अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी माप के आधार पर) 40% से गिरकर 10% तक हो गई है।
- गरीबी कुछ ऐसे राज्यों में केन्द्रित है जहाँ भारत की 45 प्रतिशत आबादी रहती है लेकिन 62 प्रतिशत गरीब हैं।
- ग्लोबल मिडिल-क्लास ग्रोथ में 24% योगदान अकेले भारत का है, जो कि 19.2 करोड़ जनसंख्या के बराबर है।

### रिपोर्ट में एशिया-प्रशांत क्षेत्र

- दक्षिण एशिया में, जहाँ सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोग कुल आय के आधे से अधिक पर नियंत्रण रखते हैं।
- यहाँ 185 मिलियन से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, जिनकी आय 2.15 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन से भी कम है।

## भारत और यूरोपीय संघ ने किए सेमीकंडक्टर एमओयू पर हस्ताक्षर

- भारत और यूरोपीय संघ (European Union-EU) ने सेमीकंडक्टर ईको सिस्टम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- उक्त एमओयू पर हस्ताक्षर 'व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद्' (India-EU Trade and Technology Council-TTC) की दूसरी बैठक के दौरान 25 नवम्बर, 2023 को किए गए।
- **उद्देश्य** : भारत और यूरोपीय संघ के बीच सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन को लचीला बनाना।
  - ✓ *अनुसंधान और नवाचार, कौशल विकास, साझेदारी और बाजार की जानकारी को साझा करने में सहयोग बढ़ाना।*
- **लाभ** : इससे ईयू और भारत को सेमीकंडक्टर आपूर्ति और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग में मदद मिलेगी।
  - ✓ *ईयू और भारत विभिन्न सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के अनुभव, सर्वोत्तम अभ्यास और जानकारी साझा करेंगे।*
- उल्लेखनीय है कि अमेरिका के बाद भारत दूसरा देश है जिसके साथ यूरोपीय संघ का टीटीसी तंत्र है।

## भारत करेगा वर्ष 2024 में डब्ल्यूटीएसए की मेजबानी

- भारत को वर्ष 2024 की 'विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली' (World Telecommunication Standardization Assembly–WTSA) की मेजबानी के लिए चुना गया है।
- इस आशय की जानकारी केन्द्रीय संचार एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023' में 27 अक्टूबर, 2023 को दी गई।
- 'विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा' (डब्ल्यूटीएसए) आईटीयू मानकीकरण क्षेत्र (आईटीयू-टी) का शासी सम्मेलन है, जो अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ और इस तरह के, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तीन विश्व सम्मेलनों में से एक है।
- संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी 'अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ' (ITU) वर्ष 1972 से वैश्विक दूरसंचार मानकों को स्थापित करते हुए 'डब्ल्यूटीएसए' का आयोजन (हर चार साल में) कर रही है।
- वर्ष 2024 में इसका आयोजन 15-24 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में प्रस्तावित है।

## 'सीसीआई' बना 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा नेटवर्क' के संचालन समूह का सदस्य

- 'भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग' (Competition Commission of India–CCI) प्रतिस्पर्धा कानून प्रवर्तन के लिए समर्पित वैश्विक निकाय, 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा नेटवर्क' (International Competition Network–ICN) की 18 सदस्यीय संचालन समिति का सदस्य बन गया है।
- स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित 'आईसीएन वार्षिक सम्मेलन' के दौरान 'सीसीआई' को इस निकाय के प्रतिष्ठित संचालन समूह में एक सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।
- सीसीआई द्वारा 25 अक्टूबर, 2023 को साझा की गई जानकारी में बताया कि सीसीआई पहली बार आईसीएन के संचालन समूह का सदस्य बना है और 'आईसीएन' में उसकी सदस्यता दो वर्ष के लिए है।

**न्यूज फैक्ट**

- वर्ष 2001 में स्थापित यह निकाय विशेष रूप से प्रतिस्पर्धा कानून प्रवर्तन के लिए समर्पित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा नेटवर्क (ICN) में 140 प्रतिस्पर्धा एजेंसियाँ शामिल हैं।
- कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2009 में स्थापित 'भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग' (सीसीआई) एक वैधानिक निकाय है।

# News InShort

## सम्पूर्ण

- वित्तीय संस्थानों के लिए प्रौद्योगिकी का डिजिटल परिवेश तैयार करने वाले मंच 'जोकाटा' ने 'सिडबी' के साथ मिलकर एक नया एमएसएमई आर्थिक गतिविधि सूचकांक 'सम्पूर्ण' पेश किया है।
- यह एमएसएमई आधारित उच्च-आवृत्ति संकेतक भारत के छोटे और मझोले उद्योगों की स्थिति को बताएगा।
- उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) देश के समग्र सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में एक चौथाई से अधिक और कुल निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं।

## एवीटीआर-1922

- 'एवीटीआर-1922' (AVTR-1922) भारत का पहला एलएनजी पॉवर्ड हॉलेज ट्रक (LNG–Powered Haulage Truck) है।
- इस हॉलेज ट्रक की बिक्री हिंदूजा समूह की कम्पनी अशोक लीलैंड (Ashok Leyland) द्वारा 6 नवम्बर, 2023 से 'महानगर गैस लिमिटेड होसुर' को शुरू कर दी गई है।
- इसके साथ अशोक लीलैंड भारत की पहली ओरिजिनल इक्विपमेंट निर्माता कम्पनी बन चुकी है जो उत्सर्जन मानकों के अनुरूप BSVI स्टेज II में इन-हाउस एलएनजी इंजन का निर्माण करती है।

## भारत आटा

- केन्द्र सरकार ने आम आदमी को महँगाई से एक बड़ी राहत देते हुए 'भारत आटा' (Bharat Atta) लॉन्च किया है।
- इस क्रम में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 'भारत' ब्रांड के अंतर्गत गेहूँ के आटे की बिक्री के लिए 100 मोबाइल वैन को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली से 6 नवम्बर, 2023 को हरी झंडी दिखाई।
- **उपलब्धता**ः 'भारत आटा' केन्द्रीय भंडार, नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NCCF) के सभी ऑउटलेट्स पर आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है।
- **मूल्य** ः यह आटा ₹ 27.50 प्रति किलोग्राम की एमआरपी पर मिलेगा।

## भारत ने दिए रिकॉर्ड पेटेंट

- भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा इस वित्त वर्ष 2023-24 में 15 नवम्बर, 2023 तक सर्वाधिक 41,010 पेटेंट प्रदान किए हैं, जो एक रिकॉर्ड है।
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में भारतीयों द्वारा पेटेंट आवेदनों में 31.6% की वृद्धि हुई थी।
- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में 4,227 पेटेंट प्रदान किए गए थे।


## हैलो नारियल

- नारियल विकास बोर्ड (Coconut Development Board—CDB) ने 13 नवम्बर, 2023 को 'हैलो नारियल' (Hello Naariyal) फ्रेंड्स ऑफ कोकोनट ट्रीज़ (FOCT) कॉल सेंटर सुविधा आरम्भ की है।
- इस कॉल सेंटर का उद्देश्य किसानों को नारियल की कटाई और पौधे प्रबंधन कार्यों में मदद करना है।
- हैलो नारियल कॉल सेंटर से केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक राज्यों के नारियल उत्पादकों को लाभ होगा।

---

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किस वर्ष तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का अनुमान नवम्बर 2023 में व्यक्त किया है? **वर्ष 2027**
- देश का कौनसा राज्य अपने सभी जिलों में हॉलमार्किंग केन्द्र स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है? **केरल**
- 'भारत बोटेनिक्स' ने अपनी अत्याधुनिक 'वुड-प्रेस्ड कोल्ड ऑयल प्रसंस्करण सुविधा' (wood-pressed cold oil processing facility) कहाँ खोलने की घोषणा नवम्बर 2023 में की है? **गोंडल (राजकोट, गुजरात)**
- भारत में वर्ष 2026 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा संचालित करने की योजना के तहत् इंडिगो की मूल कम्पनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने अमेरिका की किसे इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी कम्पनी के साथ साझेदारी की है? **आर्चर एविएशन**
- भारत का कौनसा पोर्ट 16.1 मिलियन टन कार्गो सँभालने वाला भारत का पहला बंदरगाह बन गया है? **मुन्द्रा पोर्ट**
- पाकिस्तान स्थित वह क्लीनटेक स्टार्ट-अप जो अपने अभिनव बायोडिग्रेडेबल और प्लास्टिक-मुक्त सैनिटरी उत्पाद के लिए 'क्लाइमेट लॉन्चपैड एशिया-पैसिफिक' विजेता बना है- **शी-गार्ड**
- छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाने और मूल्य निर्धारण में व्यापारियों के प्रभाव को खत्म करने के लिए केन्द्र सरकार किस योजना को शुरू करने पर काम कर रही है? **पीएम-किसान भाई (भंडारण प्रोत्साहन)**




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान / Rajasthan

### राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023

- राजस्थान की 200 सदस्यीय (16वीं) विधानसभा के लिए 199 सीटों पर कुल 1,862 प्रत्याशियों हेतु मतदान 25 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ।
  - ✓ *श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व विधायक गुरगुमीत सिंह कुन्नर का 15 नवम्बर, 2023 को निधन हो जाने से इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया।*
  - ✓ *इससे पहले वर्ष 2018, 2013, 1993, 1985 और 1975 में भी एक सीट पर चुनाव नहीं कराए जाने के कारण उस समय भी 199 सीटों पर ही मतदान हो पाया था।*
- विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश में ईवीएम से कुल 3,92,11,399 वोट पड़े (पिछली बार से 30.26 लाख अधिक)। इनमें 1,88,27,294 वोट महिलाओं, 2,03,83,757 पुरुषों और 348 वोट थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने डाले।
  - ✓ **कुल ग्रामीण मतदाता** : 4,00,00,477
    - **मतदान किया** : 3,02,73,445
    - **ग्रामीण मतदान प्रतिशत** : 75.68%
    - **ग्रामीण क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान** : बाँसवाड़ा जिला (84.32%)
  - ✓ **कुल शहरी मतदाता** : 1,26,89,669
    - **मतदान किया** : 89,37,954
    - **शहरी मतदान प्रतिशत** : 71.23%
    - **शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान** : हनुमानगढ़ जिले (76.65%)

#### विधानसभा चुनाव 2023 : कुल मतदाता संख्या

- ❖ **कुल मतदाता** : 5,26,90,146
- ❖ **18-30 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाता** : 1.71 करोड़
- ❖ **18-19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाता** : 22.61 लाख।
- ❖ **पुरुष मतदाता** : 2.75 करोड़ और **महिला मतदाता** : 2.52 करोड़
- ❖ **ट्रांसजेंडर मतदाता** : 614
- ❖ **सर्विस वोटर्स** : 1.42 लाख
- ❖ **एनआरआई मतदाता** : 273

- प्रदेश में 199 विधानसभा सीटों में से 117 सीटों पर पिछले चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है, जबकि 82 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहाँ पिछली बार की तुलना में मतदान कम हुआ है।

#### मतदान प्रतिशत

- प्रदेश में वर्ष 2018 की तुलना में इस वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव मतदान में **0.73% की वृद्धि** हुई है।
- इस वर्ष प्रदेश में **75.45 प्रतिशत** (पोस्टल बैलेट से हुए 0.83% मतदान सहित) मतदान हुआ।
- इस वर्ष ईवीएम से कुल 74.62% मतदान हुआ। इसमें से पुरुषों ने 74.53% और महिलाओं ने 74.72% मतदान किया।
  - ✓ *विधानसभा चुनाव- 2018 में प्रदेश में 74.71 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसमें पुरुषों ने 74.75 प्रतिशत और महिलाओं ने 74.67 प्रतिशत मतदान किया था।*

#### सबसे अधिक मतदान (ईवीएम से) वाले विधानसभा क्षेत्र

- इस वर्ष 2023 में सबसे अधिक 88.13% मतदान कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुआ। यहाँ वर्ष 2018 में 86.13% मतदान हुआ था।
- पोकरण, कुशलगढ़ और तिजारा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक महिलाओं ने क्रमशः 88.23%, 87.54% और 85.45% मतदान किया।

#### सबसे कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्र

- इस वर्ष 2023 में आहोर विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम से सबसे कम 61.24% मतदान हुआ। यहाँ वर्ष 2018 में 61.53% मतदान हुआ था।
- जोधपुर, टोडाभीम और बामनवास विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत सबसे कम क्रमशः 62.97%, 63.22% और 63.63% रहा।

#### विधानसभा क्षेत्र जहाँ मतदान प्रतिशत सबसे अधिक बढ़ा

- बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 9.6%, तारानगर में 7.65%, और आसपुर में 7.01% मतदान में वृद्धि हुई।

#### विधानसभा क्षेत्र जहाँ मतदान प्रतिशत सर्वाधिक गिरा

- फलौदी में मतदान प्रतिशत में सबसे अधिक 7.15% गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद हिंडौन (6.10%) और जैसलमेर (4.79%) में गिरावट दर्ज की गई।

#### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- ➢ राज्य विधानसभा चुनाव में 199 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए।
- ➢ राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में **प्रदेश का सबसे ऊँचा पोलिंग बूथ** (क्रमांक 170) माउंट आबू (सिरोही) के **शेरगाँव** में बनाया गया। इसकी ऊँचाई 1500 मीटर है।
- ➢ विधानसभा चुनाव 2023 की मतगणना 3 दिसम्बर, 2023 को की जाएगी।

## 37वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रदर्शन

- 37वें राष्ट्रीय खेल में राजस्थान ने 14 स्वर्ण, 18 रजत व 33 कांस्य सहित कुल 65 पदक जीतकर पदक तालिका में **13वाँ स्थान** प्राप्त किया।
- राजस्थान ने निम्नलिखित खेलों में पदक जीते।

| क्रम | खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कबड्डी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 2 | बास्केटबॉल | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | गोल्फ | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 4 | स्क्वैश | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | बीच हैंडबॉल | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 6 | भारोत्तोलन | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 7 | तलवारबाजी | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 8 | रोलबॉल | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 9 | निशानेबाजी | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 10 | मुक्केबाजी | 0 | 0 | 3 | 3 |
| 11 | साइक्लिंग | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 12 | योगासन | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 13 | एथलेटिक्स | 0 | 2 | 1 | 3 |
| 14 | जूडो | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 15 | ताइक्वांडो | 0 | 4 | 1 | 5 |
| 16 | तीरंदाजी | 1 | 2 | 2 | 5 |
| 17 | पेनकेक सिलाट | 3 | 1 | 3 | 7 |
| 18 | वुशु | 4 | 1 | 3 | 8 |
| 19 | स्केय मार्शल आर्ट | 1 | 1 | 9 | 11 |
| **कुल** | | **14** | **18** | **33** | **65** |

### स्वर्ण पदक विजेता राजस्थानी खिलाड़ी : एक नजर में

- **बास्केटबॉल** : पुरुष टीम 3×3 (लोकेन्द्र सिंह शेखावत, पीयूष मीणा, जयदीप राठौड़, आशीष त्रिवेदी)
- **भारोत्तोलन** : पुरुष 81 किग्रा. भार वर्ग (नितेक जांगिड़)
- **रोलबॉल** : टीम (पुरुष वर्ग)
- **वुशु** :
  - 75 किग्रा. सांडा : मुकेश चौधरी
  - 85 किग्रा. सांडा : तोसिफ हसन
  - 65 किग्रा. सांडा : नीतिका बंसल
  - Nangun (Taoula) : नीलम चौधरी
- **पेनकेक सिलाट** :
  - 45-50 किग्रा. टेंडिंग वुमेन : अदिति नहारला
  - 80-85 किग्रा. टेंडिंग मेन : रवि चौधरी
  - Class Open 2 Above 110 kg (Tanding Men) : मोहम्मद इस्लाम खान
- **तीरंदाजी** : कम्पाउण्ड महिला टीम (स्वाति दूधवाल, कृति स्वामी, प्रियंका मीणा, प्रिया गुर्जर)
- **जूडो** : पुरुष 90 किग्रा. (आराध्य चोपड़ा)
- **स्केय मार्शल आर्ट** : एरो स्केय व्यक्तिगत (शहादत अहमद)
- **साइक्लिंग** : वुमेंस टाइम ट्रायल (मोनिका जाट)

## राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत

- राजस्थान उच्च न्यायालय के **मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह** सहित तीन न्यायाधीशों को देश के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया है।
- सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत अन्य दो न्यायाधीशों में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश **सतीश चंद्र शर्मा** और गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश **संदीप मेहता** शामिल हैं।
- उपर्युक्त तीनों मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में 9 नवम्बर, 2023 को शपथ दिलाई।
- उनके शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत अब 34 जजों की अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करेगी।
- उल्लेखनीय है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या (मुख्य न्यायाधीश सहित) 34 है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

- कॉलेजियम की सिफारिश के बाद राजस्थान उच्च न्यायालय को तीन नए न्यायाधीश मिले हैं।
- राजस्थान हाईकोर्ट में देश के अन्य हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए तीन नए न्यायाधीशों में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से न्यायाधीश अवनीश झिंगन व न्यायाधीश अरुण मोगा तथा तेलंगाना हाईकोर्ट से न्यायाधीश मन्नूरी लक्ष्मण शामिल हैं।
- उपर्युक्त तीनों न्यायाधीशों को राजस्थान उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने 1 नवम्बर, 2023 को शपथ ग्रहण करवाई।

## शैलेष लोढ़ा काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित

- हिन्दी कविता के कवि, लेखक व अभिनेता शैलेश लोढ़ा को इस वर्ष के 48वें 'काका हाथरसी हास्य रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- मूलतः जोधपुर निवासी शैलेश लोढ़ा को यह पुरस्कार 'काका हाथरसी पुरस्कार' ट्रस्ट द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में आयोजित समारोह में 5 नवम्बर, 2023 को प्रदान किया गया।
- शैलेश लोढ़ा को सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न और एक लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।
- उल्लेखनीय है कि शैलेश लोढ़ा टीवी के विभिन्न कविता कार्यक्रमों यथा– 'बहुत खूब', 'वाह भाई वाह', 'क्या बात है' आदि में संचालक व निर्देशक के रूप में कार्य कर चुके हैं।

## आईआईटी जोधपुर सहित प्रदेश के पाँच स्थानों पर खुलेगी 5जी टेस्टिंग लैब

- केन्द्रीय दूरसंचार विभाग की ओर से देश के 100 उच्च शिक्षण संस्थानों में '5जी टेस्टिंग लैब' खोली जा रही हैं।
- इनमें से पाँच '5जी टेस्टिंग लैब' राजस्थान के विभिन्न संस्थानों में खोली जाएँगी।

- **संस्थान जहाँ टेस्टिंग लैब खोली जानी हैं** : आईआईटी जोधपुर, एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर, बिट्स पिलानी, एमएनआईटी जयपुर तथा वनस्थली विद्यापीठ निवाई।
- उक्त संस्थानों में '5जी टेस्टिंग लैब' स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। शेष 20% राशि सम्बन्धित संस्थान को वहन करनी होगी।
- **लैब स्थापित करने का उद्देश्य :** 5जी तकनीक में छात्रों और शैक्षणिक समुदायों की क्षमता बढ़ाना।
  - ✓ *भारतीय शिक्षा जगत और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को 6जी के लिए तैयार करना।*

## राजस्थान को मिला 'अमृत अवॉर्ड'

- राजस्थान ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान **'मेरी माटी मेरा देश अभियान'** में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर 'अमृत अवार्ड' प्राप्त किया है।
- यह पुरस्कार नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की अमृत कलश यात्रा के भव्य समापन समारोह में प्रदेश की मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने प्रधानमंत्री से 31 अक्टूबर, 2023 को ग्रहण किया।
- उल्लेखनीय है कि 36 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में से 3 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में से **प्रथम पुरस्कार जम्मू और कश्मीर** को **द्वितीय पुरस्कार गुजरात** को दिया गया। **तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से राजस्थान और हरियाणा** राज्य को प्रदान किया गया है।

## राजस्थान में बनेगी 'स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड अथॉरिटी'

- महाराष्ट्र, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश के बाद अब प्रदेश में भी 'स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड अथॉरिटी' (SSSA) का गठन किया जाएगा।
  - ✓ *राज्य में यह अथॉरिटी एक स्वतंत्र संस्था के रूप में काम करेगी।*
- 'एसएसएसए' (State School Standards Authority-SSSA) का गठन 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के तहत् किया जाएगा।
- 'SSSA' से राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध प्रदेश के करीब 30 हजार स्कूलों को इससे जोड़ा जाएगा।
- **लाभ** : 'एसएसएसए' के बनने से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती मिलेगी और स्कूलों के बीच प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी।
- उल्लेखनीय है कि एनईपी 2020 के तहत् देश के सभी राज्यों में 'एसएसएसए' का गठन किया जाना अनिवार्य है। वर्तमान में केवल महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक में इसका गठन किया गया है।

## एसटी-2 बनी देश की सबसे उम्रदराज बाघिन

- सरिस्का (अलवर) की बाघिन एसटी-2 ने देश की सबसे उम्रदराज बाघिन का रिकॉर्ड हासिल कर लिया है। जुलाई 2004 में जन्मी 'एसटी-2' की आयु 19 वर्ष 4 माह की हो चुकी है।
- इस मामले में 'एसटी-2' ने अपनी माँ रणथंभौर की बाघिन मछली का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अगस्त-सितंबर 1997 में वर्षाकाल में जन्मी मछली की 19 वर्ष की उम्र में 18 अगस्त, 2016 को मौत हो गई थी।
- उल्लेखनीय है कि सामान्यतया बाघ-बाघिन की आयु 12-15 वर्ष मानी जाती है।

## News InShort

### अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान

- 14 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हुए 42वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप का उद्घाटन किया गया।
  - ✓ *'अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले' का आयोजन 14-27 नवम्बर, 2023 को किया गया।*
- इस मेले में, राजस्थान की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, पर्यटन, और उद्योगीकरण को दिखाया गया था।
- इस मेले में, राजस्थान को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक मिला।

### भावप्रिता सोनी

- रेलवे सुरक्षा बल निदेशालय ने जयपुर मंडल की भावप्रिता सोनी को जयपुर मंडल का सुरक्षा प्रमुख नवम्बर 2023 में नियुक्त किया है।
- भावप्रिता सोनी जयपुर मंडल की पहली महिला सुरक्षा प्रमुख हैं।

### गोपालदास

- गोपालदास, दादू संप्रदाय की मुख्यपीठ– नरैना पीठ के 20वें पीठाधीश्वर थे, जिनका 25 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया।
- सीकर जिले में विद्यासर के पास कंवरपुरा पालवास गाँव के जाट परिवार में जन्मे गोपालदास मात्र 10 वर्ष की आयु में ही संत बन गए थे। वह 17 जुलाई, 2001 को पीठाधीश्वर की गद्दी पर विराजित हुए थे।
- **वर्तमान पीठाधीश्वर** : ओम प्रकाशदास महाराज दादू मठ के 21वें पीठाधीश्वर बनाए गए हैं।

### चंद्रभागा कार्तिक मेला

- जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य-स्तरीय 'चन्द्रभागा कार्तिक मेला-2023' का आयोजन 23 नवम्बर-2 दिसम्बर, 2023 को किया जा रहा है।

- झालरापाटन (झालावाड़) में प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले का मुख्य आयोजन कार्तिक पूर्णिमा को किया गया, जब हजारों श्रृद्धालुओं ने चंद्रभागा नदी में स्नान किया तथा इसके तट पर दीपदान किया।
- मेले में 26-28 नवम्बर को पर्यटन विभाग के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पशुपालन विभाग द्वारा 27-28 नवम्बर, 2023 को पशु प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

## पीएम श्री योजना

- राजस्थान के 402 सरकारी विद्यालयों का 'पीएम श्री' योजना में चयन किया गया है। इन विद्यालयों को अपने यहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने तथा कक्षा-कक्षों को आधुनिक बनाने के लिए केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस क्रम में योजना में चयनित सभी 402 विद्यालयों को विद्यालय के नाम के आगे 'पीएम श्री' लिखने और प्रवेश द्वार पर पीएम श्री योजना का निर्धारित लोगो लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कुल 716 विद्यालयों को 'पीएम श्री योजना' के तहत् अपग्रेड किया जाना है। योजना के प्रथम चरण में राज्य के 402 विद्यालयों को अपग्रेड हेतु बजट आवंटित किया जा रहा है।

## पुष्कर पशु मेला

- अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रति वर्ष आयोजित होने वाला राजस्थान का 'पुष्कर पशु मेला' इस वर्ष 14-27 नवम्बर, 2023 को आयोजित किया गया।
- इस मेले में धार्मिक पंचतीर्थ स्नान कार्तिक एकादशी स्नान के साथ शुरू हुआ तथा मेले का समापन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुष्कर सरोवर में महास्नान के साथ हुआ।
- इस मेले में पशु प्रदर्शनी, पशु प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## आरएनजीसी

- जयपुर की प्रसिद्ध सीए फर्म 'रामानन्द गोयल एण्ड कम्पनी' (RNGC) को ऐसोचेम (The Associated Chambers of Commerce and Industry–ASSOCHAM) द्वारा **'एक्सीलेंस इन रियल एस्टेट एडवाइजरी ऑफ द ईयर'** अवॉर्ड से नवम्बर 2023 में सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि आरएनजीसी को इससे पहले 'राजस्थान हाउसिंग बोर्ड' के 100 से अधिक प्रोजेक्ट्स के रेरा रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए चेयरमैन रेरा एवं हाउसिंग बोर्ड द्वारा भी सम्मानित किया गया था।

## डॉ. मधुकर गुप्ता

- राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अन्तर्राष्ट्रीय चुनावी मामलों के कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार **'इलेक्शन कमिश्नर ऑफ द ईयर'** से नवम्बर 2023 में सम्मानित किया गया।
- पुर्तगाल की संसद के अध्यक्ष श्री ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह सम्मान विश्व-स्तर पर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और प्रथाओं को आगे बढ़ाने में किए गए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

## धीरज सेठ

- लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने जयपुर सैन्य स्टेशन में सप्तशक्ति दक्षिण-पश्चिमी कमान का प्रभार 1 नवम्बर, 2023 को सँभाला।
- लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं।
- दक्षिण-पश्चिमी कमान का कार्यभार सँभालने से पहले, वह दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडिंग थे।
- अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 'हायर कमांड कोर्स, महू' और 'नेशनल डिफेंस कॉलेज, दिल्ली' के भी पूर्व छात्र हैं।

## सतरंगी सप्ताह

- प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से 16-22 नवम्बर, 2023 को प्रदेशभर में 'सतरंगी सप्ताह' आयोजित किया गया।
- इसके तहत् प्रतिदिन जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक मतदान जागरूकता से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 'सतरंगी सप्ताह' में विधानसभा चुनाव- 2018 में कम मतदान वाले केन्द्रों पर विशेष ध्यान दिया गया था।

## दिव्यकृति सिंह

- विधानसभा चुनाव-2023 में मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए घुड़सवारी में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता **दिव्यकृति सिंह** को भारत निर्वाचन आयोग ने '**स्टेट इलेक्शन आइकॉन**' नियुक्त किया था।
- जयपुर निवासी 24 वर्षीय दिव्यकृति ने चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी (ड्रेसेज) स्पर्द्धा के टीम इवेंट में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।
- उन्हें 'इंडिया टुडे वुमन अचीवर अवॉर्ड' तथा 'सवाई जयपुर पुरस्कार' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## 43वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप

- 43वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप 16-21 नवम्बर, 2023 तक भरतपुर (राजस्थान) में आयोजित की गई।
- यह प्रतियोगिता भारतीय खेल मंत्रालय और भारतीय तीरंदाजी संघ के निर्देशन में राजस्थान तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में हुई। इस प्रतियोगिता में 770 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**इंडियन कैटेगरी में परिणाम**

- **व्यक्तिगत पुरुष वर्ग :**
  - ✓ *स्वर्ण पदक - राहुल (हरियाणा), रजत पदक - अरविंद (झारखण्ड) और कांस्य पदक - सोनू (हरियाणा)।*
- **व्यक्तिगत महिला वर्ग :**
  - ✓ *स्वर्ण पदक - प्रतीक्षा (राजस्थान), रजत पदक - रोजिना (मणिपुर) और कांस्य पदक - अनीशा (हरियाणा)।*
- प्रतियोगिता में टीम पुरुष वर्ग का खिताब झारखण्ड (स्वर्ण पदक) ने और टीम महिला वर्ग का खिताब हरियाणा (स्वर्ण पदक) ने जीता।

## उत्तर प्रदेश / Uttar Pradesh

### अन्तर्देशीय मत्स्य पालन श्रेणी में उत्तर प्रदेश शीर्ष राज्य

- उत्तर प्रदेश ने अन्तर्देशीय मत्स्य पालन (inland fisheries) में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।
- अंतर्देशीय मछली पालन (मैदानी क्षेत्र) में पहला स्थान पाने के लिए उत्तर प्रदेश को 21 -22 नवम्बर, 2023 को अहमदाबाद में आयोजित 'ग्लोबल फिशरीज कॉन्फ्रेंस इंडिया-2023' (Global Fisheries Conference-2023) में पुरस्कृत किया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में प्रदेश में मत्स्य उत्पादन 8.9 लाख मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 9.15 लाख मीट्रिक टन हो गया।

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ चंदौली में अर्ल्ट मॉडर्न फिश मॉल बनाया जा रहा है।
- ➢ उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत् वर्तमान में 21 परियोजनाएँ चल रही हैं।
- ➢ 21 नवम्बर को विश्व मत्स्य पालन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## News InShort


### अनपरा–ई

- उत्तर प्रदेश में बिजली की कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने सोनभद्र जिले के अनपरा में 1,600 मेगावॉट का बिजली संयन्त्र स्थापित करने को मंजूरी 20 नवम्बर, 2023 को दी है।
- ₹ 18,624 करोड़ की 'अनपरा-ई' तापीय परियोजना यूपीआरवीयूएनएल और एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम 'मेजा उत्पादन निगम लिमिटेड' द्वारा स्थापित की जाएगी।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

Current affairs Quest — In Oneliner

- देश के मुख्य सूचना आयुक्त का पदभार ग्रहण (6 नवम्बर, 2023) करने वाले हीरालाल सामरिया का जन्म स्थान कहाँ है? **पहाड़ी (जिला डीग)**
- 'राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी' का आयोजन 25 दिसम्बर, 2023 से 30 जनवरी, 2024 के दौरान कहाँ किया जाएगा? **रामलीला मैदान, जयपुर**
- गुलाबी नगरी जयपुर का कौनसा स्थापना दिवस 18 नवम्बर, 2023 को मनाया गया? **296वाँ**
- निमोनिया से शिशु मृत्यु-दर को कम करने के लिए प्रदेशभर में कौनसा अभियान नवम्बर 2023 से 28 फरवरी, 2024 तक चलाया जाएगा? **साँस**
- भारत मौसम विज्ञान सोसायटी एवं बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा की ओर से किस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22 नवम्बर, 2023 को किया गया? **ट्रॉपमेट-2023**
- नोएडा में आयोजित 'नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप' में जयपुर के दीपेन्द्र और सूरज ने सीनियर वर्ग में कौनसा पदक नवम्बर 2023 में हासिल किया है? **स्वर्ण पदक**
- राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में 'थार महोत्सव' के किस संस्करण का आयोजन 22-24 जनवरी, 2024 को किया जाएगा? **5वाँ**
- प्रदेश के आयुर्वेद विभाग की ओर से राज्य-स्तरीय आयुर्वेद दिवस समारोह के किस संस्करण का आयोजन 10 नवम्बर, 2023 को किया गया? **8वाँ**
- प्रदेश का पहला सरकारी डर्मेटोलॉजी इंस्टीट्यूट कहाँ स्थापित किया जाएगा? **सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर**
- वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश भंसाली का 16 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया। वह वर्ष 2008 और वर्ष 2013 में किस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे? **जोधपुर शहर**
- राजस्थान स्केट एसोसिएशन की ओर से भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के तत्वावधान में 'राजस्थान स्टेट रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-2023' का आयोजन 2-5 नवम्बर, 2023 को कहाँ किया गया? **बीकानेर**
- माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा '67वीं राज्य-स्तरीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट' का आयोजन नवम्बर 2023 में कहाँ किया गया? **प्रतापगढ़**
- 56वीं सीनियर, 46वीं जूनियर व 15वीं यूथ राजस्थान वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 17-20 नवम्बर, 2023 को कहाँ किया गया? **उर्मिला स्पोर्ट्स एकेडमी, राजगढ़ (चूरू)**



# पुरस्कार एवं सम्मान

## आयरलैण्ड के लेखक पॉल लिंच बुकर पुरस्कार 2023 से सम्मानित

- साहित्य (उपन्यास लेखन) के क्षेत्र का वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार आयरलैण्ड के लेखक पॉल लिंच (Paul Lynch) को नवम्बर 2023 में प्रदान किया गया है।
- 50 हजार पाउंड का यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'प्रॉफेट सॉन्ग' (Prophet Song) के लिए 26 नवम्बर को लंदन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।
  - ✓ *पॉल लिंच को पिछले वर्ष के बुकर विजेता श्रीलंकाई लेखक शेहान करुणातिलका (Shehan Karunatilaka) से यह ट्रॉफी मिली।*



**बुकर पुरस्कार विजेता पॉल लिंच**

- पॉल अब 5वें आयरिश लेखक बन गए हैं, जिन्होंने बुकर पुरस्कार जीता है। इससे पहले आइरिस मर्डोक, जॉन बैनविले, रॉडी डॉयल और ऐनी एनराइट प्रतिष्ठित पुरस्कार जीत चुके हैं।
- भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को पीछे छोड़ते हुए पॉल लिंच ने यह पुरस्कार जीता।
- 46 वर्षीय लिंच के इस उपन्यास में अधिनायकवाद की चपेट में आए आयरलैण्ड के बारे में बताया गया है।
- इस वर्ष बुकर पुरस्कार हेतु जिन छह पुस्तकों को अल्पसूचीबद्ध किया गया था, वह निम्नलिखित हैं–


| पुस्तक | लेखक | देश |
|---|---|---|
| प्रोफेट सॉन्ग (Prophet Song) | पॉल लिंच | आयरलैण्ड |
| द बी स्टिंग (The Bee Sting) | पॉल मुरे | आयरलैण्ड |
| वेस्टर्न लेन (Western Lane) | चेतना मारू | केन्या/इंग्लैण्ड |
| दिस अदर एडन (This Other Eden) | पॉल हार्डिंग | यूएसए |
| इफ आई सरवाइव यू (If I Survive You) | जोनाथन इस्कोफरी | यूएसए |
| स्टडी फॉर ओवेडियंस (Study for Obedience) | सराह बर्नस्टीन | कनाडा |

***Salient Point...***

- ➢ बुकर पुरस्कार की शुरुआत 1969 में हुई थी।
- ➢ वर्ष 2013 तक यह पुरस्कार राष्ट्रमण्डल के सदस्य राष्ट्रों तथा आयरलैण्ड व जिम्बाब्वे के किसी साहित्यकार की मूलतः अंग्रेजी में प्रकाशित कृति के लिए ही प्रतिवर्ष दिया जाता था।
- ➢ वर्ष 2014 से यह पूरे विश्व में किसी भी साहित्यकार के अंग्रेजी में प्रकाशित किसी उपन्यास के लिए दिया जाने लगा है।
- ➢ बुकर पुरस्कार के तहत् 50 हजार पाउंड की राशि पुरस्कृत पुस्तक के लेखक को प्रदान की जाती है।
- ➢ यह पुरस्कार अब तक कुल 3 भारतीय (अरविन्द अडिग-2008, किरण देसाई-2006, अरुंधति रॉय-1997) व 2 भारतीय मूल (सलमान रश्दी-1981 और वी.एस. नायपाल-1971) के साहित्यकारों को दिया चुका है।

## डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- मुंबई से संचालित इस्लाम के दाऊदी बोहरा पंथ के प्रमुख डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से सम्मानित किया जाएगा।



- पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ़ अल्वी ने 22 नवम्बर, 2023 को डॉ. सैयदना की सेवाओं के लिए यह पुरस्कार देने की घोषणा की है।
- डॉ. सैयदना, पाकिस्तान का कोई सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले चौथे भारतीय होंगे।
- 'निशान-ए-पाकिस्तान' से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय **मोरारजी देसाई** थे। उन्हें 1990 में यह सम्मान दिया गया था।
- 1998 में अभिनेता **दिलीप कुमार** को कला और संस्कृति के क्षेत्र में पाकिस्तान का सर्वोच्च पुरस्कार 'निशान-ए-इम्तियाज' प्रदान किया गया था।
- वर्ष 2020 में कश्मीरी अलगाववादी नेता **अली गिलानी** को 'निशान-ए-पाकिस्तान' प्रदान किया गया।

***Salient Point...***

- ➢ 'निशान-ए-पाकिस्तान' या 'ग्रांड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ पाकिस्तान' पाकिस्तान के राष्ट्रीय हित में सर्वोच्च सम्मान वाली सेवाओं के लिए प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- ➢ यह सर्वोच्च सैन्य वीरता पुरस्कार 'निशान-ए-हैदर' के समतुल्य है।

## इन्फोसिस पुरस्कार-2023

- इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन (ISF) ने भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 6 लोगों को प्रतिष्ठित इन्फोसिस पुरस्कार 2023 से सम्मानित करने की घोषणा 15 नवम्बर, 2023 को की।
- यह पुरस्कार निम्नलिखित 6 श्रेणियों में प्रदान किए जाएँगेः

| श्रेणी | पुरस्कार प्राप्तकर्ता |
|---|---|
| इंजीनियरिंग एण्ड कम्प्यूटर विज्ञान | प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी |
| मानविकी | जाह्नवी फालके |
| जीवन विज्ञान | प्रो. अरुण कुमार शुक्ला |
| गणितीय विज्ञान | प्रो. भार्गव भट्ट |
| भौतिक विज्ञान | मुकुंद थताई |
| सामाजिक विज्ञान | प्रो. करुणा मंतेना |

- पुरस्कार 13 जनवरी, 2024 को प्रदान किए जाएँगे।

## फ्रांस फुटबॉल पत्रिका का बैलोन डि'ओर अवॉर्ड लियोनल मैसी ने रिकॉर्ड आठवीं बार जीता

- अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में फीफा विश्व कप दिलाने वाले लियोनल मेसी (Lionel Messi) को वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित 'बैलोन डि'ओर' (2023) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- फ्रांसीसी फुटबॉल पत्रिका फ्रांस फुटबॉल द्वारा दिया जाने वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार **लियोनल मेसी ने रिकॉर्ड आठवीं बार** जीता है।
  - ✓ *लियोनल मेसी ने यह पुरस्कार वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 व 2023 में जीते हैं।*
- इंटर मियामी के लिए खेलने वाले लियोनल मेसी को यह पुरस्कार 31 अक्टूबर, 2023 को पेरिस में थिएटर डू चैटलेट (Theatre du Chatelet) में आयोजित समारोह में 'फ्रांस फुटबॉल' द्वारा प्रदान किया गया।



आइताना बोनमाती और लियोनल मेसी

- विगत् वर्ष (2022) यह पुरस्कार फ्रांस के स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा (Karim Benzema) ने जीता था।

### 67वाँ बेलोन डि'ओर समारोह पुरस्कारः एक नजर में

- **बैलोन डि'ओर** : लियोनल मेसी (अर्जेंटीना, इंटर मियामी)
- **महिला फुटबॉलरों का बैलोन डि'ओर फैमिनिन 2023** : आइताना बोनमाती (स्पेन, एफसी बार्सिलोना); बोनमाती का यह पहला बैलोन डि'ओर अवॉर्ड है।
- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर की यासिन ट्रॉफी :** एमिलियानो मार्टिनेज (अर्जेंटीना, एस्टन विला क्लब)।
- **सर्वश्रेष्ठ युवा फुटबॉलर के लिए कोपा ट्रॉफी** : जेड बेलिंघम (इंग्लैण्ड, रियल मैड्रिड क्लब)।
- **गर्ड मुलर ट्रॉफी (स्ट्राइकर ऑफ द ईयर)** : इरनिंग हालेंड (नॉर्वे, मैनचेस्टर सिटी क्लब)।
- **क्लब ऑफ द ईयर :** मैनेस्टर सिटी, (इंग्लैण्ड)।

## बीबीसी द्वारा जारी दुनिया की सबसे प्रेरक और प्रभावशाली महिलाओं की सूची में चार भारतीय महिलाएँ

- बीबीसी ने वर्ष 2023 में दुनिया की सबसे प्रेरक और प्रभावशाली महिलाओं की सूची नवम्बर 2023 में जारी की।
  - ✓ *यह सूची का 11वाँ संस्करण था।*
- 100 प्रभावशाली महिलाओं की इस ताजा सूची में चार भारतीय महिलाएँ शामिल हैं, जिनमें अभिनेत्री दीया मिर्जा, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, फोटोग्राफर आरती कुमार राव और तिब्बती बौद्ध नन जेत्सुनमा तेनजिन पाल्मो (Jetsunma Tenzin Palmo) शामिल हैं।




आरती कुमार राव



दीया मिर्जा



हरमनप्रीत कौर



जेत्सुनमा तेनजिन पाल्मो

- इस सूची में अन्य महिलाओं में मानवाधिकार मामलों की वकील अमाल क्लूनी, हॉलीवुड अभिनेत्री अमेरिका फरेरा, नारीवादी आइकॉन ग्लोरिया स्टेइनेम, अमेरिका की पूर्व फ़र्स्ट लेडी मिशेल ओबामा, ब्यूटी बिज़नेस शुरू करने वाली हुडा कातान और बैलन डि ओर ख़िताब जीतने वाली फुटबॉलर आइताना बोनमाती शामिल हैं।

### बीबीसी 100 में शामिल भारतीय महिलाओं का परिचय

**आरती कुमार राव**

- बेंगलुरू में जन्मी फ्रीलांस फ़ोटोग्राफ़र, लेखक और नेशनल ज्योग्राफ़िक एक्सप्लोरर आरती कुमार राव जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों का दस्तावेज़ तैयार करती हैं।

- वर्ष 2023 में उन्होंने अपनी पुस्तक 'Marginlands: India's Landscapes on the Brink' में भारत के सबसे प्रतिकूल वातावरण में रहने वाले लोगों के अनुभवों को समाहित किया है।

### जेत्सुनमा तेनजिन पाल्मो

- 1940 के दशक में इंग्लैण्ड में जन्मी जेत्सुनमा तेनज़िन पाल्मो ने किशोरावस्था में बौद्ध धर्म अपनाया था। 20 वर्ष की आयु में उन्होंने भारत की यात्रा की और तिब्बती बौद्ध मठवासी के रूप में नियुक्त होने वाली पहली पश्चिमी लोगों में से एक बन गईं।
- महिला चिकित्सकों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिए, तेनज़िन पाल्मो ने भारत के हिमाचल प्रदेश में **डोंगयु गत्सल लिंग ननरी** (Dongyu Gatsal Ling Nunnery) की स्थापना की, जो 120 से अधिक ननों का घर है।

### दीया मिर्जा

- भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री दीया मिर्जा कई पर्यावरण और मानवीय परियोजनाओं से जुड़ी हुई हैं।
- वह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की सद्भावना दूत के रूप में जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ हवा और वन्यजीव संरक्षण जैसे मुद्दों पर संदेश फैलाती हैं।
- वह 'सेव द चिल्ड्रेन', 'इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर' की राजदूत और 'सैंक्चुअरी नेचर फाउंडेशन' की बोर्ड सदस्य भी हैं।

### हरमनप्रीत कौर

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर विज़डन के वर्ष के पाँच क्रिकेटरों में से एक के रूप में नामित होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।
- उन्होंने पिछले वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी टीम को रजत पदक दिलाया था।

## साहित्य का जेसीबी पुरस्कार-2023

- तमिल लेखक पेरुमल मुरुगन को उनके उपन्यास 'फायर बर्ड' (Fire Bird) के लिए साहित्य का वर्ष 2023 का जेसीबी पुरस्कार 18 नवम्बर, 2023 को प्रदान किया गया है।
- 'फायर बर्ड' का तमिल से अंग्रेजी में अनुवाद जननी कन्नन द्वारा किया गया था।
  - ✓ *यह पुस्तक मूल रूप से आलंदा पैची के रूप में प्रकाशित हुई थी।*
- पुरस्कार की घोषणा जेसीबी समूह के अध्यक्ष लॉर्ड बैमफोर्ड द्वारा की गई और जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी द्वारा व्यक्तिगत रूप से इसे प्रदान किया गया।
- 'जेसीबी प्राइज फॉर लिटरेचर' के छठवें संस्करण की चयनित अन्तिम सूची में **शामिल अन्य पुस्तकें थीं।**
  - ✓ *तेजस्विनी आप्टे-रहम : 'द सीक्रेट ऑफ मोर' (एलेफ बुक कंपनी)*
  - ✓ *मनोरंजन बयापारी : 'द नेमेसिस' (वेस्टलैंड बुक्स); वी. रामास्वामी द्वारा बंगाली से अनुवादित।*
  - ✓ *विक्रमजीत राम : 'मंसूर' (पैन मैकमिलन इंडिया)।*
  - ✓ *मनोज रूपदा : 'आई नेम्ड माई सिस्टर साइलेंस' (वेस्टलैंड बुक्स)।*
- **वर्ष 2022 के विजेता** : खालिद जावेद को उनके उपन्यास 'द पैराडाइज ऑफ फूड' के लिए वर्ष 2022 का पुरस्कार प्रदान किया गया था, जो मूल रूप से उर्दू में लिखा गया था और बरन फारूकी द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित किया गया था।

***Salient Point...***

- ⌖ जेसीबी पुरस्कार 2018 में स्थापित एक भारतीय साहित्यिक पुरस्कार है।
- ⌖ यह पुरस्कार अंग्रेजी में काम करने वाले किसी भारतीय लेखक द्वारा उपन्यास के विशिष्ट कार्य या किसी भारतीय लेखक द्वारा अनुवादित कथा साहित्य के लिए प्रतिवर्ष पुरस्कारस्वरूप ₹ 25 लाख की राशि प्रदान की जाती है।
- ⌖ अनुवादक को अतिरिक्त ₹ 10 लाख दिए जाते हैं।
- ⌖ शॉर्टलिस्ट की गई पुस्तकों के लेखकों में से प्रत्येक को ₹ 1 लाख का पुरस्कार दिया जाता है। यदि शॉर्टलिस्ट की गई पुस्तक अनुवादित है, तो अनुवादक को ₹ 50,000 मिलते हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार 2023

- टेलीविजन कार्यक्रमों के वर्ष 2023 के (51वें) अन्तर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार का वितरण 20 नवम्बर, 2023 को न्यूयॉर्क सिटी में न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन में किया गया।
  - ✓ *यह पुरस्कार प्राइम टाइम एमी पुरस्कारों से भिन्न है तथा यह वार्षिक पुरस्कार मूलतः अमेरिका से बाहर निर्मित एवं प्रसारित टीवी कार्यक्रम में उत्कृष्टता के लिए ही दिए जाते हैं।*
- इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एण्ड साइंस (IATAS) द्वारा इस वर्ष यह पुरस्कार वर्ष 2022 में प्रसारित टीवी कार्यक्रमों के लिए प्रदान किए गए हैं।
- भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्माता एकता कपूर को प्रतिष्ठित डायरेक्टोरेट पुरस्कार (International Emmy Directorate Award) से सम्मानित किया गया है।
- इनके अलावा स्टैंडअप कॉमेडियन वीरदास को 'बेस्ट यूनिक कॉमेडी' श्रेणी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड उनके शो 'वीरदास लैंडिंग' के लिए प्रदान किया गया है।



एकता कपूर वीरदास

**एमी पुरस्कार 2023 के प्रमुख पुरस्कार : एक नजर में**

- **सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज़** : द एम्प्रेस (जर्मनी)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** : कार्ला सूज़ा (मैक्सिको)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** : मार्टिन फ़्रीमैन (यूके)

- **सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी-सीरीज** : डाइव (मैक्सिको)
- **सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री** : मारियुपोल : द पीपल्स स्टोरी
- **सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज** : डेरी गर्ल्स (यूके) और वीर दास : लैंडिंग (भारत)।

## शांति, निःशस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार 2022

- शान्ति, निःशस्त्रीकरण एवं विकास हेतु वर्ष 2022 का इंदिरा गांधी पुरस्कार देश में कोविड योद्धाओं के प्रतिनिधि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) और ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (TNAI) को संयुक्त रूप से 19 नवम्बर, 2023 को प्रदान किया गया।
- पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष शरद कुमार अग्रवाल और ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रॉय के जॉर्ज को यह पुरस्कार प्रदान किया।
- इससे पूर्व वर्ष 2021 का यह पुरस्कार कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समर्पित संस्था 'प्रथम', वर्ष 2019 का पुरस्कार ब्रिटेन के पर्यावरणविद् एवं प्रसारक सर डेविड एटिनबरो को तथा वर्ष 2018 का पुरस्कार पर्यावरण एवं विकास सम्बन्धी थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरनमेंट को दिया गया था।

***Salient Point...***

- 20वीं सदी की सबसे उल्लेखनीय नेताओं में से एक इंदिरा गांधी के नाम पर स्थापित इस पुरस्कार का उद्देश्य उन महिलाओं, पुरुषों और संस्थानों को सम्मानित करना है जिन्होंने मानवता की सेवा में अनुकरणीय कार्य किया है।

## निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस वर्ष 2023 की मिस यूनिवर्स

- वर्ष 2023 की मिस यूनिवर्स का फाइनल दौर अल सल्वाडोर की राजधानी सैन साल्वाडोर में 18 नवम्बर, 2023 को हुआ।
- इसका खिताब निकारागुआ की 23 वर्षीय टीवी होस्ट और मॉडल शेन्निस पलासियोस (Sheynnis Palacios) ने जीता।
- पलासियोस यह उपलब्धि हासिल करने वाली निकारागुआ की पहली महिला हैं।
- 84 देशों की चुनींदा सुन्दरियाँ इस वर्ष इस प्रतियोगिता में शामिल थीं। अन्तिम दौर में पहुँची तीन सुन्दरियों में निकारागुआ के अलावा थाइलैण्ड व ऑस्ट्रेलिया की सुन्दरियाँ शामिल थीं।
- अन्तिम प्रश्न-उत्तर दौर के पश्चात् शेन्निस पलासियोस को विजेता घोषित किया गया, जबकि थाईलैण्ड की एन्टोनिया पोर्सिल्ड (Anntonia Porsild) को प्रथम उपविजेता और ऑस्ट्रेलिया की मोरया विल्सन (Moraya Wilson) को दूसरा उपविजेता घोषित किया गया।
- पिछले वर्ष की मिस यूनिवर्स अमेरिका की आर'बोनी गैब्रिएल (R'Bonney Gabriel) ने नई यूनिवर्स शेन्निस पलासियोस को ताज पहनाया।
  - ✓ *आर'बोनी गैब्रिएल को पिछले वर्ष 2022 का मिस यूनिवर्स चुना गया था।*
- इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व चण्डीगढ़ में जन्मी श्वेता शारदा ने किया।




- मिस यूनिवर्स 2023 में पहली बार दो ट्रांसवुमेन मिस नीदरलैण्ड्स रिक्की कोले (Rikkie Kollé) और मिस पुर्तगाल मरीना मचेटे (Marina Machete) ने भाग लिया।

## सलमान रुश्दी को पहला 'लाइफटाइम डिस्टर्बिंग द पीस' अवॉर्ड

- भारतीय मूल के प्रसिद्ध ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी को 14 नवम्बर, 2023 को पहले **'लाइफटाइम डिस्टर्बिंग द पीस अवॉर्ड'** से सम्मानित किया गया।
  - ✓ *उन्हें यह पुरस्कार वैक्लेव हैवेल सेंटर द्वारा प्रदान किया गया।*
  - ✓ *कथित तौर पर रुश्दी द्वारा पुरस्कार स्वीकार करने से कुछ क्षण पहले तक इस सम्मान को गुप्त रखा गया था।*
  - ✓ *अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क में एक साहित्यिक उत्सव के दौरान चाकू मारे जाने के बाद रुश्दी की यह पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी।*
- सलमान रुश्दी को पिछले माह अक्टूबर में जर्मन बुक ट्रेड का 2023 के लिए शांति पुरस्कार मिला था।

- इनके अलावा, जेल में बंद मिस्र के कार्यकर्ता **अला अब्देल-फतह** को **'डिस्टर्बिंग द पीस अवॉर्ड टू ए करेजियस राइटर एट रिस्क'** प्रदान किया गया।
  - ✓ *अब्देल-फतह हिरासत में लिए जाने के बावजूद मिस्र की तानाशाही शासन के खिलाफ विपक्ष की छवि बने हुए हैं।*

## आरबीआई को 'बिजनेस चेंजमेकर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने द हिंदू ग्रुप के 'बिजनेसलाइन चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को महामारी के दौर में देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रदान किया। वहीं अमूल को 'आइकॉनिक चेंजमेकर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
  - ✓ *अमूल का सहकारी मॉडल ने हाशिए पर रहने वाले लोगों और महिलाओं के विकास का एक नया मॉडल बना है।*

**कार्यक्रम के 5वें संस्करण में छह श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए–**

- **डिजिटल परिवर्तन (Digital Transformation) :** स्टेलैप्स टेक्नोलॉजीज;
  - ✓ *यह एक स्टार्ट-अप है। यह डेयरी क्षेत्र को डिजिटल बनाने का काम करता है।*
- **सामाजिक परिवर्तन (Social Transformation) :** दो संस्थाओं को प्रदान किया गया।
  - ✓ *प्रथम–हरकी (HerKey), जिसका उद्देश्य महिला प्रतिभा पलायन को रोकना है और*
  - ✓ *दूसरा–एजुकेट गर्ल्स (Educate Girls), एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य लड़कियों के लिए शिक्षा की पहुँच और गुणवत्ता में सुधार करना है।*
- **वित्तीय परिवर्तन (Financial Transformation) :** प्रधानमंत्री जन-धन योजना
- **युवा चेंजमेकर (Young Changemaker) :** चेरीलर्न (CherriLearn) के निर्माता श्रीनिधि आर.एस. को।
  - ✓ *चेरीलर्न एक शिक्षा प्रदान करने वाला एप है, जो कक्षा 1 -5 के बच्चों को क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान करता है।*
- **प्रतिष्ठित चेंजमेकर ( Iconic Changemaker) :** अमूल
- **चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार (Changemaker of the Year) :** शक्तिकांत दास।

## 'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग' पुरस्कार

- भारतीय मूल की लेखिका नंदिनी दास को वर्ष 2023 का 'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग' पुरस्कार दिया गया है।
- अन्तर्राष्ट्रीय नॉन फिक्शन के लिए दिया जाने वाला 25 हजार GBP पाउंड का यह पुरस्कार नंदिनी को उनकी पुस्तक 'कोर्टिंग इंडियाः इंग्लैंड, मुगल इंडिया एण्ड द ओरिजिन्स ऑफ एम्पायर' के लिए दिया जाएगा।
- इसके अलावा कैरेबिया में जन्मे अफ्रीकी और भारतीय मूल के क्रिस मंजाप्रा (Kris Manjapra) की पुस्तक 'ब्लैक घोस्ट ऑफ एम्पायर : द लॉन्ग डेथ ऑफ स्लेवरी एण्ड द फेल्योर ऑफ इमैन्सिप' सहित प्रत्येक अल्पसूचीबद्ध की गई प्रत्येक पुस्तक को 1000 पाउंड की राशि दी जाएगी।
- इस साल की अल्पसूचीबद्ध में शामिल अन्य लोगों में तानिया ब्रैनिगन की 'रेड मेमोरी : लिविंग, रिमेम्बरिंग एण्ड फॉरगेटिंग चाइनाज कल्चरल रेवोल्यूशन', डैनियल फोलियार्ड की 'द वायलेंस ऑफ कोलोनियल फोटोग्राफी', आइरीन वैलेजो की 'पेपिरस : द इन्वेंशन ऑफ बुक्स इन द एंशिएंट वर्ल्ड' और दिमित्रिस ज़िगालाटास की 'रिचुअल : हाउ सीमिंगली सेंसलैस एक्ट्स मेक लाइफ वर्थ लिविंग' शामिल हैं।

# Round-up

### महाराष्ट्र सरकार का लता मंगेशकर पुरस्कार 2023

- महाराष्ट्र राज्य सांस्कृतिक विभाग ने इस वर्ष के गानसाम्राज्ञी लता मंगेशकर पुरस्कार से अनुभवी पार्श्व गायक सुरेश वाडकर को सम्मानित करने की घोषणा नवम्बर 2023 में की है।
- सुरेश वाडकर को पुरस्कारस्वरूप नकद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र और एक स्मृति-चिह्न प्रदान किया जाएगा।

### केरल सरकार के राज्य सम्मान

- केरल सरकार ने प्रसिद्ध लेखक टी. पद्मनाभन को प्रतिष्ठित केरल ज्योति पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए चुना है।
- राज्य का यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मनाभन को मलयालम साहित्य में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।
- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) **एम. फातिमा बीवी** को उत्कृष्ट सामाजिक सेवा के लिए और **नटराज कृष्णमूर्ति** (सूर्य कृष्णमूर्ति) को कला में योगदान के लिए राज्य के दूसरे सर्वोच्च राज्य सम्मान 'केरल प्रभा' से सम्मानित किया जाएगा।
- राज्य के तीसरे सर्वोच्च राज्य सम्मान 'केरल श्री' से पुनालुर सोमराजन (सामाजिक सेवा क्षेत्र), वी. पी. गंगाधरन (स्वास्थ्य क्षेत्र), रवि डी. सी. (उद्योग और वाणिज्य क्षेत्र), के. एम. चन्द्रशेखर (सिविल सेवा क्षेत्र) और पंडित रमेश नारायण (कला, संगीत) को सम्मानित किया जाएगा।



# खेल परिदृश्य

## टेनिस / Tennis

### डेविस कप (2023) : इटली दूसरी बार विजेता

- पुरुषों के टीम टेनिस के प्रतिष्ठित डेविस कप (2023) के फाइनल 12-17 सितम्बर तथा 21-26 नवम्बर, 2023 के दौरान खेले गए।
- इसका फाइनल मुकाबला इटली और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 नवम्बर, 2023 को मलागा (स्पेन) में खेला गया, जिसमें इटली ने 28 बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर कप जीतने में सफलता प्राप्त की।
- टूर्नामेंट के 123 वर्ष के इतिहास में इटली दूसरी बार चैम्पियन बना है। इससे पहले टीम ने 1976 में यह टाइटल अपने नाम किया था।
- ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार दूसरी बार उपविजेता रही है। ऑस्ट्रेलिया आखिरी बार 2003 में विजेता बनी थी।

**Know The Facts** : इटली 11वाँ देश है, जिसने एक से ज्यादा बार डेविस कप टाइटल जीता है। अब तक 16 देश चैम्पियन बन चुके हैं।

### पुरुषों का एटीपी टूर फाइनल्स (2023)

- सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों के लिए एटीपी के वर्ष 2023 के सत्रांत में एटीपी टूर फाइनल्स का आयोजन इटली के ट्यूरिन में 12-19 नवम्बर, 2023 को हुआ।
- एटीपी के इस वर्षांत टूर्नामेंट का एकल फाइनल गत् विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने फाइनल में इटली के जेनिक सिनर (Jannik Sinner) को हराकर रिकॉर्ड 7वीं बार अपने नाम किया।
  - ✓ *जोकोविच ने स्विट्ज़रलैण्ड के खिलाड़ी रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 6 एटीपी फाइनल खिताब जीते हैं।*
  - ✓ *नोवाक जोकोविच ने वर्ष 2008 में अपना पहला एटीपी फाइनल जीता था।*
  - ✓ *जोकोविच ने वर्ष 2023 में ऑस्ट्रेलियन, फ्रेंच और अमेरिकी ओपन खिताब जीते हैं।*
  - ✓ *जोकोविच वर्ष के समापन पर नंबर-1 रैंकिंग पर हैं।*
  - ✓ *जोकोविच के नाम रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं।*
- युगल खिताब के लिए अमेरिका के राजीव राम (Rajeev Ram) और ब्रिटेन के जो. सैलिसबरी (Joe Salisbury) की जोड़ी ने स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स (Marcel Granollers) और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस (Horacio Zeballos) की जोड़ी को हराकर एटीपी फाइनल का युगल खिताब जीता।

**Salient Point...**

- ⌖ एटीपी टूर फाइनल्स 'एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स' (ATP) का सत्र का अन्तिम टूर्नामेंट होता है तथा यह प्रतिवर्ष नवम्बर माह में ही आयोजित होता है।
- ⌖ वर्ष 2023 का उपर्युक्त आयोजन एकल खिताब हेतु 54वाँ तथा युगल खिताब हेतु 48वाँ आयोजन था।

### महिलाओं का डब्ल्यूटीए टूर फाइनल्स (2023)

- 'विमेन्स टेनिस एसोसिएशन' की सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2023 की सत्रांत डब्ल्यूटीए फाइनल्स का आयोजन मैक्सिको के केनकुन में 29 अक्टूबर-6 नवम्बर, 2023 को हुआ।
- इस टूर्नामेंट का एकल खिताब पोलैण्ड की इगा स्वातेक ने शीर्ष वरीय अमेरिका की जेसका पेगुला (Jessica Pegula) को 6-1, 6-0 से हराकर जीता।
- युगल खिताब के लिए जर्मनी की लॉरा सिगेमुंड और रूस की वेरा ज्वोनरेवा की जोड़ी ने अमेरिका की निकोले मेलीचर-मार्टिनेज़ और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज़ की जोड़ी को फाइनल में पराजित किया।

**Salient Point...**

- ⌖ सत्र की इस अन्तिम डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता में आठ शीर्ष खिलाड़ी एकल स्पर्द्धा में तथा 8 टीमें युगल स्पर्द्धा में भाग लेती हैं।
- ⌖ इस वर्ष 2023 की यह प्रतियोगिता एकल खिताब के मामले में 51वाँ तथा युगल खिताब के मामले में 46वाँ संस्करण था।

## क्रिकेट / Cricket

### ऑस्ट्रेलिया छठी बार आईसीसी विश्व कप का विजेता

- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) के (13वें) क्रिकेट विश्व कप का आयोजन 5 अक्टूबर-19 नवम्बर, 2023 के दौरान भारत की मेजबानी में सम्पन्न हुआ।

- 19 नवम्बर, 2023 को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य फाइनल खेला गया। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से पराजित कर छठवीं बार खिताब अपने नाम किया।

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

### फाइनल में स्कोर

- **भारत** : 50 ओवर में 240 रन (10 विकेट खोकर)
- **ऑस्ट्रेलिया** : 43 ओवर में 241 रन (4 विकेट खोकर)
- **परिणाम** : ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से विजयी।
- भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैण्ड को 70 रन से हराकर तथा ऑस्ट्रेलिया ने द. अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।
- **फाइनल मैच में 'मैन ऑफ द मैच'** : ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया)
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज** : विराट कोहली (भारत)
- **पुरस्कार राशि :**
  - ✓ **विजेता :** *ऑस्ट्रेलिया (40 लाख डॉलर)*
  - ✓ **उपविजेता :** *भारत (20 लाख डॉलर)*
- **ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान** : पेट कमिंस
- **भारतीय टीम के कप्तान** : रोहित शर्मा
- विश्व कप सबसे अधिक छह बार ऑस्ट्रेलिया (1987, 1999, 2003, 2007, 2015, 2023) ने जीता है, जबकि वेस्टइण्डीज (1975, 1979) और भारत (1983, 2011) ने दो-दो बार तथा पाकिस्तान (1992), श्रीलंका (1996) और इंग्लैण्ड (2019) ने एक-एक बार विश्व कप जीता है।
- भारतीय क्रिकेट टीम इस विश्व कप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राउण्ड रॉबिन आधार पर खेले गए अपने सभी 9 मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुँची थी।
- कुल मिलाकर 10 टीमें (भारत, द. अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंग्लैण्ड, बांग्लादेश, श्रीलंका व नीदरलैण्ड्स) इस टूर्नामेंट में शामिल थीं।

### आईसीसी क्रिकेट विश्व कप : अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **सर्वोच्च टीम स्कोर** : 428/5 द. अफ्रीका द्वारा श्रीलंका के विरुद्ध, अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली।
- **न्यूनतम टीम स्कोर** : 55 श्रीलंका द्वारा, भारत के विरुद्ध, वानखेड़े स्टेडियम, मुम्बई।
- **रनों के आधार पर सबसे बड़ी जीत** : 309 रनों से, ऑस्ट्रेलिया द्वारा नीदरलैण्ड्स के विरुद्ध।
- **विकेट के आधार पर सबसे बड़ी जीत** : 9 विकेट से, न्यूजीलैण्ड द्वारा इंग्लैण्ड के विरुद्ध।
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन** : विराट कोहली, भारत (11 मैचों में कुल 765 रन)।
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट** : मोहम्मद शमी (भारत), 27 विकेट (7 इनिंग में)।
- **टूर्नामेंट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर** : 201* रन, ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)।
- **सर्वाधिक शतक लगाने वाला खिलाड़ी** : क्विंटन डि कॉक, द. अफ्रीका (4 शतक)।
- **सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी** : विराट कोहली, भारत (9 अर्द्धशतक)।
- **सर्वाधिक छक्के लगाने वाला खिलाड़ी** : 31, रोहित शर्मा (भारत)।
- **सर्वाधिक चौके लगाने वाला खिलाड़ी** : 68, विराट कोहली (भारत)।
- **किसी एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन** : मोहम्मद शमी (भारत); 9.5 ओवर में 57 रन देकर 7 विकेट, न्यूजीलैण्ड के विरुद्ध।
- **सर्वाधिक मेडन ओवर फेंकने वाला खिलाड़ी** : जसप्रीत बुमराह (भारत), 9 मेडन।

### आगामी विश्व कप

- आईसीसी के एकदिवसीय क्रिकेट के आगामी (14वें) विश्व कप का आयोजन 2027 में अक्टूबर–नवम्बर के दौरान द. अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्बे की संयुक्त मेजबानी में होगा।

## विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

- विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार 1992 से प्रारम्भ किया गया था। तब से अब तक यह पुरस्कार निम्नलिखित खिलाड़ियों को प्रदान किया गया है–

| वर्ष | प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट |
|---|---|
| 1992 | मार्टिन क्रो (न्यूजीलैण्ड) |
| 1996 | सनत जयसूर्या (श्रीलंका) |
| 1999 | लांस क्लूजनर (द. अफ्रीका) |
| 2003 | सचिन तेंदुलकर (भारत) |
| 2007 | ग्लेन मैकग्रा (ऑस्ट्रेलिया) |
| 2011 | युवराज सिंह (भारत) |
| 2015 | मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) |
| 2019 | केन विलियम्सन (न्यूजीलैण्ड) |
| 2023 | विराट कोहली (भारत) |

**विश्व कप में सभी 10 टीमों के कप्तान**

| टीम | कप्तान | टीम | कप्तान |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | पेट कमिंस | अफगानिस्तान | हशमतुल्लाह शाहीदी |
| भारत | रोहित शर्मा | इंग्लैण्ड | जोस बटलर |
| द. अफ्रीका | टेम्पा बवूमा | बांग्लादेश | शाकिब अल हसन |
| न्यूजीलैण्ड | केन विलियम्सन | श्रीलंका | कुसल मेंडिस |
| पाकिस्तान | बाबर आजम | नीदरलैण्ड्स | स्कॉट एडवर्डस |

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (2023-24)

- 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' की घरेलू टी-20 क्रिकेट की सत्र 2023-24 की (16वीं) सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए मैच 16 अक्टूबर-6 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न हुए।
- मोहाली के इन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पंजाब ने बड़ोदा को 20 रन से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की।
- फाइनल मुकाबले में **'प्लेयर ऑफ द मैच'** पंजाब के **अनमोलप्रीत सिंह** को चुना गया।
- पंजाब ने पहली बार ही यह टूर्नामेंट जीतने में सफलता प्राप्त की है।

# बिलियर्ड्स/स्नूकर / Billiards/Snooker

## पंकज आडवाणी ने 26वीं बार जीता विश्व बिलियड्र्स चैम्पियनशिप का खिताब

- भारतीय क्यूस्ट पंकज आडवाणी ने भारत के ही सौरव कोठारी को 1000-416 अंक से पराजित कर 26वीं बार विश्व विलियड्र्स चैम्पियनशिप जीत ली।
- चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला 21 नवम्बर, 2023 को कतर की राजधानी दोहा में खेला गया।
- उन्होंने कॅरियर का पहला वर्ल्ड टाइटल (IBSF World Snooker Championship) वर्ष 2003 में अपने नाम किया था, जबकि वर्ष 2005 में पहली बार 'IBSF वर्ल्ड बिलियड्र्स चैम्पियनशिप' का खिताब जीता था।



पंकज आडवाणी

**पंकज आडवाणी द्वारा जीते गए अब तक खिताब**

- यह आडवाणी का 'बिलियड्र्स' में 18वाँ वर्ल्ड टाइटल है।
  - ✓ *IBSF विश्व बिलियड्र्स चैम्पियनशिप (Point Format) – 8 (2005, 2008, 2014, 2016, 2017, 2018, 2019, 2022)*
  - ✓ *IBSF विश्व बिलियड्र्स चैम्पियनशिप (Long Format) – 9 (2005, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2018, 2023)*
  - ✓ *विश्व टीम बिलियड्र्स चैम्पियनशिप – 1 (2014)*
- **आडवाणी के स्नूकर में खिताब**
  - ✓ *IBSF विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप (15 Reds) – 3 (2003, 2015, 2017)*
  - ✓ *IBSF विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप (6 Reds) – 2 (2014, 2015)*
  - ✓ *IBSF 6 Red स्नूकर वर्ल्ड कप – 1 (2021)*
  - ✓ *IBSF वर्ल्ड टीम कप – 1 (2018)*
  - ✓ *IBSF वर्ल्ड टीम चैम्पियनशिप – 1 (2019)*

***Salient Point...***

- ⌖ पंकज आडवाणी को वर्ष 2004 में 'अर्जुन अवॉर्ड' और वर्ष 2006 में 'खेल रत्न' से नवाजा गया था।
- ⌖ वर्ष 2009 में 'पद्मश्री' और वर्ष 2018 में 'पद्म भूषण' से भी उन्हें सम्मानित किया गया था।

# तीरंदाजी / Archery

## एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप

- 'एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप' का 23वाँ संस्करण 3-10 नवम्बर, 2023 को बैंकॉक (थाईलैण्ड) में सम्पन्न हुआ।
- इस चैम्पियनशिप की पदक तालिका में 6 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य सहित कुल 11 पदक के साथ दक्षिण कोरिया शीर्ष स्थान पर रहा।
- भारत का पदक तालिका में दूसरा स्थान रहा। भारत ने 3 स्वर्ण, 1 रजत व 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते।

**पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी**

- **स्वर्ण पदक** : परनीत कौर (महिला कम्पाउण्ड व्यक्तिगत), महिला कम्पाउण्ड टीम (अदिति स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नाम और परनीत कौर), मिश्रित कम्पाउण्ड टीम (अदिति स्वामी और प्रियांश)।
- **रजत पदक** : ज्योति सुरेखा वेन्नाम (महिला कम्पाउण्ड व्यक्तिगत)।
- **कांस्य पदक** : अभिषेक वर्मा (पुरुष व्यक्तिगत), पुरुष कम्पाउण्ड टीम (अभिषेक वर्मा, प्रथमेश फुगे, प्रियांश), महिला रिकर्व टीम (टीशा पुनिया, भजन कौर, अंकिता भकत)।

# वुशु / Wushu

## 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप

- 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप 16-20 नवम्बर, 2023 को अमेरिका के टेक्सास स्टेट के फोर्ट वर्थ में सम्पन्न हुई।
- इस चैम्पियनशिप में चीन ने 15 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वियतनाम और मकाऊ टीम क्रमशः दूसरे (5 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य) और तीसरे (5 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य) स्थान पर रही। हांगकांग, सिंगापुर और मलेशिया क्रमशः चौथे, पाँचवें और छठे स्थान पर हैं।
- इस प्रतियोगिता में भारत ने 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते।

**पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी**

- **रजत पदक** : रोशिबिना देवी (महिलाओं की सांडा स्पर्द्धा 60 किग्रा.)।
- **कांस्य पदक** : कुशल कुमार (पुरुषों की सांडा स्पर्द्धा 48 किग्रा.), छवि (महिलाओं की सांडा स्पर्द्धा 48 किग्रा.)।

## स्क्वैश / Squash

### 79वीं सीनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप (2023)

- 79वीं सीनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप का आयोजन 17-23 नवम्बर, 2023 को चेन्नई के भारतीय स्क्वैश और ट्रायथलॉन अकादमी (आईएसटीए) में सम्पन्न हुई।
- 23 नवम्बर, 2023 को खेले गए फाइनल में तमिलनाडु के वेलावन सेंथिलकुमार और दिल्ली की अनाहत सिंह ने राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप में पहली बार क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब अपने नाम किए।



राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप के विजेता वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह

- अनाहत सिंह ने फाइनल में दिल्ली की ही तन्वी खन्ना को पराजित किया, हालांकि तन्वी खन्ना को घुटने में चोट के कारण दूसरे राउंड के पश्चात् मैच से हटना पड़ा।
- वहीं वेलावन ने तमिलनाडु के ही अभय सिंह को 12-10, 11-3, 12-10 से हराया।
- 15 वर्षीय अनाहत सिंह यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की दूसरी खिलाड़ी हैं।
  - ✓ *जोशना चिनप्पा ने वर्ष 2000 में 14 वर्ष की आयु में पहला राष्ट्रीय खिताब जीता था।*

## निशानेबाजी / Shooting

### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2023

- आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन 18-26 नवम्बर, 2023 को दोहा (कतर) में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में चीन ने 2 स्वर्ण, 4 रजत व 2 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारत के लिए एकमात्र कांस्य पदक निशानेबाज अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्द्धा में दिलाया।
  - ✓ *यह ISSF विश्व कप फाइनल इतिहास में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्द्धा में भारत के लिए पहला पदक भी था।*
  - ✓ *भानवाला ने पिछले महीने चांगवान में एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप 2023 में कांस्य पदक भी अपने नाम किया और इस दौरान उन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलम्पिक कोटा प्राप्त किया।*
- उल्लेखनीय है कि अनीश भानवाला का कांस्य पदक इस वर्ष ISSF विश्व कप फाइनल में भारत को मिला पहला और आखिरी व्यक्तिगत पदक है।
  - ✓ *चार वर्ष पूर्व चीन में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के अंतिम संस्करण में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर, दिव्यांश सिंह पंवार और एलावेनिल वलारिवन ने व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं में स्वर्ण पदक जीते थे।*

### 15वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप

- '15वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप' दक्षिण कोरिया के चांगवान में 22 अक्टूबर-2 नवम्बर, 2023 को आयोजित की गई।
- इस प्रतियोगिता में 14 स्वर्ण, 9 रजत और 10 कांस्य पदक सहित कुल 33 पदक जीतकर चीन पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।
- भारत का प्रतियोगिता में तीसरा स्थान रहा। भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 8 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते।

**पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी**

- **स्वर्ण पदक** : 10 मी. एयर राइफल टीम (अर्जुन बबूता, हृदय हजारिका, दिव्यांश सिंह पंवार), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष–50 मी. राइफल 3 पोजिशंस), स्कीट टीम (अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह और अनंतजीत सिंह नरूका), महिलाओं की 50 मी. राइफल 3 पोजीशंस टीम (आशी चोकसे, आयुषी पोद्दार और श्रीयंका सादंगी), मिश्रित ट्रेप टीम (पृथ्वीराज टोंडीमेन और मनीषा कीर), मिश्रित स्कीट टीम (अनंतजीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़)
- **रजत पदक** : अर्जुन बबूता (पुरुष–10 मी. एयर पिस्टल), हुसैन ज़ाहिद (पुरुष–50 मी. राइफल प्रोन), पुरुषों की 50 मी. राइफल 3 पोजिशंस टीम (स्वप्निल कुसाले, अखिल शियोरण, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर), पुरुषों की ट्रेप टीम (किनान चेनाई, ज़ोरावर सिंह संधु, पृथ्वीराज), महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम (मनु भाकर, रीथम सांगवान, ईशा सिंह), तिलोतमा सेन (महिला : 10 मीटर एयर राइफल), मिश्रित 10 मी. एयर पिस्टल टीम (सरबजोत सिंह और सुरभि राव), मिश्रित 10 मी. एयर राइफल टीम (दिव्यांश सिंह पंवार और रमिता जिंदल)
- **कांस्य पदक** : सरबजोत सिंह (पुरुष–10 मी. पिस्टल), अनीष भानवाला (पुरुष–25 मी. रेपिड फायर पिस्टल), 25 मी. रेपिड फायर पिस्टल टीम (अनीष भानवाला, विजयवीर सिद्धू, आदर्श सिंह), रमिता जिंदल (महिला : 10 मी. एयर राइफल), महिलाओं की 10 मी. एयर राइफल टीम (रमिता जिंदल, श्रीयंका सादंगी, तिलोतमा सेन)

**ओलम्पिक कोटा**

- एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में 12 ओलम्पिक शूटिंग स्पर्द्धाओं में कुल 24 ओलम्पिक कोटा (प्रति इवेंट दो) दांव पर थे। भारत ने 6 कोटा स्थान हासिल किए।

- श्रीयंका सदांगी (महिलाओं की 50 मी. राइफल 3 पोजिशन), अनीश भानवाला (पुरुषों की 25 मी. रैपिड फायर पिस्टल), मनु भाकर (महिलाओं की 25 मी. पिस्टल), अर्जुन बबुता (पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल), तिलोत्तमा सेन (महिलाओं की 10 मी. एयर राइफल) और सरबजोत सिंह (पुरुषों की 10 मी. एयर पिस्टल) ने एशियन चैम्पियनशिप में भारत के लिए पेरिस ओलम्पिक कोटा हासिल किया।
- पेरिस 2024 ओलम्पिक के लिए निशानेबाजी में भारत के लिए कुल 13 कोटा स्थान हैं।

## हॉकी / Hockey

### सुल्तान ऑफ जोहोर कप (2023)

- मलेशिया में जोहोर बाहरू शहर में 27 अक्टूबर-4 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न **पुरुषों के 11वें (अंडर-21) सुल्तान ऑफ जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट** का खिताब **जर्मनी** ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर जीता।
- जर्मनी ने यह टूर्नामेंट दूसरी बार जीता है। इससे पूर्व 2012 में जर्मनी इस टूर्नामेंट का विजेता रहा था।
- भारत ने पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 6-5 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- प्रतिभागी टीमें : जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैण्ड, मलेशिया और द. अफ्रीका।

## शतरंज / Chess

### फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट

- यूके के आइल ऑफ मैन में नवम्बर 2023 में आयोजित फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में भारत के आर वैशाली और विदित गुजराती ने क्रमशः महिला और ओपन वर्ग के खिताब जीते।
  - ✓ *वैशाली ने 11 वें और अंतिम राउंड में मंगोलिया की बटखुयाग मुंगुटुउल से ड्रा खेलकर यह खिताब जीता।*
  - ✓ *वहीं विदित ने सर्बिया के एलेक्टजेंडर प्रेडके को हराकर 7वीं जीत दर्ज की और ओपन सेक्शन में शीर्ष स्थान हासिल किया।*
- इन दोनों खिलाड़ियों ने अगले वर्ष (2024) अप्रैल में कनाडा में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।
- प्रतियोगिता में वैशाली और विदित दोनों के 8.5 अंक थे।

## पैरा खेल / Para game

### पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप

- एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 4 रजत व एक कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- यह प्रतियोगिता थाईलैण्ड के बैंकॉक में 16-25 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न हुई।

**पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी**

- **स्वर्ण पदक** : पुरुष कम्पाउण्ड ओपन टीम (राकेश कुमार और सूरज सिंह), कम्पाउण्ड मिश्रित टीम (राकेश कुमार और शीतल देवी), महिला कम्पाउण्ड ओपन टीम (शीतल देवी और ज्योति बालियान), महिला कम्पाउण्ड व्यक्तिगत (शीतल देवी)।
- **रजत पदक** : महिला रिकर्व ओपन टीम (पूजा जात्यान, पूजा खन्ना), पुरुष रिकर्व ओपन टीम (हरविंदर सिंह और विवेक चिकारा), पुरुष डब्ल्यूवन टीम (अदिल मोहमेद नजीर अंसारी और नवीन दलाल), महिला कम्पाउण्ड ओपन (शीतल देवी)।
- **कांस्य पदक** : महिला कम्पाउण्ड व्यक्तिगत (सरिता)।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### संजीव मलिक ने 42वें विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों में 5 स्वर्ण जीते

- आर्मी मेडिकल कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक ने कोलम्बिया में 42वें विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों में 5 स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।
  - ✓ *इन खेलों का आयोजन 4-11 नवम्बर, 2023 को कार्टाजेना, कोलम्बिया में किया गया।*
- वर्तमान में राष्ट्रपति के अंगरक्षक के रूप में राष्ट्रपति भवन में तैनात कर्नल संजीव मलिक ने 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर और क्रॉस-कंट्री स्पर्द्धाओं में जीत प्राप्त की।
- वर्ष 2023 में यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले संजीव मलिक एकमात्र एथलीट हैं।
  - ✓ *मलिक, वर्ष 1978 में शुरू हुए विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों के कुछ चुनिंदा एथलीटों में शामिल हो गए हैं।*

***Salient Point...***

⌖ 1978 के बाद से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेल, स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए ओलम्पिक खेल माना जाता है।

## मनिका बत्रा अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

- भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाते हुए कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुँच गई हैं।
- वह एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने शीर्ष-50 खिलाड़ियों में जगह बनाई है।
- मिश्रित युगल रैंकिंग में मनिका बत्रा और जी साथियान की जोड़ी एक स्थान फिसलकर 10वें नंबर पर पहुँच गई हैं।
- पुरुष एकल में भारत के हरमीत देसाई और मानव ठक्कर क्रमशः 1-1 स्थान फिसलकर 73वें और 82वें नंबर पर पहुँच गए हैं।

## एंजेलो मैथ्यूज 'टाइम आउट' होने वाले पहले खिलाड़ी

- श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 'टाइम आउट' होने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

**क्या है मामला ?**

- 6 नवम्बर, 2023 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के 38वें मुकाबले (बांग्लादेश-श्रीलंका के मध्य) में चौथा विकेट गिरने के बाद मैथ्यूज पिच पर पहुँच गए। वह गेंद खेलने के लिए तैयार हो रहे थे, लेकिन इसी दौरान उनके हेलमेट का स्ट्रैप टूट गया। उन्होंने 12वें खिलाड़ी से नया हेलमेट मँगवाया। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने देर होने पर अंपायर से अपील की। अंपायर इरास्मस ने 'टाइम आउट' नियम के तहत् मैथ्यूज को आउट करार दे दिया।

**क्या है नियम ?**

- नियम 40.1.1 के अनुसार, विकेट गिरने के 3 मिनट के भीतर नए बल्लेबाज को अगली गेंद खेलनी होती है, वहीं आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन के हिसाब से वर्ल्ड कप में कटऑफ टाइम सिर्फ 2 मिनट का है। मैथ्यूज ने **2 मिनट से ज्यादा समय** ले लिया था।
  - ✓ *इंटरनेशनल क्रिकेट के 146 वर्ष के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई बैटर टाइम आउट के जरिए पवेलियन लौटा है।*

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023' की घोषणा

- केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 23 नवम्बर, 2023 को 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स' की घोषणा की है।
- यह खेल 10-17 दिसम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किए जाएँगे।
- 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023' में कुल 7 खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। जिसमें 32 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 1350 से अधिक पैरा एथलीट भाग लेंगे।
- वर्ष 2018 से अब तक 11 बार 'खेलो इंडिया गेम्स' का आयोजन किया जा चुका है। इनमें 5 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 3 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और 3 खेलो इंडिया विंटर गेम्स शामिल हैं।

## तीन क्रिकेटर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

- 13 नवम्बर, 2023 को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारतीय टीम के पूर्व ओपनर **वीरेंद्र सहवाग**, भारत की ही पूर्व महिला क्रिकेटर **डायना एडुल्जी** और श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी **अरविंद डी सिल्वा** को **ICC हॉल ऑफ फेम** में शामिल किया है।
  - ✓ *आईसीसी हॉल ऑफ फेम में **पहली बार भारतीय महिला क्रिकेटर** को जगह मिली है।*




- 67 वर्षीय एडुल्जी ने वर्ष 1976-1993 के दौरान 34 वनडे और 20 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 34 वनडे में 46 विकेट लिए और 211 रन बनाए हैं। एडुल्जी ने 20 टेस्ट मैच में 63 विकेट लिए और 404 रन बनाए हैं।
- वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट में 8586 रन और वनडे में 8273 रन बनाए हैं। सहवाग टेस्ट क्रिकेट में दो बार ट्रिपल सेंचुरी बनाने वाले दुनिया के तीसरे बैट्समैन हैं। टेस्ट मैच में उनके 23 शतक और वनडे में 15 शतक हैं। सहवाग ने अक्टूबर 2015 में क्रिकेट से संन्यास लिया था।
- अरविंद डी सिल्वा ने टेस्ट में 6361 रन और वनडे में 9284 रन बनाए हैं। उन्होंने पहला वनडे वर्ष 1984 में न्यूजीलैण्ड और आखिरी वनडे वर्ष 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। अरविंद डी सिल्वा ने वर्ष 2003 में संन्यास लिया था।

***Salient Point...***

- ⌖ आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ़ फ़ेम (ICC Cricket Hall of Fame) में क्रिकेट के इतिहास में अहम भूमिका निभाने वाले दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है।

# 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में सम्पन्न

## पदक तालिका में महाराष्ट्र का शीर्ष स्थान

- **संस्करण** : 37वाँ
- **आयोजन तिथि** : 26 अक्टूबर-9 नवम्बर, 2023
- **मेजबान राज्य** : गोवा
- **37वें राष्ट्रीय खेलों में शामिल 43 खेल** : एक्वेटिक्स, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बीच गेम्स (बीच फुटबॉल, बीच हैंडबॉल, बीच बास्केटबॉल), मुक्केबाजी, बिलियड्र्स एवं स्नूकर, मुक्केबाजी, कैनोईंग एण्ड कयाकिंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, फुटबॉल, गोल्फ, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, कलियारापट्टू, खो-खो, लॉन बॉल, लॉन टेनिस, मलखम्भ, मिनी गोल्फ, मॉर्डन पेंटाथलॉन, नेटबॉल, पेनकेक सिलाट, रोलबॉल, नौकायन, रग्बी, सेपकटकरॉ, स्क्वा मार्शल आर्ट, स्क्वैश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलान, वॉलीबाल, भारोत्तोलन, कुश्ती, वुशु, याचिंग और योगासन।
  गतका और लगोरी (Demonstration sports) ।
- **शुभंकर** : मोगा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अक्टूबर, 2023 को मडगाँव, गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया।
- इन खेलों में देशभर से 10,000 से ज्यादा एथलीटों ने हिस्सा लिया। इन एथलीटों ने 28 स्थानों पर 43 खेलों की प्रतिस्पर्द्धा में प्रतिभाग किया।
- यह खेल गोवा के 5 शहरों– मापुसा, मडगाँव, पंजिम, पोंडा और वास्को में आयोजित किए गए। हालांकि **साइक्लिंग** और **गोल्फ** नई दिल्ली में आयोजित किए गए।
  - ✓ *गोवा ने अपने इतिहास में पहली बार इस आयोजन की मेजबानी की।*
- 37वें राष्ट्रीय खेलों में सर्वाधिक 80 स्वर्ण, 69 रजत और 79 कांस्य सहित कुल 228 पदक जीतकर महाराष्ट्र ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। 66 स्वर्ण, 27 रजत व 33 कांस्य सहित कुल 126 पदकों के साथ सेना का पदक तालिका में दूसरा स्थान रहा। पदक तालिका में तीसरा स्थान हरियाणा का रहा जिसके पदकों की संख्या 62 स्वर्ण, 55 रजत व 75 कांस्य सहित 192 रही।
- दो राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश इन खेलों में एक भी पदक नहीं जीत सके। इनमें मेघालय और लद्दाख शामिल थे। सिक्किम और लक्षद्वीप को केवल एक-एक कांस्य पदक मिला।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों की विजेता महाराष्ट्र की टीम को **राजा भालिंदर सिंह ट्रॉफी** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 10 नवम्बर, 2023 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में प्रदान की।
  - ✓ *यह ट्रॉफी राष्ट्रीय खेलों में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को दी जाती है।*
- समापन समारोह में भारतीय ओलम्पिक संघ ने उत्तराखण्ड को ध्वज सौंपा, जो कि 38वें राष्ट्रीय खेलों का मेजबान है।
- खेलों में **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** (Best Male Athlete) का पुरस्कार ओलम्पिक तैराक कर्नाटक के श्रीहरि नटराज को मिला, जिसने तैराकी में 8 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।
- खेलों में **सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी** (Best Female Athlete) का पुरस्कार महाराष्ट्र की **संयुक्ता प्रसेन काले** और ओडिशा की **प्रणति नायक** को संयुक्त रूप से मिला। दोनों जिम्नास्टों ने चार-चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

**राष्ट्रीय खेल 2023 : पदक तालिका में शीर्ष 10 टीमें**

| रैंक | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/टीम | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 80 | 69 | 79 | 228 |
| 2 | सेना | 66 | 27 | 33 | 126 |
| 3 | हरियाणा | 62 | 55 | 75 | 192 |
| 4 | मध्य प्रदेश | 37 | 36 | 39 | 112 |
| 5 | केरल | 36 | 24 | 27 | 87 |
| 6 | कर्नाटक | 32 | 32 | 37 | 101 |
| 7 | मणिपुर | 30 | 22 | 30 | 82 |
| 8 | दिल्ली | 29 | 26 | 66 | 121 |
| 9 | गोवा | 27 | 27 | 38 | 92 |
| 10 | तमिलनाडु | 19 | 26 | 33 | 78 |
| **13** | **राजस्थान** | **14** | **18** | **33** | **65** |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 11 | 24 | 36 | 71 |
| 30 | बिहार | 0 | 3 | 5 | 8 |

**प्रमुख स्पर्द्धाओं के विजेता टीम**


| स्पर्द्धा | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| बैडमिंटन पुरुष टीम स्पर्द्धा | कर्नाटक | महाराष्ट्र |
| बैडमिंटन महिला टीम स्पर्द्धा | असम | महाराष्ट्र |
| बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्द्धा | एम. थरुन (तेलंगाना) | सौरभ वर्मा (मध्य प्रदेश) |
| बैडमिंटन महिला एकल स्पर्द्धा | अनुपमा उपाध्याय (हरियाणा) | अदिति भट्ट (उत्तराखण्ड) |
| फुटबॉल (पुरुष) | सेना | मणिपुर |
| फुटबॉल (महिला) | ओडिशा | मणिपुर |
| हैंडबॉल (पुरुष) | ओडिशा | मणिपुर |

| स्पर्द्धा | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| हैंडबॉल (महिला) | ओडिशा | मणिपुर |
| हॉकी (पुरुष) | हरियाणा | कर्नाटक |
| हॉकी (महिला) | मध्य प्रदेश | हरियाणा |
| कबड्डी (पुरुष) | सेना | हरियाणा |
| कबड्डी (महिला) | हिमाचल प्रदेश | हरियाणा |
| खो-खो (पुरुष) | हिमाचल प्रदेश | हरियाणा |
| खो-खो (महिला) | हिमाचल प्रदेश | हरियाणा |
| लॉन टेनिस पुरुष टीम स्पर्द्धा | कर्नाटक | तमिलनाडु |

| स्पर्द्धा | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| लॉन टेनिस महिला टीम स्पर्द्धा | गुजरात | महाराष्ट्र |
| लॉन टेनिस पुरुष एकल स्पर्द्धा | सिद्धार्थ विश्वकर्मा (उत्तर प्रदेश) | सिद्धार्थ रावत (उत्तर प्रदेश) |
| लॉन टेनिस महिला एकल स्पर्द्धा | वैदेही चौधरी (गुजरात) | रश्मिका एस. भामिदीप्ति (तेलंगाना) |
| नेटबॉल (पुरुष) | हरियाणा | केरल |
| नेटबॉल (महिला) | हरियाणा | कर्नाटक |

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
## वन लाइनर

- आईपीएल सीजन 2024 के लिए गुजरात टाइटंस टीम का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है? **शुभमन गिल**
- डेरेन ब्रावो ने हाल में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है, उनका सम्बन्ध किस देश से है? **वेस्टइंडीज**
- नवम्बर 2023 में सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी चाइना मास्टर्स के पुरुषों के युगल फाइनल में किससे हार गईं? **लियांग वेई केंग और वांग चांग (चीन)**
- 24 नवम्बर, 2023 को दोहा (कतर) में खेले गए आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप का खिताब भारत की विद्या पिल्लई ने किसे 4-1 से हराकर जीता? **अनुपमा रामचन्द्रन (भारत)**
- दिसम्बर 2023 में आयोजित होने वाले पुरुष अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है? **उदय प्रताप सहारन**
- हाल ही में वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज जिन्हें आईसीसी ने 6 वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है? **मार्लोन सैमुअल्स**
- 21 नवम्बर, 2023 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) और किस राज्य सरकार ने एआईएफएफ-फीफा टैलेंट अकादमी की स्थापना से सम्बन्धित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? **ओडिशा**
- आईसीसी ने वर्ष 2024 के 'पुरुष अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड' का आयोजन स्थल श्रीलंका से कहाँ स्थानांतरित कर दिया है? **द. अफ्रीका**
- जयपुर के नाहरगढ़ फोर्ट स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में किस भारतीय स्टार क्रिकेटर की एक मोम प्रतिमा स्थापित की जाएगी? **विराट कोहली**
- 19 नवम्बर, 2023 को कुमामोटो (जापान) में सम्पन्न टेनिस प्रतियोगिता जापान मास्टर्स (2023) का पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीता? **विक्टर एलेक्सन और ग्रेगोरिया मरिस्का तुनजुंग**
- आईसीसी वर्ल्ड कप के बाद पाकिस्तान बोर्ड ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का कोच किसे नियुक्त किया है? **उमर गुल**
- नवम्बर 2023 में एशियन कॉन्टिनेंटल क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने के बाद किस तीरंदाज ने भारत को पेरिस ओलम्पिक 2024 के लिए तीरंदाजी में पहला कोटा दिलाया? **धीरज बोम्मादेवरा**
- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान, जिन्हें हाल ही में एफआईएच ने वर्ष 2023 के लिए 'गोलकीपर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामांकित किया है? **सविता पूनिया**
- महिला क्रिकेट में सबसे सफल कप्तान मेग लैनिंग, जिसने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, उनका सम्बन्ध किस देश से है? **ऑस्ट्रेलिया**
- नवम्बर 2023 में जारी आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक पायदान पर कौन क्रिकेटर है? **शुभमन गिल (भारत)**
- हाल ही में जापान पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में किसने SL-3 एकल वर्ग में हमवतन मनोज सरकार को हराकर स्वर्ण पदक जीता ? **प्रमोद भगत (भारत)**
- यूरोप के अंडर-21 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले फुटबॉलर को दिया जाने वाला वर्ष 2023 का 'गोल्डन बॉय अवॉर्ड' और 'गोल्डन गर्ल अवॉर्ड' क्रमशः किन्हें प्रदान किए गए? **जूड बेलिंघम (इंग्लैण्ड) व लिंडा कैसिडो (कोलम्बिया)**
- नवम्बर 2023 में अक्टूबर माह के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' और 'आईसीसी वुमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' क्रमशः किसे घोषित किया गया है? **रचिन रवीन्द्र (न्यूजीलैण्ड) और हेले मैथ्यू (वेस्टइंडीज)**
- 8 नवम्बर, 2023 को न्यूजीलैण्ड क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है? **डायना प्यूकटापू**
- दोहा (कतर) में एशिया रग्बी सेवंस ट्रॉफी के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने किस देश की महिला टीम को पराजित किया? **भारत**
- 1 नवम्बर, 2023 को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किस स्टेडियम में किया गया है? **वानखेड़े स्टेडियम (मुम्बई)**
- 28 अक्टूबर, 2023 को दक्षिण अफ्रीका ने रिकॉर्ड चौथे रग्बी वर्ल्ड कप खिताब के लिए फाइनल में किस देश को पराजित किया? **न्यूजीलैण्ड**



# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### हीरालाल सामरिया : नए मुख्य सूचना आयुक्त

- केन्द्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के रूप में कार्यरत् रहे हीरालाल सामरिया अब देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) नवम्बर 2023 में नियुक्त किए गए हैं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 6 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में उन्हें शपथ दिलाई।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, हीरालाल सामरिया को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाते हुए**

- केन्द्रीय सूचना आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त बने हीरालाल सामरिया इस पद को सँभालने वाले दलित समुदाय के पहले व्यक्ति हैं।
- मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर श्री यशोवर्धन सिन्हा, जो अक्टूबर 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे, का स्थान हीरालाल सामरिया ने लिया है। वह देश के 12वें मुख्य सूचना आयुक्त हैं।
- मुख्य सूचना आयुक्त पद पर हीरालाल सामरिया की नियुक्ति के साथ ही दो सूचना आयुक्तों (श्रीमती आनंदी रामलिंगम और विनोद कुमार तिवारी) की नियुक्ति भी नवम्बर 2023 में की गई है। उन्हें बाद में मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने सीआईसी कार्यालय में शपथ दिलाई।
- हीरालाल सामरिया का जन्म 14 सितम्बर, 1960 को डीग जिले (नवगठित) के पहाड़ी गाँव में हुआ था।
  - ✓ *उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से बीई सिविल (ऑनर्स) किया है।*
- सामरिया ने सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, जिनमें श्रम और रोजगार मंत्रालय में सचिव और रसायन और उर्वरक मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद शामिल हैं।
- तेलंगाना कैडर के 1985 बैच के अधिकारी सामरिया को 7 नवम्बर, 2020 को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था।

**केंद्रीय सूचना आयोग : एक नजर में**

- **स्थापना** : CIC की स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) के प्रावधानों के तहत् वर्ष 2005 में केन्द्र सरकार द्वारा की गई थी। यह संवैधानिक निकाय नहीं है।
- **सदस्य** : इसमें एक मुख्य सूचना आयुक्त होता है और दस से अधिक सूचना आयुक्त नहीं हो सकते हैं।
- **नियुक्ति** : उन्हें राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर नियुक्त किया जाता है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।
- **क्षेत्राधिकार** : आयोग का अधिकार क्षेत्र सभी केन्द्रीय लोक प्राधिकरणों तक है।
- **कार्यकाल** : मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) पद पर रह सकता है। वे पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं हैं।

### अनीश शाह : फिक्की के नए अध्यक्ष नियुक्त

- महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के प्रबन्ध निदेशक अनीश शाह देश की सबसे बड़ी उद्योग संस्था 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री' (फिक्की) के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।
- वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत, अनीश शाह महिन्द्रा समूह के समूह सीईओ और समूह की मूल कम्पनी एम एण्ड एम के प्रबन्ध निदेशक हैं।

***Salient Point...***

- फिक्की भारत के व्यापारिक संगठनों का संघ है जिसकी स्थापना वर्ष 1927 में महात्मा गांधी की सलाह पर घनश्याम दास बिड़ला एवं पुरुषोत्तम ठक्कर द्वारा की गई थी।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

### नीति आयोग ने की चार प्रतिष्ठित फेलो की नियुक्ति

- नवम्बर 2023 में, नीति आयोग ने एक वर्ष की अवधि के लिए चार प्रतिष्ठित अध्येताओं को नियुक्त किया है। यह चार सदस्य हैं–
  - ✓ *प्रो. अनूप सिंह : मैक्रोइकोनॉमिक्स के विशेषज्ञ*
  - ✓ *डॉ. ओ. पी. अग्रवाल : शहरी परिवहन के विशेषज्ञ*
  - ✓ *डॉ. अजय चौधरी : इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में अग्रणी*
  - ✓ *श्री. वी. लक्ष्मीकुमारन : कराधान में विशेषज्ञता*

- चारों नए सदस्य प्रमुख सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी मुद्दों से जुड़ी अपनी समझ और विशेषज्ञता के साथ-साथ महत्वपूर्ण कार्य अनुभव से भी नीति आयोग को समृद्ध करेंगे।

### *Salient Point...*

- नीति आयोग, भारत सरकार का एक प्रमुख नीति थिंक टैंक है। इसका दूसरा नाम राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान है।
- नीति आयोग के सात स्तंभ हैं: प्रो–एक्टिव, प्रो–पीपल, भागीदारी, सशक्तीकरण, सभी का समावेश, समानता, पारदर्शिता।
- **नीति आयोग के अध्यक्ष** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
- **नीति आयोग के उपाध्यक्ष** : सुमन बेरी
- **नीति आयोग के सीईओ** : बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम

## हितेश कुमार एस. मकवाना : भारत के नए महासर्वेक्षक नियुक्त

- तमिलनाडु कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हितेश कुमार एस. मकवाना को भारत का महासर्वेक्षक नियुक्त किया गया है।
- हितेश मकवाना ने इस पद पर सुनील कुमार का स्थान लिया है।
- तमिलनाडु कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मकवाना वर्तमान में गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं।

### *Salient Point...*

- भारत के महासर्वेक्षक भारतीय सर्वेक्षण विभाग के प्रमुख होते हैं, जो भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक विभाग है।
- कॉलिन मैकेंजी को भारत का पहला महासर्वेक्षक नियुक्त किया गया था।

## रियर एडमिरल राजेश धनखड़

- नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी रियर एडमिरल राजेश धनखड़ ने 11 नवम्बर, 2023 को सामरिक दृष्टि से अहम नौसेना के पूर्वी बेड़े की कमान सँभाल ली।
- रियर एडमिरल गुरचरण सिंह ने विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में एक पारम्परिक समारोह के दौरान उन्हें पूर्वी नौसेना कमान की स्वॉर्ड आर्म सुपुर्द की।
- रियर एडमिरल धनखड़ ने नौसेना में 33 वर्षों के अपने शानदार कॅरियर के दौरान युद्धपोत पांडिचेरी, गोदावरी, कोरा और मैसूर पर विशेष सेवाएँ प्रदान की हैं।
- नौसंचालन तथा प्रशासनिक निर्देशन के विशेषज्ञ फ्लैग ऑफिसर राजेश धनखड़ 1 जुलाई, 1990 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।

## भारत अन्तर्राष्ट्रीय चीनी संगठन का अध्यक्ष बना

- अन्तर्राष्ट्रीय चीनी संगठन (ISO—International Sugar Organization) ने 63वीं परिषद् बैठक का आयोजन 24 नवम्बर, 2023 को किया। इसमें ISO ने भारत को वर्ष 2024 के लिए ऑर्गेनाइजेशन का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।
- यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और सबसे बड़ा उपभोक्ता है।
- ISO का उद्देश्य चीनी के वैश्विक व्यापार, मानक, प्रबंधन और सुरक्षा को समन्वित करना है।
  - ✓ *भारत की अध्यक्षता में, ISO के सदस्यों को चीनी की समस्याओं पर सहमति बनाने, समाधान ढूँढ़ने और सहयोग करने का अवसर मिलेगा।*

### *Salient Point...*

- भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता और दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
- भारत की प्रतिवर्ष औसत घरेलू चीनी खपत लगभग 278.5 लाख टन है।
- देश में 394 लाख मीट्रिक टन सालाना चीनी का उत्पादन किया जाता है।
- ग्लोबल मार्केट में भारत की 15% हिस्सेदारी चीनी खपत और चीनी उत्पादन में 20% हिस्सेदारी है।
- ISO में 87 देश शामिल हैं, जिसका मुख्यालय लंदन में स्थित है।

### अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **संतोष कुमार झा** : अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड; नियुक्ति : नवम्बर 2023
- **पल्लवी जैन गोविल** : महानिदेशक, हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय); नियुक्ति : नवम्बर 2023
- **मनोरंजन मिश्रा** : कार्यकारी निदेशक (ईडी), भारतीय रिजर्व बैंक; नियुक्ति : नवम्बर 2023

# भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्तियों की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

## शकुंतला एल भाया : संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रशासनिक सम्मेलन की सदस्य नियुक्त

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी मूल की शकुंतला एल भाया को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रशासनिक सम्मेलन की परिषद् के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति 15 नवम्बर, 2023 को की गई है।




शकुंतला एल भाया

- भाया एक जानी-मानी कानूनी कम्पनी की सह-मालिक हैं और उनका काम उन व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने पर केन्द्रित है, जो व्यवसायों और असुरक्षित निर्णय लेने के कारण गंभीर मुश्किलों में घिर जाते हैं।
- भाया डेलावेयर की राजनीति में भी बहुत सक्रिय हैं और वह वर्तमान में डेलावेयर डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति की सदस्य हैं।

**Know The Facts** : संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रशासनिक सम्मेलन (एसीयूएस), संयुक्त राज्य सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी है। इसकी स्थापना वर्ष 1964 में प्रशासनिक सम्मेलन अधिनियम के तहत् हुई थी।

## गिरीश चन्द्र मुर्मु यूएन लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष बने


गिरीश चन्द्र मुर्मु

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) गिरीश चन्द्र मुर्मु वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल के उपाध्यक्ष चुने गए हैं।
- उनका चयन बाहरी ऑडिट के प्रति उच्चतम मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक ऑडिट परिदृश्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका को रेखांकित करता है।
- कनाडा, चिली, फ्रांस, चीन, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, फिलीपींस, रूस, स्विट्जरलैण्ड और ब्रिटेन के प्रतिनिधियों वाला यह पैनल संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, फण्ड, कार्यक्रमों और विशेष एजेंसियों के ऑडिट करता है।
- उल्लेखनीय है कि गिरीश चन्द्र मुर्मू मई 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के बाहरी लेखा-परीक्षक (एक्सटर्नल ऑडिटर) चुने गए थे।

## प्रशासनिक और बजटीय प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र सलाहकार समिति में सेवा देने के लिए सुरेंद्र अधाना का पुनः चयन

- वरिष्ठ भारतीय राजनयिक सुरेन्द्र अधाना को 2024-26 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र के तहत् स्थायी मिशन में 'प्रशासनिक और बजटीय प्रश्नों पर सलाहकार समिति' (ACABQ) में सेवा देने के लिए फिर से चुना गया है।
- सलाहकार समिति व्यापक भौगोलिक प्रतिनिधित्व के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा चुने गए 21 सदस्यों की एक विशेषज्ञ समिति है।
- इसके सदस्य व्यक्तिगत क्षमता से काम करते हैं न कि सदस्य देशों के प्रतिनिधि के रूप में।
- इसका प्रमुख कार्य संयुक्त राष्ट्र महासचिव की ओर से महासभा को प्रस्तुत बजट की जाँच एवं रिपोर्ट करना, महासभा को संदर्भित किसी भी प्रशासनिक एवं बजटीय मामले पर सलाह देना, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की वित्तीय व्यवस्था के प्रस्तावों की जाँच करना और संयुक्त राष्ट्र एवं उसकी एजेंसियों के खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना और महासभा को रिपोर्ट करना है।

# अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

## डेविड केमरन : ब्रिटेन के विदेश मंत्री नियुक्त

- ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कैबिनेट में जेम्स क्लेवरली (James Cleverly) के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन (David Cameron) को ब्रिटेन का नया विदेश मंत्री बनाया गया है।
- वहीं ऋषि सुनक ने गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त करते हुए उनके स्थान पर जेम्स क्लेवरली को ब्रिटेन का गृह मंत्री नियुक्त किया है।
- डेविड कैमरन 2010 से 2016 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे और 2005 से 2016 तक उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व किया था।
  - ✓ *57 वर्षीय कैमरन ने 'ब्रेक्जिट' (यूरोपीय संघ से अलग होने पर) जनमत संग्रह के मद्देनजर हारने के बाद वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।*

## स्पेन के दोबारा प्रधानमंत्री बने पेड्रो सांचेज

- स्पेन के कार्यवाहक प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज (Pedro Sánchez) को 16 नवम्बर, 2023 को दोबारा प्रधानमंत्री निर्वाचित किया गया है। इसके साथ ही उनके लिए नई वामपंथी गठबंधन सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है।
  - ✓ *वह एक समाजवादी (स्पेनिश सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी) नेता हैं।*
- वोटिंग में केवल दक्षिणपंथी विपक्षी प्रतिनिधियों ने ही उनके खिलाफ वोट किया।
- हाल ही में सांचेज ने दो कैटलन अलगाववादी पार्टियों समेत छह छोटी पार्टियों का समर्थन हासिल किया, जिससे वह दोबारा चुने गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई, 2023 को स्पेन के राष्ट्रीय चुनाव में खंडित जनादेश मिला था, जिसके बाद से ही ये सारी कवायद चल रही थी।

**Know The Facts** : यूरोपीय देश स्पेन की राजधानी मैड्रिड तथा आधिकारिक मुद्रा यूरो (€) है।

**नवम्बर 2023 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री**

- **रूसेल ड्लमिनी (Russell Dlamini)** : प्रधानमंत्री, एस्वातीनी (पद ग्रहण : 3 नवम्बर, 2023)।
- **नादिर लरबॉरी (Nadir Larbaoui)** : प्रधानमंत्री, अल्जीरिया (पद ग्रहण : 11 नवम्बर, 2023)।
- **लूक फ्राइडेन (Luc Frieden)** : प्रधानमंत्री, लक्जमबर्ग (पद ग्रहण : 17 नवम्बर, 2023)।
- **डेनियल नोबोआ (Daniel Noboa)** : राष्ट्रपति, इक्वाडोर (पद ग्रहण : 23 नवम्बर, 2023)।
- **क्रिस्टोफर लक्सन (Christopher Luxon)** : प्रधानमंत्री, न्यूजीलैण्ड (पद ग्रहण : 27 नवम्बर, 2023)।

# निधन

## सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश फातिमा बीबी का निधन

- सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल फातिमा बीवी का 23 नवम्बर, 2023 को 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
  - ✓ *वह किसी भी सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला न्यायाधीश भी थीं।*

- फातिमा बीवी का जन्म 30 अप्रैल, 1927 को केरल के ट्रावनकोर साम्राज्य के पाठनमित्ता गाँव में हुआ था।
- वह अक्टूबर 1989 में सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनीं थीं तथा 29 अप्रैल, 1992 को वह सेवानिवृत्त हुईं।
- सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने 1993-97 तक राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य के रूप में कार्य किया।
- वह 25 जनवरी, 1997 से 3 जुलाई, 2001 तक तमिलनाडु की राज्यपाल रहीं।


फातिमा बीवी

## डॉ. एस एस बद्रीनाथ का निधन

- भारत के सबसे बड़े चेरिटेबल आई हॉस्पिटल 'शंकर नेत्रालय' के संस्थापक डॉ. सेंगामेदु श्रीनिवास बद्रीनाथ का 21 नवम्बर, 2023 को चेन्नई में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।
- डॉ. बद्रीनाथ ने वर्ष 1978 में शंकर नेत्रालय की स्थापना चेन्नई में की थी। नेत्रालय में रोजाना लगभग 1200 मरीज आते हैं, और रोज 100 से ज्यादा आई सर्जरी की जाती हैं।
- उन्हें वर्ष 1983 में पद्मश्री और वर्ष 1999 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### नवम्बर 2023 में दिवंगत हुई हस्तियाँ

- **राजकुमार कोहली** : भारतीय फिल्म निर्माता (निधन : 24 नवम्बर, 2023); आयु : 93 वर्ष
  - ✓ *हिंदी सिनेमा में राजकुमार कोहली को नागिन, जानी दुश्मन, नौकर बीवी का, बदले की आग, मुकाबला और राज तिलक जैसी कई बेतरीन मूवीज के लिए जाना जाता है।*
- **पी वलसाला** : प्रसिद्ध मलयालम लेखिका (निधन : 21 नवम्बर, 2023); आयु : 85 वर्ष
  - ✓ *लघु कथाकार पी वलसाला ने लगभग 20 उपन्यास और 300 से अधिक लघु कहानियों की रचना की।*
- **रोज़लिन कार्टर** : पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर की पत्नी (निधन : 19 नवम्बर, 2023); आयु : 96 वर्ष
  - ✓ *पूर्व अमेरिकी प्रथम महिला रोज़लिन कार्टर को अक्सर 'स्टील मैगनोलिया' कहा जाता है।*
  - ✓ *रोज़लिन और जिमी कार्टर ने सबसे लम्बे समय तक विवाहित अमेरिकी राष्ट्रपति जोड़े के रूप में इतिहास रचा।*
- **संजय गढ़वी** : भारतीय फिल्म निर्देशक (निधन : 19 नवम्बर, 2023); आयु : 56 वर्ष
  - ✓ *उन्हें यशराज फिल्म्स की 'धूम' सीरीज की फिल्मों 'धूम' (2004) और 'धूम 2' (2006) के निर्देशन के लिए जाना जाता है।*
- **सुसान बायट** : ब्रिटिश उपन्यासकार (निधन : 16 नवम्बर, 2023); आयु : 87 वर्ष
  - ✓ *उनकी पुस्तक 'पोज़िशन : ए रोमांस' के लिए उन्हें 1990 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*
- **एस. वेंकटरमणन** : भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर (निधन : 18 नवम्बर, 2023); आयु : 92 वर्ष
  - ✓ *एस. वेंकटरमणन ने आरबीआई के 18वें गवर्नर के रूप में 22 दिसम्बर, 1990 से 21 दिसम्बर, 1992 तक कार्य किया। वह भारत के वित्त सचिव भी रहे।*
- **बीएन गोस्वामी** : मशहूर कला समीक्षक और इतिहासकार और लेखक (निधन : 17 नवम्बर, 2023); आयु : 90 वर्ष
  - ✓ *पद्मश्री (1998) और पद्मभूषण (2008) से सम्मानित।*
  - ✓ *इन्हें पहाड़ी शैली की चित्रकला में उनके काम के लिए जाना जाता है।*
- **एन शंकरैया** : प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और देश के अनुभवी कम्यूनिस्ट नेता (निधन : 15 नवम्बर, 2023); आयु : 85 वर्ष
  - ✓ *मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के संस्थापक सदस्य।*
- **सुब्रत रॉय** : सहारा इंडिया ग्रुप के प्रमुख (निधन : 14 नवम्बर, 2023; मुम्बई); आयु : 75 वर्ष
  - ✓ *सुब्रत रॉय का जन्म 10 जून, 1948 को बिहार के अररिया के एक बंगाली परिवार में हुआ था।*
  - ✓ *वह सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष थे। उन्हें 'सहाराश्री' के नाम से भी जाना जाता था।*
  - ✓ *सुब्रत रॉय ने वर्ष 1978 में सहारा इंडिया परिवार की स्थापना की थी। उनका कारोबार मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़, एयरलाइन और रियल एस्टेट तक फैला था।*
  - ✓ *सहारा ग्रुप कई वर्षों तक भारतीय क्रिकेट टीम का भी स्पॉन्सर रहा था।*
  - ✓ *सुब्रत रॉय पर उनकी दो कंपनियों में नियमों के खिलाफ लोगों से पैसे निवेश करवाने का आरोप लगा था, इसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।*
- **लाला केदारनाथ अग्रवाल** : मिठाई और स्नेक्स कम्पनी बीकानेरवाला के संस्थापक (निधन : 13 नवम्बर, 2023); आयु : 75 वर्ष
- **गिवे पटेल** : प्रसिद्ध नाटककार, कवि, चित्रकार और विचारक (निधन : 3 नवम्बर, 2023; पुणे); आयु : 83 वर्ष
- **शरत बरकोटोकी** : कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता और असम सरकार के पूर्व मंत्री (निधन : 30 अक्टूबर, 2023; पुणे); आयु : 88 वर्ष।

# चर्चित व्यक्ति

## सौरव गांगुली : प. बंगाल के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली को बंगाल का ब्रांड एंबेसडर नवम्बर 2023 में नियुक्त किया है।
- ममता बनर्जी ने कोलकाता में द बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में यह घोषणा की।

✓ *इस समिट में राज्य के आर्थिक दृष्टिकोण को नया आकार देने के लिए महत्वाकांक्षी नीतियों का अनावरण किया गया था।*

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इससे पहले बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रह चुके हैं।

### OpenAI में सैम और ग्रेग की वापसी

- OpenAI कम्पनी ने हाल ही में निष्कासित किए कम्पनी के को-फाउंडर सैम ऑल्टमैन (Sam Altman) और ग्रेग ब्रॉकमैन (Greg Brockman) की वापिसी की घोषणा 22 नवम्बर, 2023 को की है।
- सैम की सीईओ और ग्रेग की प्रेसिडेंट के तौर पर वापसी के लिए नया बोर्ड बनाया गया है।

**क्या था घटनाक्रम?**

- OpenAI के पिछले बोर्ड ने 17 नवम्बर, 2023 को दोनों को नौकरी से निकाल दिया था और मीरा मुराति को अंतरिम CEO बनाया था।
- 18 नवम्बर, 2023 को सैम को निकाले जाने के बाद OpenAI के कई कर्मचारियों और इन्वेस्टर्स ने उन्हें वापिस लाने के लिए बोर्ड पर दबाव बनाया।
  - ✓ *सैम की वापिसी के लिए OpenAI के 700 में से 505 एम्प्लॉइज ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की धमकी दी थी।*
  - ✓ *एम्प्लॉइज के कम्पनी के खिलाफ विरोध के बाद पुराने बोर्ड को हटाकर नया बोर्ड बनाया, जिसने सैम और ब्रॉकमैन की वापिसी पर मुहर लगाई है।*

***Salient Point...***

➢ OpenAI ने नवम्बर 2022 में दुनिया के लिए ChatGPT रिवील किया था, इस AI टूल ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की है।

➢ म्यूजिक और पोएट्री लिखने से लेकर निबंध लिखने तक, ChatGPT बहुत सारे काम कर सकता है। यह एक कन्वर्सेशनल AI है, जो आपको इंसानों की तरह जवाब देता है।

## चर्चित स्थल

### आइसलैंड में 14 घंटों में 800 भूकंप

- आइसलैंडिक मौसम विज्ञान कार्यालय (IMO) की 12 नवम्बर, 2023 की रिपोर्ट के अनुसार आइसलैंड में 14 घंटों के भीतर 800 भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनके केन्द्र 3 से 3.5 किमी. तक की गहराई पर थे।
- इनमें सबसे बड़े झटके की तीव्रता 5.2 रही।
- उल्लेखनीय है कि आइसलैंड में हर साल लगभग 26,000 भूकंप आते हैं। आइसलैंड में अब तक का सबसे बड़ा भूकंप 1784 में आया था. इसकी तीव्रता 7.1 थी।

### उलिहातू

- झारखण्ड राज्य का 'उलिहातू गाँव' भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की इस जन्मस्थली का दौरा करने वाले प्रथम प्रधानमंत्री बन गए हैं।
- प्रधानमंत्री ने इस गाँव का दौरा 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 15 नवम्बर, 2023 को किया था।

## दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, पंजाब, केरल, तमिलनाडु व आन्ध्र प्रदेश के स्थापना दिवस** : 1 नवम्बर
- **पुदुचेरी का मुक्ति दिवस :** 1 नवम्बर
- **विश्व शाकाहारी दिवस** (World Vegan Day): 1 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व शाकाहारी दिवस की थीम** : 'Celebrating for a Good Cause'।*
- **जोजिला दिवस** : 1 नवम्बर
  - ✓ *जम्मू-कश्मीर में द्रास के पास जोजिला युद्ध स्मारक पर 1 नवम्बर, 2023 को जोजिला दिवस मनाया गया।*
- **पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 2 नवम्बर
- **विश्व सुनामी जागरूकता दिवस** : 5 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व सुनामी जागरूकता दिवस की थीम** : 'लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ना'।*
- **युद्ध और सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण के शोषण को रोकने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 6 नवम्बर
- **राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस** : 7 नवम्बर
- **शिशु संरक्षण दिवस** : 7 नवम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस** : 8 नवम्बर
- **विश्व शहरीकरण दिवस** : 8 नवम्बर
- **राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस** : 9 नवम्बर
  - ✓ *'राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस' (NLSD) की शुरुआत पहली बार वर्ष 1995 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब एवं कमज़ोर वर्गों को सहायता एवं समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी।*
- **उत्तराखण्ड का स्थापना दिवस** : 9 नवम्बर
- **शांति एवं विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस** : 10 नवम्बर
- **आयुर्वेद दिवस** : 10 नवम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 में (8वाँ) आयुर्वेद दिवस 10 नवम्बर को मनाया गया।*
  - ✓ *इस दिन की थीम **'आयुर्वेद फ़ॉर वन हेल्थ'** थी।*
  - ✓ *इस अवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार' कार्यक्रम में आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए **राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कारों** की घोषणा की गई। यह विशेष सम्मान वैद्य आरएम अवहाद, वैद्य पीवी दमानिया, वैद्य एल महादेवन सरमा को प्रदान किए गए।*
  - ✓ *आयुर्वेद दिवस, प्रतिवर्ष धनवंतरि जयंती (धनतेरस) के दिन मनाया जाता है। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेदिक चिकित्सा के देवता हैं।*

- **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस** : 11 नवम्बर
  - ✓ *भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म-दिवस को 11 नवम्बर, 2008 से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में देश में मनाया जा रहा है।*
  - ✓ ***वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की थीम :** 'एक सतत भविष्य के लिए अभिनव शिक्षा' है।*
- **विश्व उपयोगिता दिवस** : 12 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के लिए इस दिवस की थीम :** 'Collaboration and Co-operation' है।*
- **लोक सेवा प्रसारण दिवस** : 12 नवम्बर
- **विश्व निमोनिया दिवस** : 12 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व निमोनिया दिवस की थीम** : 'Championing the fight to stop pneumonia' ।*
- **विश्व दयालुता दिवस** (World Kindness Day) : 13 नवम्बर
- **विश्व मधुमेह दिवस** (World Diabetes Day) : 14 नवम्बर
  - ✓ ***विश्व मधुमेह दिवस 2023 की थीम** : 'एक्सेस टू डायबिटीज केयर'*
- **बाल दिवस** : 14 नवम्बर
  - ✓ *भारत के पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।*
- **झारखण्ड का स्थापना दिवस** : 15 नवम्बर
- **जनजातीय गौरव दिवस** : 15 नवम्बर
  - ✓ *इस दिन को आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिसे भगवान बिरसा के नाम से भी जाना जाता है।*
- **तीसरा लेखा परीक्षा दिवस (ऑडिट डे)** : 16 नवम्बर
  - ✓ *नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) संस्था की ऐतिहासिक शुरुआत और पिछले कई वर्षों में शासन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही में इसके योगदान को रेखांकित करने के लिए लेखा परीक्षा दिवस मनाया जा रहा है।*
- **राष्ट्रीय प्रेस दिवस** : 16 नवम्बर
  - ✓ *राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य देश में आम लोगों को प्रेस के बारे में जागरूक करना और उनको प्रेस के नजदीक लाना है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस** : 16 नवम्बर
- **विश्व दर्शन दिवस** (World Philosophy Day) : 16 नवम्बर
  - ✓ *प्रतिवर्ष नवम्बर माह के तीसरे गुरुवार को यूनेस्को के नेतृत्व में यह दिवस मनाया जाता है।*
- **राष्ट्रीय मिर्गी रोग दिवस** : 17 नवम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय छात्र दिवस :** 17 नवम्बर
- **छठवाँ राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस** (National Naturopathy Day) : 18 नवम्बर
- **बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम व उपचार के लिए विश्व दिवस** : 18 नवम्बर
  - ✓ *प्रत्येक वर्ष 18 नवम्बर को बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
  - ✓ *संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 7 नवम्बर, 2022 को एक रेजलूशन लाकर इसकी घोषणा की थी।*
- **पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म-दिवस** : 19 नवम्बर
- **विश्व शौचालय दिवस** (World Toilet Day) : 19 नवम्बर
  - ✓ **वर्ष 2023 के 'विश्व शौचालय दिवस' की थीम :** *'त्वरित परिवर्तन'।*
- **सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की स्मृति का विश्व दिवस** : 19 नवम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह के तीसरे रविवार को मनाया जाता है।*
- **विश्व बाल दिवस** (World Children's Day) : 20 नवम्बर
  - ✓ *भारत में 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है।*
- **विश्व मत्स्य दिवस** (World Fisheries Day): 21 नवम्बर
- **विश्व टेलीविजन दिवस** : 21 नवम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के लिए थीम है, '**Accessibility**'।*
  - ✓ *इस थीम का मतलब है कि 'टीवी सभी के लिए सुलभ हो'।*
- **राष्ट्रीय काजू दिवस** : 23 नवम्बर
  - ✓ *राष्ट्रीय काजू दिवस प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को मनाया जाता है।*
  - ✓ *भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन एक संगठन, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने 23 नवम्बर, 2023 को राष्ट्रीय काजू दिवस पर बांग्लादेश, कतर, मलेशिया और अमेरिका के लिए काजू निर्यात किया।*
- **गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस** : 24 नवम्बर
  - ✓ *24 नवम्बर को सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर की शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
- **महिलाओं के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस** : 25 नवम्बर
- **संविधान दिवस** : 26 नवम्बर
  - ✓ *26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था, जिसके उपलक्ष्य में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। हालांकि इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था।*
  - ✓ *पहला संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2015 को मनाया गया।*
- **राष्ट्रीय दुग्ध दिवस** : 26 नवम्बर
  - ✓ *भारत में 'श्वेत क्रांति' के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय दुग्ध दिवस' के रूप में मनाया जाता है।*
- **गुरु नानक देव जयंती** : 27 नवम्बर
  - ✓ *गुरु नानक जी सिख धर्म के संस्थापक और पहले सिख गुरु थे। उनकी जयंती हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन विश्वभर में मनाई जाती है।*
  - ✓ *इस वर्ष उनकी 554वीं जयंती मनाई गई। इसे 'प्रकाश उत्सव' या 'गुरु परब' भी कहा जाता है।*

### विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का स्थापना दिवस :** 1 नवम्बर
  - ✓ *1 नवम्बर, 2023 को ईपीएफओ ने अपना 71वाँ स्थापना दिवस मनाया।*
- **इंजीनियरी कोर का स्थापना दिवस :** 18 नवम्बर
  - ✓ *भारतीय सेना ने 18 नवम्बर, 2023 को इंजीनियरी कोर का 243वाँ स्थापना दिवस मनाया।*

### महत्वपूर्ण सप्ताह

- **सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023** (Vigilance Awareness week) : 30 अक्टूबर-5 नवम्बर
  - ✓ ***इस सप्ताह का विषय था***–*' भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें'।*
- **विज्ञान और शांति का अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह 2023 :** 9-14 नवम्बर
- **विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह 2023** : 18-24 नवम्बर
  - ✓ **वर्ष 2023 के विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह की थीम** *: 'रोगाणुरोधी प्रतिरोध को एक साथ रोकना'।*
- **राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 2023** : 15-21 नवम्बर
- **विश्व विरासत सप्ताह 2023** : 19-25 नवम्बर
  - ✓ ***विश्व विरासत सप्ताह 2023 की थीम*** *'विरासत परिवर्तन' या 'हेरिटेज चेंज' है।*
- **साम्प्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह (कौमी एकता सप्ताह) 2023** : 19-25 नवम्बर

## चर्चित पुस्तकें

- एलन मस्क (Elon Musk) **–वाल्टर इसाकसन**
- हेरी पोटर्स एण्ड द प्रिजनर ऑफ एज़्काबान (Harry Potter and the Prisoner of Azkaban) **–जे.के. रॉलिंग**
- द वुमन इन मी (The Women in me) **–ब्रिटनी स्पियर्स**
- मोदी : द चैलेंज ऑफ 2024 (MODI: The Challenge of 2024) **–मिनहाज़ मर्चेंट**
- थ्रेड बाय थ्रेड ऑन द लाइफ ऑफ शंभू कुमार कासलीवाल (Thread By Thread on the life of Shambhu Kumar Kasliwal) **–सत्या सरन**


## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023

- विश्व मत्स्य दिवस (21 नवम्बर) के अवसर पर 'वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023' (जीएफ़सी-2023) का आयोजन 21-22 नवम्बर, 2023 को अहमदाबाद में किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने किया।
- इस सम्मेलन की थीम **'मत्स्य पालन और जलीय कृषि संपदा का जश्न'** थी।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य देश में मत्स्य पालन क्षेत्र में स्टार्ट-अप और उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देना था।
- सम्मेलन में अधिक से अधिक टेक्नोलॉजी इनोवेशन अपनाने की अपील की गई।

### गुजरात ने घोल मछली को राज्य फिश घोषित किया

- 'वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023' के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने 'घोल मछली' को **गुजरात की राज्य मछली** घोषित किया।
- यह भारत में पाई जाने वाली सबसे बड़ी मछलियों में से एक है। इस मछली की कीमत लगभग ₹5 लाख तक होती है।



**घोल मछली**

- सुनहरे-भूरे रंग की यह मछली भारत में महाराष्ट्र और गुजरात के समुद्री इलाकों में पाई जाती है।
- यह मछली अपने माँस और एयर ब्लैडर के कारण काफी माँग में रहती है, जिसका इस्तेमाल बियर और वाइन बनाने के लिए किया जाता है। इसके एयर ब्लैडर का उपयोग फार्मास्युटिकल्स में भी किया जाता है।

### अन्य सम्मेलन : एक नजर में

- **37वें इन्फेंट्री कमांडर्स सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 14-15 नवम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: इन्फ्रेंट्री स्कूल, महू (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु*** *: इस द्विवार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने की।*
    - *इस सम्मेलन में इन्फ़ेंट्री के सामने आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने की तैयारी पर कई अहम् फ़ैसले लिए गए।*
- **वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन फॉर एनिमल हेल्थ का सम्मेलन**
  - ✓ ***वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन फॉर एनिमल हेल्थ (WOAH) के एशिया और प्रशान्त क्षेत्रीय आयोग का 33वाँ सम्मेलन***
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 13-15 नवम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: नई दिल्ली*
  - ✓ ***सम्मेलन का उद्देश्य*** *: पशु चिकित्सा सेवाओं को बेहतर ढंग से विकसित करना है।*
  - ✓ ***अन्य बिन्दु*** *:*
    - *WOAH प्रत्येक दो वर्ष में सदस्य देशों में से किसी एक देश में सम्मेलन आयोजित करता है।*

- **वॉयस ऑफ़ ग्लोबल साउथ समिट (VOGSS)**
  - ✓ ***संस्करण :*** *दूसरा (वर्चुअल तौर पर)*
  - ✓ ***आयोजन तिथि :*** *17 नवम्बर, 2023*
  - ✓ ***उद्घाटन :*** *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा*
  - ✓ ***विषय :*** *उद्घाटन सत्र 'टुगैदर, फॉर एवरीवन्स ग्रोथ, विद एवरीवन्स ट्रस्ट' पर केन्द्रित था, जबकि समापन सत्र में 'ग्लोबल साउथ : टुगेदर फॉर वन फ्यूचर' पर ज़ोर दिया गया।*
- **चौथा गोवा समुद्री सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि :*** *29-31 अक्टूबर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल :*** *नेवल वॉर कॉलेज, गोवा*
  - ✓ ***मुख्य विषय :*** *हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा : सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को सहयोगात्मक शमन ढाँचे में परिवर्तित करना'*
  - ✓ ***प्रतिभाग :*** *सम्मेलन में कोमोरोस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, म्याँमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैण्ड सहित 12 हिंद महासागर देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*
  - ✓ ***अन्य बिन्दु :***
    - ⌖ *यह सम्मेलन भारतीय नौसेना की आउटरीच पहल है।*
    - ⌖ *इस द्विवार्षिक कार्यक्रम के पिछले संस्करण 2017, 2019 और 2021 में आयोजित किए गए थे।*
- **भारतीय जल प्रभाव सम्मेलन-2023 (IWIS)**
  - ✓ ***संस्करण :*** *आठवाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि :*** *22-24 नवम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल :*** *डॉ. अंबेडकर अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली*
  - ✓ ***मुख्य विषय :*** *'भूमि, जल और नदियों के साथ विकास'*
  - ✓ ***उद्घाटन :*** *केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।*
  - ✓ ***अन्य बिन्दु :***
    - ⌖ *इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) और गंगा नदी बेसिन प्रबंधन एवं अध्ययन केन्द्र (सीगंगा) ने किया था।*

**आगामी सम्मेलन : एक नजर में**

- **भारत अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024**
  - ✓ ***संस्करण :*** *9वाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि :*** *17-20 जनवरी, 2024*
  - ✓ ***आयोजन स्थल :*** *फरीदाबाद (हरियाणा)*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय (Theme):*** 'अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक लोकसंपर्क (*Science and Technology Public Outreach in Amrit Kaal*)'
  - ✓ ***अन्य बिन्दु :***
    - ⌖ *वर्ष 2015 से शुरू हुए इस कार्यक्रम का अब तक 8 संस्करणों का आयोजन भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हो चुका है।*

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## भारत-नेपाल सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण'

- भारत और नेपाल के मध्य सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण' का 17वाँ संस्करण 24 नवम्बर, 2023 को उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ में शुरू हुआ।
- 14 दिवसीय इस अभ्यास में 334 सैन्य कर्मियों वाली नेपाल सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 'तारा दल बटालियन' तथा 354 सैन्य कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 'कुमाऊँ रेजिमेंट' कर रही है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करना और दो पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों को बढ़ावा देना है।

***Salient Point...***

⌖ यह एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। इससे पहले यह अभ्यास 16-29 दिसम्बर, 2022 को नेपाल के सलझंडी के नेपाल आर्मी बैटल स्कूल में आयोजित किया गया था।

## भारत और श्रीलंका का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2023'

- भारत और श्रीलंका के संयुक्त सैन्य अभ्यास का 9वाँ संस्करण 16-29 नवम्बर, 2023 के दौरान महाराष्ट्र में पुणे के औध में सम्पन्न हुआ।
- इस युद्ध अभ्यास का नाम **'मित्र शक्ति-2023'** रखा गया है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के चेप्टर 7 के तहत् उप पारंपरिक संचालन का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।
- भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के 120 सैनिकों द्वारा तथा श्रीलंकाई पक्ष का प्रतिनिधित्व 53 इन्फैंट्री डिवीजन के सैनिकों द्वारा किया गया।
- इस दौरान दोनों पक्षों ने छापेमारी, खोज और मिशन को नष्ट करने, हेलिबोर्न ऑपरेशन आदि जैसी सामरिक कार्रवाइयों का अभ्यास किया।

**Know The Facts :** भारतीय सेना और श्रीलंकाई सेना के बीच मित्रशक्ति युद्धाभ्यास का 8वाँ संस्करण 4-16 अक्टूबर 2021 को कॉम्बैट ट्रेनिंग स्कूल, अम्पारा में हुआ था।

## भारत-पाक सीमा पर तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'त्रिशक्ति प्रहार'

- भारत की तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'त्रिशक्ति प्रहार' 13 नवम्बर, 2023 को भारत-पाकिस्तान सीमा पर राजस्थान के जैसलमेर में शुरू हुआ।
- 13 दिन तक चले इस युद्धाभ्यास में आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के करीब 30 हजार सैनिकों ने भाग लिया।

- इस अभ्यास में आर्मी के टी-90 एस और अर्जुन टैंक, हॉवित्जर, हेलिकॉप्टर हथियार सहित लड़ाकू विमान, अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे, हेवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर और नेवी के विभिन्न विमान शामिल थे।
- युद्धाभ्यास के दौरान खुफिया, निगरानी व टोही विमान से लंबी दूरी के हमले जैसी विभिन्न क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

## भारत-अमेरिका का संयुक्त अभ्यास 'वज्र प्रहार'

- भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष सशस्त्र बल अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' का 14वाँ संस्करण 21 नवम्बर, 2023 को मेघालय के उमरोई छावनी के संयुक्त प्रशिक्षण स्थल में शुरू हुआ।
  - ✓ *यह अभ्यास 11 दिसम्बर, 2023 तक चलेगा।*
- अमेरिका के सैन्य दल का प्रतिनिधित्व अमेरिकी विशेष बलों के पहले विशेष बल समूह (SFG) के सैनिकों द्वारा किया गया। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व पूर्वी कमान के विशेष बल के जवानों द्वारा किया गया।
- वज्र प्रहार युद्ध अभ्यास भारतीय सेना और अमरीका की सेना की विशेष टुकड़ियों के बीच आयोजित होने वाला एक संयुक्त अभ्यास है।
- इसका उद्देश्य संयुक्त कार्यक्रम योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों तथा उत्कृष्ट अनुभवों को साझा करना है।

**Salient Point...**

- ➢ इस युद्धाभ्यास के पहले संस्करण का आयोजन वर्ष 2010 में भारत में किया गया था।
- ➢ भारत-अमरीका संयुक्त विशेष सशस्त्र बल अभ्यास का 13वाँ संस्करण बकलोह (हिमाचल प्रदेश) के विशेष बल प्रशिक्षण केंद्र (एसएफटीएस) में आयोजित किया गया था।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्रहिंद-23'

- भारत-ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्रहिंद-23' केदूसरे संस्करण के लिए 81 कर्मियों वाला भारतीय सशस्त्र बल का दस्ता 22 नवम्बर, 2023 को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ।
- यह अभ्यास 6 दिसम्बर, 2023 तक पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा।
- भारतीय सेना के दल में गोरखा राइफल्स की एक बटालियन के 60 जवान शामिल हैं। 60 कर्मियों वाली ऑस्ट्रेलियाई सेना की टुकड़ी 13वीं ब्रिगेड से होगी।
- भारत की ओर से भारतीय नौसेना का एक अधिकारी और भारतीय वायु सेना के 20 कर्मी भी इसमें भाग लेंगे।
- ऑस्ट्रेलियाई दल में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना से 20-20 कर्मी शामिल होंगे।

**Salient Point...**

- ➢ 'अभ्यास ऑस्ट्रहिंद' वर्ष 2022 में शुरू किया गया था और पहला संस्करण महाजन, राजस्थान में आयोजित किया गया था।
- ➢ इसे भारत और ऑस्ट्रेलिया में वैकल्पिक रूप से आयोजित करने के लिए एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने की योजना है।

## 9वाँ राष्ट्रीय स्तर प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास

- भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 9वाँ राष्ट्रीय स्तर प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास (NATPOLREX-IX) 24-25 नवम्बर, 2023 को गुजरात के वाडिनार में आयोजित किया गया।
- भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल और राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिकता योजना (एनओएसडीसीपी) के अध्यक्ष ने अभ्यास के दौरान सभी एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की।

### अभ्यास का उद्देश्य

- समुद्रीं तेल रिसाव के दौरान विभिन्न संसाधन एजेंसियों के बीच तैयारियों और समन्वय का स्तर जाँचना।
- राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिकता योजना (NOSDCP) के प्रावधानों का उपयोग करना।

**Salient Point...**

- ➢ भारतीय तटरक्षक बल ने 7 मार्च, 1986 को भारत के समुद्री क्षेत्रों में समुद्री पर्यावरण की रक्षा के लिए जिम्मेदारियाँ सँभाली, जब यह जिम्मेदारियाँ जहाजरानी मंत्रालय से स्थानांतरित कर दी गईं।
- ➢ तत्पश्चात, तटरक्षक बल ने समुद्र में तेल रिसाव आपदा से निपटने के लिए NOSDCP स्थापित किया, जिसे वर्ष 1993 में सचिवों की समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- ➢ NOSDCP तैयार करने के अलावा, तटरक्षक बल ने मुंबई, चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर और वाडिनार में चार प्रदूषण प्रतिक्रिया केन्द्र (Pollution Response Centre) स्थापित किए हैं।

## भारत और बांग्लादेश की नौसेनाओं ने कॉरपेट और एक्स-बोंगोसागर अभ्यास किया

- भारत और बांग्लादेश की नौसेना के मध्य द्विपक्षीय अभ्यास का चौथा संस्करण बोंगोसागर-23 तथा दोनों देशों की नौसेनाओं द्वारा कॉर्डिनेटेड पेट्रोल-(समन्वित गश्ती-कॉरपेट) का 5वाँ संस्करण 7 से 9 नवम्बर, 2023 तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में संचालित किया गया।
- दोनों देशों की नौसेनाओं ने अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) के आस-पास संयुक्त गश्त की और बाद में इंटरऑपरेबिलिटी (अंतरसंचालनीयता) बढ़ाने के लिए समुद्री अभ्यास किया।
- भारतीय नौसेना के जहाज कुठार, किल्टान और समुद्री गश्ती विमान (MPA) डोर्नियर ने बांग्लादेश नौसेना के जहाज अबू बक्र, अबू उबैदा और MPA के साथ अभ्यास में भाग लिया।

**Salient Point...**

- ➢ आईएनएस कुठार एक स्वदेश निर्मित गाइडेड-मिसाइल कार्वेट है, जबकि आईएनएस किल्टान एक स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी कार्वेट है।
- ➢ दोनों जहाज विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा हैं।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## चीन ने दुनिया का सबसे तेज़ इंटरनेट लॉन्च किया

- चीन ने वैश्विक स्तर पर एक नई इंटरनेट सर्विस पेश की है, जो दुनिया की सबसे फास्ट इंटरनेट सर्विस है।
- इस इंटरनेट की स्पीड 1.2 टेराबाइट प्रति सेकंड (Tbps) है, जो कि मौजूदा इंटरनेट की स्पीड से 10 गुना ज़्यादा है।
- इस इंटरनेट सर्विस से यूज़र सेकंडों में 150 हाई-डेफ़िनिशन फ़िल्में ट्रांसफ़र कर सकते हैं।
- यह इंटरनेट सुविधा बीजिंग, वुहान और गुआंगजौ जैसे शहरों में ऑप्टिकल फाइबर केबलिंग के द्वारा 3,000 किलोमीटर तक पहुँची है।
- इस प्रोजेक्ट को सिंघुआ यूनिवर्सिटी, चाइना मोबाइल, हुआवेई टेक्नोलॉजीज और सेर्नेट कॉरपोरेशन ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

# विविध

## जम्मू-कश्मीर की किश्तवाड़ केसर को GI टैग मिला

- जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में उगाए जाने वाले केसर को भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री द्वारा भौगोलिक संकेत (GI) टैग मिला है। यह जानकारी किश्तवाड़ के डिप्टी कमिश्नर डॉ. देवांश यादव ने 21 नवम्बर, 2023 को दी।
- किश्तवाड़ केसर की जड़ें जम्मू के पहाड़ी इलाकों में स्थित सुरम्य किश्तवाड़ क्षेत्र में पाई जाती हैं।
- किश्तवाड़ केसर दुनिया का सबसे शुद्ध केसर है, यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 5 क्विंटल केसर का उत्पादन किया जाता है।
- किश्तवाड़ के केसर उत्पादन क्षेत्र को स्थानीय तौर पर **मंडल** कहा जाता है।
- केसर दुनिया का सबसे महँगा पौधा है, जिसकी खेती भारत में जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और पामपुर के क्षेत्रों में की जाती है। केसर की खेती भारत के अलावा स्पेन, इटली, तुर्किस्तान, ईरान और चीन में की जाती है।

**Know The Facts** : जीआई टैग किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित उत्पाद को दिया जाता है।

## इंटरनेशनल ट्यूरिज्म मार्ट 2023

- 11वें इंटरनेशनल ट्यूरिज्म मार्ट (ITM) 2023 का आयोजन 21-23 नवम्बर, 2023 को मेघालय की राजधानी शिलांग में किया गया।
  - ✓ *इंटरनेशनल ट्यूरिज्म मार्ट का आयोजन हर साल पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में किया जाता है।*
  - ✓ *शिलांग अपनी स्थापना के बाद से दूसरी बार इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।*
- इस आयोजन में घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय सहित लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इस आयोजन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना था।
- इंटरनेशनल ट्यूरिज्म मार्ट उत्तर-पूर्वी स्टेकहोल्डर्स के लिए घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों से जुड़ने का मौका देता है।

**Know The Facts** : इंटरनेशनल पर्यटन मार्ट के पूर्व संस्करण गुवाहाटी, तवांग, शिलांग, गंगटोक, अगरतला, इंफाल, कोहिमा और आइज़ोल में आयोजित किए जा चुके हैं।

## जम्मू-कश्मीर में ज्ञानोदय एक्सप्रेस रवाना

- जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 19 नवम्बर, 2023 को 'ज्ञानोदय एक्सप्रेस-कॉलेज ऑन व्हील्स' को रियासी जिले के कटड़ा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- ज्ञानोदय एक्सप्रेस, जम्मू-कश्मीर में शिक्षा में क्रांति लाने की एक अनूठी पहल है। यह रेलगाड़ी विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी और विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक तीर्थ यात्रा के रूप में काम करेगी।
- इसमें विद्यार्थी देश-भर का भ्रमण करेंगे, कई एजुकेशनल प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगे तथा हर राज्य की संस्कृति का अनुभव करेंगे।

***Salient Point...***

- ➢ 'कॉलेज ऑन व्हील्स' का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों के अनुरूप किया गया है।
- ➢ इसका लक्ष्य कौशल विकास की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे देश के युवा रोजगार प्रदाता की भूमिका अदा कर सकें।
- ➢ कॉलेज ऑन व्हील्स' में एक लाइब्रेरी है, जिसमें सभी स्टूडेंट्स के लिए बुक्स उपलब्ध हैं।

## आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अग्नि पहल' की शुरुआत

- आयुष मंत्रालय मंत्रालय के तहत् केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) ने 'आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल' (AGNI) शुरू की है।
- 'अग्नि' पहल, आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।
- इस पहल का मकसद आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणिकता और साक्ष्य आधारित विश्लेषण के आधार पर मुख्यधारा की चिकित्सा पद्धति बनाना है।
- इस पहल के तहत, आयुर्वेद चिकित्सकों को शैक्षिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में बेहतरी के लिए नवीन चिकित्सा पद्धतियों को योगदान देने, दस्तावेज़ीकरण करने और मान्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन की गई है।

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में भारत के किस शहर को 31 अक्टूबर, 2023 को शामिल किया गया है?
(A) ग्वालियर (B) कोझिकोड
(C) आगरा (D) A और B दोनों

2. 'विश्व बौद्धिक सम्पदा संकेतक रिपोर्ट 2023' में भारत के निवासियों द्वारा पेटेंट आवेदनों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई बताई गई है?
(A) 23.25% (B) 28.63%
(C) 31.6% (D) 34.5%

3. भारत और अन्य किस देश के मध्य 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता नई दिल्ली में 20 नवम्बर, 2023 को आयोजित की गई?
(A) जापान (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) रूस (D) ब्रिटेन

4. टाइम (TIME) मैगजीन ने नवम्बर 2023 के अंक में विश्व की सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाली किस महिला राष्ट्राध्यक्ष की कवर स्टोरी प्रदर्शित की है?
(A) मार्गरेट थेचर (B) इंदिरा गांधी
(C) एंजेला मर्केल (D) शेख हसीना

5. बीबीसी द्वारा नवम्बर 2023 में जारी वर्ष 2023 में दुनिया की सबसे प्रेरक और प्रभावशाली महिलाओं की सूची में किन भारतीयों को शामिल किया गया है?
(A) दीया मिर्जा व हरमनप्रीत कौर
(B) जेत्सुनमा तेनजिन पाल्मो व आरती कुमार राव
(C) एम. सी. मैरीकॉम व सुधा मूर्ति
(D) (A) और (B) सही हैं

6. 'एटीपी टूर फाइनल्स' के एकल का खिताब सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड कौनसी बार जीता है?
(A) 5वीं बार (B) 6वीं बार
(C) 7वीं बार (D) 8वीं बार

7. भारत और श्रीलंका के किस संयुक्त सैन्य अभ्यास का 9वाँ संस्करण 16-29 नवम्बर, 2023 को महाराष्ट्र में पुणे के औध में सम्पन्न हुआ?
(A) मित्र शक्ति-2023 (B) किरुवाती-2023
(C) अरुण जय- 2023 (D) इंडो-सियोल 2023

8. किसी वैश्विक कम्पनी के सीईओ के रूप में नियुक्त किए गए दुनिया के पहले एआई रोबोट को क्या नाम दिया गया है?
(A) मिका (B) सोफिया
(C) हैनसन (D) डिक्टाडोर

9. देशभर में 11 नवम्बर को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2023 के लिए इस दिवस की थीम क्या थी?
(A) राष्ट्रीय संस्कृति का आधार शिक्षा
(B) एक सतत भविष्य के लिए अभिनव शिक्षा
(C) सभी के लिए शिक्षा, सतत शिक्षा
(D) संस्कृति, सभ्यता, प्रगति, उन्नयन और शिक्षा

10. दोहा में आयोजित 'आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल' में भारत के लिए एकमात्र कांस्य पदक अनीश भानवाला ने किस स्पर्द्धा में जीता?
(A) 10 एयर राइफल
(B) 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल
(C) 50 मी. राइफल 3 पोजिशंस
(D) 50 मी. राइफल प्रोन

11. 'वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023' का आयोजन 21-22 नवम्बर, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) गांधीनगर (B) कोच्चि
(C) अहमदाबाद (D) भुवनेश्वर

12. डॉ सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' प्रदान किए जाने की घोषणा 22 नवम्बर, 2023 को की गई । वह यह पुरस्कार पाने वाले कौनसे भारतीय हैं?
(A) पहले भारतीय (B) दूसरे भारतीय
(C) तीसरे भारतीय (D) चौथे भारतीय

13. अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) के (13वें) क्रिकेट विश्व कप के सम्बन्ध में कौनसा युग्म सही नहीं है?
(A) टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन : विराट कोहली
(B) टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट : मोहम्मद शमी
(C) सर्वाधिक शतक लगाने वाला खिलाड़ीः विराट कोहली
(D) सर्वाधिक छक्के लगाने वाला खिलाड़ी : रोहित शर्मा

14. भारतीय नौसेना के लिए किस पनडुब्बी रोधी वॉरफेयर क्राफ्ट का जलावतरण तमिलनाडु के कट्टुपल्ली में 16 नवम्बर, 2023 को किया गया?
(A) अमिनी (B) सूरत
(C) मिनीकॉय (D) ब्रह्मा

15. 'मालिगयॉन्ग-1' किस देश का जासूसी उपग्रह है, जिसे कोलिमा-1 रॉकेट से 21 नवम्बर, 2023 को प्रक्षेपित किया गया?
(A) दक्षिण कोरिया (B) उत्तर कोरिया
(C) ताइवान (D) वियतनाम

16. बिहार विधानसभा द्वारा 'आरक्षण संशोधन बिल 2023' पारित किए जाने से इस राज्य में आरक्षण सीमा (ईडब्ल्यूएस सहित) 50% से बढ़कर कितनी हो गई है?
(A) 65 प्रतिशत (B) 68 प्रतिशत
(C) 75 प्रतिशत (D) 78 प्रतिशत

17. 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (FATF) ने निम्न में से किन देशों को अपनी 'ग्रे सूची' से हटा दिया है?
(A) केमैन आइलैंड्स व जार्डन (B) जार्डन व अल्बीनिया
(C) पनामा व अल्बीनिया (D) उपर्युक्त सभी

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C) | 3. (B) | 4. (D) | 5. (D) | 6. (C) |
| 7. (A) | 8. (A) | 9. (B) | 10. (B) | 11. (C) | 12. (D) |
| 13. (C) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (C) | 17. (D) | |